रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 15 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 264 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### चार महीनों बाद शर्तों पर हुई जीपी सिंह की रिहाई



रायपुर। निलंबित आइपीएस जीपी सिंह जेल से रिहा हो गए है। उनके रिहाई आर्डर लेकर पुलिस के साथ वकीलों की टीम जेल पहुंची थी। आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह के आरोप में पिछले 4 महीनों से जेल में बंद थे। रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद निलंबित एडीजी जीपी सिंह को अब रिहा कर दिया गया है। शनिवार की शाम वह जेल से बाहर आए। जेल परिसर में बाहर आते ही उन्होंने अपनी पत्नी को गले लगाया। पूरी फुर्ती से चलते हुए अपनी गाड़ी में बैठे और फौरन जेल परिसर से निकल गए। आय से अधिक संपत्ति के केस में गिरफ्तार आईपीएस और सस्पेंड एडीजी जीपी सिंह को हाईकोर्ट ने जमानत दी थी। बताया जा रहा है कि कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दी गई है। जीपी सिंह गिरफ्तारी के बाद करीब 120 दिन से जेल में बंद थे। उनपर राजद्रोह का मुकदमा भी चलाया जा रहा है। दोपहर के वक्त रायपुर अदालत की न्यायधीश लीना अग्रवाल की कोर्ट ने जमानत की दस्तावेजी के बाद रायपुर जेल से रिहाई का आदेश जारी कर दिया।

# लड़कियों ने मारी बाजी : रायगढ़ की सुमन 10वीं की स्टेट टॉपर, 12वीं में कुंती ने हासिल किया पहला स्थान

## अभूतपूर्व सफलता मिलने पर टॉपरों को दिनभर लगा रहा बधाई देने वालों का तांता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की मुख्य परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। जिसमें रायगढ़ जिले के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इस वर्ष के परिणामों में 10 वीं और 12 वीं दोनों कक्षाओं की प्रावीण्य सूची में पहला स्थान रायगढ़ जिले की छात्राओं ने हासिल किया है। कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में पहला स्थान रायगढ़ जिले की सुमन पटेल ने हासिल किया। वे 98.67 प्रतिशत अंक हासिल कर स्टेट टॉपर बनी। वे मोना मॉडर्न स्कूल बरमकेला की छात्रा है। इसी प्रकार आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकंडरी स्कूल पुसौर की छात्रा कुंती साव ने 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। रायगढ़ जिले से 10वीं में 17 व 12वीं में 4 छात्रों सहित कुल 21 विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनायी है। परिणाम घोषित होने के बाद टॉपरो को दोपहर से ही बधाई मिलने का तांता रहा।

### दसवीं की मेरिट लिस्ट में रायगढ़ से 17 विद्यार्थी



सुमन पटेल
10वीं (98.67%)

जिले से 16 छात्राओं व 1 छात्र सहित कुल 17 विद्यार्थियों ने दसवीं की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया है। जिनमें प्रथम- सुमन पटेल, बरमकेला, 98.67, द्वितीय-मुस्कान अग्रवाल, रायगढ़, 98.17, पांचवें स्थान पर खीरमती राठिया, नवापारा टेण्डा, रायगढ़, नेहा तिवारी, खरसिया, देवकी पटेल, बंधापाली रायगढ़, रितु साव, तमनार, सहित 4 विद्यार्थी हैं सभी को 97.67 अंक मिले हैं। छठवें स्थान पर नेहा प्रधान, सरिया, विनीता सुपकर, बरमकेला, अंजली नायक, बंधापाली रायगढ़, व नूपुर पटनायक, तमनार, हैं जिन्हें 97.50 अंक प्राप्त हुए हैं। सातवें पायदान पर पायल डनसेना, सोंडका व धर्मेंद्र पटेल, बंधापाली हैं, इन्हें 97.33 मार्क्स मिले हैं। आठवें क्रम पर नंदिनी यादव, कांटाहरदी रायगढ़ और एकता रानी साहू, बाँसपाली तमनार हैं जिन्हें 97.17 अंक प्राप्त हुए है। 9 वें स्थान पर 97 प्रतिशत के अंक के साथ गढ़उमरिया रायगढ़ की ज्योति मेहर हैं। 10 वें स्थान पर कुसुम साव, बरमकेला और मेघा श्रीवास्तव, लोचन नगर रायगढ़ हैं, जिन्हें 96.83 मार्क्स मिले हैं।

### 12वीं की मेरिट लिस्ट में रायगढ़ के 4 छात्र



कुंती साव
12वीं (98.20%)

12 वीं की प्रावीण्य सूची में रायगढ़ जिले के 4 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी। जहां पहले स्थान पर कुंती साव हैं। लिस्ट में अभिनव वी एम एच एस स्कूल पुसौर के शिवम साव ने 5 वां स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 95.40 अंक मिले हैं। इसी तरह प्रावीण्य सूची में आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकंडरी स्कूल पुसौर के छात्र एकांत प्रधान को 95 प्रतिशतअंक के साथ 6वां और नीति पांडेय को 94.60 अंक के साथ 8 वां स्थान मिला है।

### राज्यपाल ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के नतीजों में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि वे भविष्य में इसी तरह निरन्तर आगे बढ़ते रहें और अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन करें। उइके ने कहा है कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके गुरूजनों और माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है, मैं इसके लिए उन्हें भी बधाई देती हूं। वहीं जो विद्यार्थी असफल हुए हैं उन्हें निराश नहीं होना चाहिए और सफलता के लिए प्रयास करना चाहिए, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

### मुख्यमंत्री बघेल ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को दी बधाई



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सफल सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि दसवीं में सुमन पटेल, सोनाली बाला और बारहवीं में कुंती साव ने टॉप किया है। उन्होंने सभी टॉप करने वाली बालिकाओं को बाधाई दी है। मुख्यमंत्री ने जिन बच्चों को आशा अनुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है उन्हें सीख लेते हुए आगे और मेहनत करना चाहिए। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है, इसको ध्यान में रखते हुए वे निराश न हों और पुनः मेहनत से पढ़ाई करके सफलता प्राप्त करें।

### स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम तथा प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने टॉपर्स को दी बधाई




स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम तथा प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला ने टॉपर्स छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। 12वीं की स्टेट टॉपर कुंती साहू, दसवीं की स्टेट टॉपर सुमन पटेल और आत्मानंद स्कूल की स्टेट टॉपर मुस्कान अग्रवाल तीनों को स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया।

विस्तृत समाचार पेज 2 पर देखे...

## कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील जाखड़ ने छोड़ी कांग्रेस पार्टी

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी की वर्तमान स्थिति पर रोष जताते हुए शनिवार को कांग्रेस छोड़ने की घोषणा की। जाखड़ ने पार्टी की दशा और दिशा पर चिंता जताते हुए इस समय चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर का उल्लेख किया और कहा, उदयपुर में जो कुछ भी हो रहा है उस को देखकर पार्टी पर तरस आ रहा है। उन्होंने फेसबुक लाइव पर इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा, कांग्रेस से नाता टूटा, मगर 50 साल का जो संबंध था उसकी टीस आज भी है । पार्टी के प्रति जहां (मन में) गुस्सा है वहां दर्द भी है। जाखड़ ने कहा, पार्टी के लिए दिल की बात करने आया हूँ, यही कई सारे कार्यकताओं के दिल की बात भी है। उन्होंने कहा कि 'चिंतन शिविर' का कार्यक्रम मात्र औपचारिकता है। आज समय पार्टी को बचाने का है, हम यह दिखा रहे हैं। पहले यह तय करें कि कांग्रेस को बचाएं कैसे। हर चीज के लिए कमेटी बन रही है, सबसे पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की हार पर कमेटी बननी चाहिए।

## माओवादियों के लगाए बम की चपेट में आकर सीएएफ जवान हुआ घायल, इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से भेजा गया रायपुर


पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेलसनार क्षेत्र में शनिवार को सीएएफ का एक जवान आईईडी बम की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जवान का नाम रामनाथ मौर्य है, जो कि आरक्षक के पद पर पदस्थ है। घायल जवान को तत्काल नेलसनार में प्राथमिक उपचार देकर उसे दंतेवाड़ा के लिए रवाना कर दिया गया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बीजापुर एएसपी पंकज शुक्ला ने बताया कि बीजापुर के नेलसनार में सीएएफ की 8वीं वाहिनी की कंपनी तैनात है। शनिवार को इस कंपनी के जवान एरिया डोमिनेशन के लिए सर्चिंग पर रवाना हुए थे। तभी बांगोली घाट के पास माओवादियों ने पहले से आईईडी बम लगा रखा था, जिसपर पैर पड़ते ही वह ब्लास्ट हो गया। इस घटना में जवान सीधे तौर पर बम की चपेट में आया, जिससे उसके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

**दो दिनों पूर्व भी क्षेत्र में मिला था कुकर बम**

बीजापुर जिले के जिस नेलसनार थानाक्षेत्र में शनिवार को यह घटना हुई है। इसी क्षेत्र में दो दिनों पूर्व सीआरपीएफऔर जिला बल के जवानों ने एक पांच किलो का कुकर बम बरामद किया था और उसे सुरक्षित तरीके से विस्फोट कर दिया गया था। दरअसल माओवादी अब जवानों को निशाना बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा आईईडी व प्रेशर बम का इस्तेमाल करने लगे हैं, जिससे उन्हें बिना किसी नुकसान के जवानों को घायल करने में ज्यादा सफलता मिलती है। ऐसे में जवानों को लगातार सर्चिंग के दौरान जंगलों में चलने के दौरान विशेष सावधानी बरतने का प्रशिक्षण दिया जाता है। इससे पहले भी माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी और प्रेशर बम की चपेट में आने वाले जवानों के अधिकतर मामलों में उनपर लापरवाही करना ही भारी पड़ा है। हालांकि अभी प्रथमदृष्टया जांच में ऐसी किसी लापरवाही से अधिकारी इनकार कर रहे हैं।






### सभी सुझाओं को सर्वोच्य नीति निर्धारक संस्था के समक्ष पेश किया जाएगा

## किसान को गुमराह करने की बजाए एमएसपी पर कानून बनाए सरकार : भूपेंद्र सिंह हुडडा

एजेंसी ◄ उदयपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने मोदी सरकार को किसान विरोधी करार देते हुए कहा है कि वह किसान की आय दोगुना करने की बात कर अन्नदाता को गुमराह करती है, इसलिए किसान को सीधा फायदा देने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानून बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस के उदयपुर में आयोजित नव संकल्प चिंतन शिविर में पार्टी की किसान संबंधी समिति के प्रमुख भूपेंद्र सिंह हुडडा, समिति के सदस्य प्रताप सिंह बाजवा, टी एस सिंहदेव, नाना पटोले, अखिलेश प्रसाद सिंह तथा शक्तिसिंह गोहिल ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चिंतन शिविर में किसानों से जुड़े मुद्दे पर प्रतिनिधियों ने कई सुझाव दिए और कहा कि किसानों के हितों को लेकर जो चिंतन मनन हुआ है उन सभी सुझावों को पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुना करने की बात करती है लेकिन सच्चाई यह है कि वह किसानों को सिर्फगुमराह कर रही है। एमएसपी के जरिए किसान से इसके तहत 22 फसलें खरीदने का प्रावधान है लेकिन कितनी फसलें एमएसपी के तहत खरीदी जाती है यह सबको मालूम है। किसान से सिर्फ दो-तीन फसलों को ही एमएसपी के तहत खरीदा जाता है जो बहुत कम है और यह किसान के साथ धोखा है। उनका कहना था कि सरकार को तत्काल एमएसपी संबंधी कानून लाकर किसानों के हितों की रक्षा करनी चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार की किसानों के प्रति कोई नीति नहीं है इसलिए वह किसान को गुमराह करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सब्सिडी आदि के जरिए किसान को पैसा दिया जाना चाहिए। किसान को लाभ मिले इसके लिए उसकी ज्यादा फसलों को एमएसपी के तहत खरीद कर उसे फायदा पहुंचाने के लिए किसान को मनरेगा से जोड़ा जाना चाहिए। किसान को दी जाने वाली सब्सिडी को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसान को दी जाने वाली सब्सिडी 2021 में 7.07 लाख करोड रुपए थी जो 2021-22 में घटकर 4.33 लाख करोड रुपए और अब 3.80 लाख करोड रुपए रह गई है। उनका कहना था कि किसान को लाभ देने और उन्हें समृद्ध बनाने के लिए एमएसपी ज्यादा से ज्यादा फसलों पर दी जाना चाहिए और उन्हें मनरेगा से जोड़कर लाभ मिलना चाहिए।


# श्री बालाजी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में फेयरवेल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक और मैनेजिंग डायरेक्टर नीता नायक ने मिस्टर और मिस श्रीबालाजी अवार्ड से किया सम्मानित









## भोजराम पटेल ने मिस्टर ईब सम्मान देकर सम्मानित किया

- प्रिंसिपल कविता सिंह तोमर ने नाइट एंगल अवार्ड दिया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्रीबालाजी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में सीनियर छात्र-छात्राओं को फेयरवेल आयोजित कर दी गई विदाई । नर्सिंग बीएससी फोर्थ ईयर, जीएनएस थर्ड ईयर और पीबीबीएससी सेकंड ईयर के छात्र-छात्राओं को अवार्ड देकर इस पल को चिरस्मरणीय बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की चेयरपर्सन श्रीमती नीता नायक एवं श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमैन डाक्टर देवेंद्र नायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर फेयरवेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नर्सिंग इस्टीट्यूट के डायरेक्टर नितिन पटेल, भोजराम पटेल, श्री बालाजी हास्पिटल के जीएम बिरेंद्र पटेल, श्री बालाजी इस्टीट्यूट की प्रिंसिपल कविता सिंह तोमर, नर्सिंग की सुपरिंटेंडेट सलोनी एब्रोस उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। तीनों संकाय के छात्र-छात्राओं ने समूह सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। पहले सत्र में बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर के छात्र-छात्राओं को डाक्टर देवेंद्र नायक और श्रीमती नीता नायक ने मिस्टर श्रीबालाजी और मिस श्रीबालाजी अवार्ड से सम्मानित किया और छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की। डाक्टर देवेंद्र नायक ने बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब आप एक जिम्मेदार नागरिक बन गए है, देशकाल परिस्थिति में आपको चिकित्सीय सेवा में तन-मन-धन से जुटना होगा, तभी आपकी नर्सिंग की पढ़ाई सार्थक होगी। यह क्षेत्र विशुद्ध रूप से सेवा का है जिसमें हम मरीजों की दुओं से मालामाल होते है। पायनियर के मुद्रक प्रकाशक भोजराम पटेल ने मिस्टर ईब अवार्ड से छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। वहीं प्रिंसिपल कविता सिंह तोमर ने नाइट एंगल अवार्ड से छात्र-छात्रआओं को सम्मानित किया। इस खुशी के पल को यादगार बनाने की दिशा में सीनियर और जूनियर छात्र-छात्राओं ने मिलकर ऐसी प्रस्तुति दी कि ऐसा लगने लगा कि पूरा देश एक मंच पर उतर गया हो। तीनों संकाय के अलग-अलग ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक डांस प्रस्तुत कर दर्शकों और उपस्थित स्टाफ का मनमोह लिया। सबसे पहले छात्राओं ने वेलकम डांस की प्रस्तुति दी, उसके बाद यह क्रम आगे बढ़ते गया। पंजाबी डांस गिद्धा की प्रस्तुति का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया गया। मंच पर डांस करते पंजाबी वेशभूषा में छात्र-छात्राओं ने पंजाब की खुशहाली की प्रस्तुति दी। हरियाणवी डांस ने भी दर्शकों की ताली और वाहवाही बटोरी।

## विदा हो रहे छात्र-छात्राओं ने इंस्टीट्यूट को धन्यवाद ज्ञापित किया

राजधानी रायपुर स्थित श्रीबालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस और श्रीबालाजी नर्सिंग इंस्टीट्यूट में शनिवार को नर्सिंग फाइनल के बच्चों का फेवरेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीबालाजी इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंस के चेयरमैन डा. देवेंद्र नायक और मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक, तेजस नायक, नर्सिंग स्टाफ श्रीबालाजी नर्सिंग इंस्टीट्यूट की प्रिंसिपल कविता सिंह तोमर तथा समस्त टीचर, स्टूडेट स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों ने अपने चार साल के अनुभव को शेयर किया । बच्चों ने मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती नीता नायक,और समस्त टीचर को धन्यवाद कहा कि हमें इतना अच्छा आगे बढ़ने का राह दिखाया।

फेयरवेल पार्टी का आयोजन छात्र-छात्राओं को नर्सिंग की डिग्री पूर्ण कर लेने के बाद चार साल साथ रहे साथियों की यादों को मन में बसाए रखने के लिए यह आयोजन जूनियर छात्र-छात्राओं ने किया। जिससे भविष्य में जहां कहीं भी सेवा दे रहे हो, जब मिले तो ऐसा लगे कि आज भी हम कालेज में है। यह पल अपनों से बिछड़ने की भी होता है। चार तक लगातार साथियों के साथ रहे डिग्री पूर्ण होने के बाद सभी अपने-अपने गृहग्राम चले जाएंगे। कहीं कोई नौकरी करेगा, तो कही कोई दूसरी जगह नौकरी करेगा। लेकिन कालेज के दिनों की याद हमेशा ताजी रहेगी। इसलिए हर शैक्षणिक संस्थान में इस तरह का दीक्षांत समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को ससम्मान विदाई देकर सम्मानित किया जाता है। प्रिंसिपल कविता सिंह तोमर ने बताया कि इस सत्र में बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर, जीएनमएस थर्ड ईयर और पीबीबीएससी सेकंड ईयर के छात्र-छात्राओं को फेयरवेल पार्टी आयोजित कर सम्मानित किया गया। चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नर्सिंग स्टाफ की महेत्वपूर्ण भूमिका और योगदान से अवगत कराया गया जिससे नर्सिंग डिग्रीधारी छात्र-छात्राएं मरीजों की सेवा में विश्व की महान नर्स फ्लोरेंस की प्रेरणा से हमेशा प्रेरित होकर सेवा में हमेशा उर्जावान रहे।अंत में नर्सिंग की सुपरिंटेंडेंट सलोनी एब्रोस ने आभार माना। इस सफल आयोजन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग देने वाले सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विस अध्यक्ष महंत पायलेट कैप्टन गोपाल कृष्ण पंडा के निवास पहुंचे




- छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों को ढांढस बंधाया
- पंडा परिवार के इस दुख की घड़ी में हम सब साथ हैं : महंत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत विगत दिनों स्टेट हेलीकॉप्टर के दुःखद हादसे में मृतक पायलेट कैप्टन स्व. गोपाल पंडा जी के निवास पहुँचे। उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतृप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बांधाया। परिजनों से चर्चा के दौरान भविष्य की चिंताओं पर मुख्यमंत्री के आगमन पश्चात चर्चा कर दूर करने आश्वस्त किया है।

विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, स्व. पंडा जी हँसमुख, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ पायलेट रहे हैं, वे समूचे छत्तीसगढ़ से भली भांति परिचित थे, मैंने उनके साथ कई यात्रायें की है। अनेकों बार वो विषम परिस्थितियों में भी हेलीकॉप्टर को सुरक्षित लेंड कराना जानते थे। उनका यूं हम सबके बीच से चले जाना बेहद दुःखद तो है ही साथ ही परिवार के साथ-साथ राज्य की भी अपूरणीय क्षति है।

# हाई स्कूल-हायर सेकेण्डरी में बालिकाएं रहीं टॉप पर

## हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित, मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

- हाई स्कूल में 74.23 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी 79.30 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण
- हाई स्कूल में बालिकाओं का प्रतिशत 79.84 और बालकों का प्रतिशत 69.07

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष 2022 का परिणाम आज स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम द्वारा घोषित किया गया। हाई स्कूल में 74.23 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी स्कूल में 79.30 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हाई स्कूल में बालिकाओं का प्रतिशत 78.84 और बालकों का प्रतिशत 69.07 प्रतिशत है। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी परीक्षा में बालिकाओं का प्रतिशत 81.15 और बालकों का प्रतिशत 77.03 प्रतिशत है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने परीक्षा में सफल सभी परीक्षार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने परीक्षा में असफल हुए विद्यार्थियों से कहा है कि असफलता ही सफलता की सीढ़ी है इसको ध्यान में रखते हुए वे निराश न हों और पुनः मेहनत से पढ़ाई करके सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष डॉ. आलोक शुक्ला, सचिव प्रोफेसर व्ही.के.गोयल, मंडल के सदस्य एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा में कुल 3 लाख 75 हजार 694 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 3 लाख 63 हजार 301 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से एक लाख 71 हजार 539 बालक और एक लाख 91 हजार 762 बालिकाएं शामिल हुईं। हाई स्कूल की परीक्षा में 3 लाख 63 हजार 007 परीक्षार्थियों के परिणाम घोषित किए गए। घोषित परीक्षा परिणाम में से 2 लाख 69 हजार 478 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में एक लाख 32 हजार 047 (36.38 प्रतिशत) उत्तीर्ण, द्वितीय श्रेणी में एक लाख 18 हजार 130(32.54 प्रतिशत) उत्तीर्ण और तृतीय श्रेणी में 19 हजार 270 (5.31 प्रतिशत) परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। 31 परीक्षार्थी पास श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं और 15 हजार 983 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है। विभिन्न कारणों से 294 परीक्षार्थियों के परिणाम रोके गए हैं, इनमें 115 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं और 134 परीक्षार्थी का पात्रता के अभाव में परीक्षा आवेदन निरस्त किए गए हैं, 17 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। इसके अतिरिक्त 28 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने बताया कि वर्ष 2020 की हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा का परिणाम 73.62 था। इस प्रकार गतवर्ष से इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में 0.61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2022 में 2 लाख 92 हजार 611 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए। इनमें से 2 लाख 87 हजार 673 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से एक लाख 29 हजार 213 बालक और एक लाख 58 हजार 460 बालिकाएं सम्मिलित हुई। इनमें से 2 लाख 87 हजार 485 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए और 2 लाख 27 हजार 991 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रथम श्रेणी में 85 हजार 124 (29.60 प्रतिशत), द्वितीय श्रेणी में एक लाख 31 हजार 549 (45.75 प्रतिशत) और तृतीय श्रेणी में 11 हजार 303 (3.93 प्रतिशत) परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। पास श्रेणी में 15 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं और 34 हजार 199 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता है। विभिन्न कारणों से 188 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम रोके गए हैं, इनमें नकल के कारण 07 के परिणाम रोके गए हैं। पात्रता के अभाव में 171 परीक्षार्थी के आवेदन निरस्त किए गए और 04 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम जांच की श्रेणी में रोका गया है। इसके अतिरिक्त 06 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम बाद में घोषित किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने बताया कि कोरोना महामारी के मद्देनजर 2022 की मुख्य परीक्षा में समस्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं को परीक्षा केन्द्र बनाया गया, ताकि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो सके। इस प्रकार प्रदेश में हाई स्कूल परीक्षा में 6 हजार 743, हायर सेकेण्डरी में 4 हजार 43 परीक्षा केन्द्र और 29 समन्वय केन्द्र बनाए गए थे। स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शैक्षणेत्तर गतिविधियों में हाई स्कूल परीक्षा में 1571 और हायर सेकेण्डरी में 1643 सहित कुल 3 हजार 214 विद्यार्थियों को बोनस अंक प्रदान किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रावीण्य सूची में शैक्षणेत्तर गतिविधियों के अंक नही जोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। इस वर्ष बोनस अंक को छोड़कर अस्थाई प्रावीण्य सूची तैयार की गई है।

## सम्राट अशोक के स्वर्णिम भारत एवं बौद्ध स्तूप का होगा प्रदर्शन

# अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आज सिरपुर में

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

15 मई को प्रातः 6:00 बजे से विपस्यना (ध्यान साधना) प्रातः 8:00 बजे तक। समय 11:00 बजे डॉ. सत्यजीत चन्द्रिकापुरे नागपुर शोधार्थी के द्वारा सम्राट अशोक एवं उनका स्वर्णीम प्रबुद्ध भारत का निर्माण एवं बौद्ध स्तूप शिलालेख पर प्रदर्शन। 10 मिनट का संगीत सांस्कृतिक कार्यक्रम । डॉ. प्रोफेसर लक्ष्मण यादव दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा संविधान, सिरपुर एवं अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा। डॉ. प्रोफेसर हेमलता महेश्वर जामिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी दिल्ली के द्वारा सिरपुर एवं सिरपुर बौद्ध विरासत पर विस्तृत चर्चा।

10 मिनट का संगीत, क्षेत्रीय



कलाकार। प्रोफेसर जितेन्द्र मीना, पंडित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के दिल्ली द्वारा वर्तमान परिस्थितियों में बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार तथा सिरपुर की विरासत की सुरक्षा के संबंध में परिचर्चा। प्रोफेसर रतन लाल, दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा सिरपुर पर परिचर्चा। 10 मिनट का संगीत। छ0ग0 के विभिन्न समाज के प्रमुखों का उद्बोधन एवं उनका सम्मान। उपरोक्त अतिथियों को मोमेन्टो भेंट । रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम 8:30 बजे से 11:00 बजे तक।

महा अस्थिवीर भनते सुरई ससई जापान, भन्ते भीमा बोधी जापान, भन्ते- रेवत धम्मों, भन्ते - सुमेध बोधी, भन्ते- धम्मशील, भन्ते- सुमंगल, भन्ते धम्म विजय , प्रो रतनलाल दिल्ली (प्रोफ़ेसर रतनलाल असोसिएट प्रोफेसर हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडर आम्बेडकर नामा एवं एडिटर इनचीफ आंबेडकरनामा ।), सत्यजीत चंद्रिकापुरे नागपुर, प्रो. उमेश राय बिहार, बी एस जागृत- अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा छग, रघुनंदन साहू संचालक जागो किसान, डॉक्टर रमेश सुखदेवे संचालक तथागत संदेश, श्रीमती शकुन डहरिया अध्यक्ष सद्भावना मंच, संजय वासनिक पूर्व अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद, शंकर नंदेश्वर अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा महासमुंद - मेश्राम, मनोज वर्मा सीएसईबी, कृष्णा नंदेश्वर, बिम्बिसार नागार्जुन, संजय गजघाटे आदि शामिल हुए।

# यूको बैंक को समाप्त हुए तिमाही में 312.18 करोड़ का लाभ हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

यूक बैंक ने 31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की जिसकी जानकारी बैंक के एमडी एवं सीईओ सोमा शंकर प्रसाद ने प्रेस वार्ता में दी । वर्चुअल रूप में आयोजित इस प्रेस वार्ता में देश के विभिन्न भागों से मीडियाकर्मी जुड़े ।

वित्तीय परिणामों की उल्लेखनीय बातें -मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में बैंक ने 312.18 करोड़ रु का शुद्ध लाभ हुआ। इस प्रकार बैंक ने मार्च 2021 के शुद्ध लाभ 80.02 करोड़ की तुलना में 290.11: की वृद्धि दर्ज की । बैंक का परिचालन लाभ वर्ष मार्च 2021 के 4149.07 करोड़ में 15.63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करते हुए वर्ष मार्च 2022 में 4797.93 करोड़ हो गया। मार्च 2021 को समाप्त तिमाही के 1412.61 करोड़



की तुलना में बैंक की निवल ब्याज आय 16.97 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए मार्च 2022 समाप्त तिमाही में बढ़कर 1652.38 करोड़ हो गई । बैंक का कुल कारोबार 31मार्च2021 के 324324.20 करोड़ में 9.10प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31मार्च2022 में बढ़कर 353850.24 करोड़ हो गया। बैंक की कुल जमा राशि 31मार्च 2021 के 205919.39 करोड़ में 8.82प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31मार्च2022 में बढ़कर 224072.90 करोड़ हो गई है । 31मार्च2022 के अनुसार बैंक का कासा (घरेलू) 40.26प्रतिशत है ।

बैंक की कुल बचत जमा राशि 31मार्च2021 के 70808.70 करोड़ में 8.97प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31मार्च 2022 में बढ़कर 77161.76 करोड़ हो गई है । बैंक का कुल अग्रिम 31मार्च2021 के रु 11840.81 करोड़ में 9.60प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 31मार्च2022 में बढ़कर 12977.34 करोड़ हो गया। बैंक का सकल एनपीए 31मार्च2021 के 11351.97 (9.59प्र.)करोड़ से घटकर 31मार्च2022 को रु 10237.43 करोड़ 7.89प्र. हो गया । बैंक का निवल एनपीए 31मार्च2021के 4389.50 करोड़ 3.94 प्र. से घटकर 31मार्च2022 को 3315.78 करोड़ 2.70प्र. हो गया । बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31मार्च2022 को 13.74प्र. और सीईटी. अनुपात 10.97प्र. है जबकि 31मार्च 2021 को पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.74प्र और सीईटी अनुपात 11.14 प्रति था ।

# बनने से पहले भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई सड़क, निर्माण में हो रहा गुणवत्ताविहीन सामग्री का इस्तेमाल

## गिट्टी में डस्ट की जगह मिट्टी डाल कर किया जा रहा डब्ल्यूएमएम का कार्य




जवानों के खून से सिंची, करोड़ों की लागत से बनी सड़क में पड़ रही भ्रष्टाचार की दरारे
सड़क का जगह-जगह उखड़ने लगा डामर, धीरे-धीरे गड्ढों में होती जा रही तब्दील, ओरछा पहुंच मार्ग का मामला
मापदंड के अनुसार कार्य किया जा रहा है

सुदीप झा नारायणपुर
www.dailypioneer.com

आर.आर.पी.2 सड़क योजना के अंतर्गत सरगीपाल से कंदाड़ी होते हुए किहकाड़ मुरनार बेचा होते हुए मार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है करोड़ो की लागत बन रही सड़क बनने से पूर्व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रही हैं।

बता दें कि आरआरपी 2 सड़क योजनांतर्गत बन रहे जिला मुख्यालय से मात्र 7 किमी दूर ब्रह्बेड़ा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव सरगीपाल से कंदाड़ी होते हुए मुरनार बेचा होते हुए करोड़ो की लागत से सड़क का निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसका ठेका रायपुर की मे.गणपति कंट्रक्शन को मिला है निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग है जिसमे विभाग और ठेकेदार की मिली भगत से सड़क में डब्ल्यू एमएम का निर्माण चल रहा है निर्माण कार्य मे घटिया स्तर एवं मानक विहीन गिट्टी जो मिट्टी मिली हुई का उपयोग किया जा रहा है। गुणवत्ता विहीन गिट्टी एवं मटेरियल का इस्तेमाल कर ठेकेदार शासन को लाखों रुपए का चूना लगा रहा है करोड़ों रुपयों की लागत से बनने वाली सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। संबंधित अधिकारियों पर मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे हैं। अब जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणों में गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है। वर्तमान स्थिति में सड़क,बिजली, पानी, शिक्षा हर व्यक्ति के लिए अतिआवश्यक है। इन सभी मे सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है मगर जब हम बात करें इन कार्यों के निर्वहन करने वालों की तो उनको न लोगो की सुविधाएं की चिंता है न ही उन लोगो को किसी बड़े अधिकारियों का डर रहता हैं। निर्माण स्थल पर लगाये गए निर्माण जानकारी के बोर्ड में भी आधे अधूरे जानकारी को अंकित किया गया है। सड़क की कुल लम्बाई 31.80 किलोमीटर है।

सड़क निर्माण की धीमी गति से राहगीर परेशान हैं। मार्गों पर उड़ रही धूल व बिखरी गिट्टियां समस्या का सबब बनी हुई हैं धीमी गति से हो रही सड़क निर्माण का कार्य जिसके कारण दोपहिया और चौपहिया वाहनों का सड़क से गुजरना मुश्किल हो गया है।लोगों की शिकायत है कि निर्माण की गति बेहद धीमी है। सड़क पर गिट्टी व डस्ट डालकर छोड़ दी गई है। पानी का छिड़काव न होने तथा वाहनों के आवागमन से लगातार धूल उड़ रही है। जिससे पैदल व बाइक से चलने वाले राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

वही ग्रामीणों का कहना है की सड़क का निर्माण धीमी गति से हो रहा है उसमें भी ठेकेदार के द्वारा घटिया स्तर के निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जब शरुआत में ही इतना भ्रष्टाचार किया जा रहा हो तो आप इसकी गुणवत्ता को समझ सकते है और यह सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जायेगी। इस सड़क निर्माण में विभाग के इंजीनियर की लापरवाही साफ नजर आ रही है सीधा सीधा इंजीनियर एवं विभागीय अधिकारी का ठेकेदार को संरक्षण मिल रहा है।

### लोक निर्माण विभाग के कार्यो पर उठ रहे हैं सवाल!

नक्सल प्रभावित जिला होने के कारण केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अबूझमाड़ के अंदरूनी ग्रामो में सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है परंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते पूरी सड़क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती जा रही हैं। कुछ दिन पहले पायनियर ने नारायणपुर से ओरछा तक सड़क निर्माण को लेकर आवाज उठायी थी जिसमे करोड़ों की लागत से बनी इस महत्वपूर्ण सड़क जो अबूझमाड़ को जिला मुख्यालय से जोड़ती है वो निर्माण के कुछ महीनों में दम तोड़ते हुए नजर आ रही है अभी से पूरे सड़क में गड्ढे बनते जा रहे हैं।

ठेकेदार और अधिकारी की मिलीभगत से इस सड़क में खुल के भ्रष्टाचार का खेल चला है जिसका खामियाजा आम जनता उठा रही हैं। ठेकेदार द्वारा मानकविहीन गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा था लगभग 10 मीटर तक गुणवत्ता विहीन गिट्टी बिछाई गयी थी जिसके ठेकेदार को हिदायत दी गई हैं और पूरी गिट्टी को उठाने कहा गया है।

**-पवन बिसेन**
साइड इंजीनियर पीडब्ल्यूडी नारायणपुर

जब हमारी बात रोड के इंजीनियर पवन बिसेन से हुई तो उनका गोलमोल जवाब मिला और इधर ग्रामीण इस कार्य से काफी नाराज हैं और उनका कहना है कि अगर रोड का ऐसे निर्माण होगा तो यह रोड ज्यादा समय तक नही टिक पाएगा जिससे आवागमन में काफी परेशानी होगी वही बात करें इस सड़क निर्माण की तो सरगीपाल से बेचा तक की रोड की सुविधा कई दशकों के बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है जो कही भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़ जाये अब देखने वाली बात यह रहेगी कि इस पर आगे क्या कार्यवाही होती है।

## विधायक एवं कलेक्टर ने किया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ताड़ोकी का आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनूप नाग, कलेक्टर चन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ताड़ोकी का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र का लैब, ओपीडी, परामर्श कक्ष, स्टॉफ रूम इत्यादि का अवलोकन किया और दवाईयों एवं स्टॉक पंजी की जांच किया तथा स्टॉक पंजी विधिवत संधारित नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के मेडिकल ऑफिसर डॉ. रामटेके को निर्देशित करते हुए कहा कि रात्रि में भी रोस्टर बनाकर ड्यूटी लगाई जावे तथा इसके पृथक से रजिस्टर संधारित किया जावे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल, एसडीएम अंतागढ़ के.एस. पैकरा, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, तहसीलदार बिरेन्द्र नेताम, जनपद सीईओ पीएस साहू भी मौजूद थे।



## पूर्व पार्षद सहित 7 भाजपाइयों ने थामा कांग्रेस का हाथ

- कांग्रेस नेताओं ने फूलमाला और पार्टी का गमछा पहनाकर किया पार्टी में स्वागत

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



शनिवार को स्थानीय विधायक निवास बीजापुर में विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतियाउद्दे, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमती माँझी, जनपद उपाध्यक्ष सहदेव नेगी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लच्छुराम मौर्य एवं सांसद प्रतिनिधि सीताराम मांझी की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पूर्व पार्षद माधव बघेल, संतोष सोनी, अवतार यादव, अर्जुन कड़ियाम, प्राणेश्वर यादव, पतिराम नेगी एवं ललित नेगी ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थाम लिया है। पूर्व पार्षद माधव बघेल ने कहा कि हम लोग किसी के बहकावे में आकार भाजपा प्रवेश किए थे मुझे कुछ दिन बाद एहसास हुआ कि कांग्रेस पार्टी मेरा घर है हम रास्ता भटक गए थे, कांग्रेस प्रवेश कर अब अच्छा लग रहा है आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी के लिए मज़बूती के साथ काम करेंगे। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजेश जैन, पार्षद एवं महामंत्री सुखदेव नाग, जितेंद्र हेमला, कुटरु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेश मंडावी, ज़िला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्यामू गुप्ता, पार्षद सरोज शर्मा, पार्षद सरिता कश्यप, पार्षद सियाराम नेगी, पेरे पुलैया और नंदकिशोर गंधरला उपस्थित थे।

### एरिया डॉमिनेशन के दौरान माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी बलास्ट होने से 1 जवान गंभीर रूप से घायल



**बीजापुर।** नेलसनार हेमलापारा में छसबल 8 वी वाहिनी की टीम एरिया डॉमिनेशन पर निकली थी द्य एरिया डोमिनशन के दौरान इन्द्रवती नदी के किनारे बंगोली घाट के समीप माओवादियों के द्वारा लगाये गये आईईडी के ब्लास्ट होने से आरक्षक रामनाथ मौर्य के दोनो पैरों में गंभीर चोट आई है । घायल जवान को स्वास्थ्य केन्द्र नेलसनार में प्राथमिक उपचार उपरान्त बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा रवाना किया गया है। वहां से घायल जवान को एयर लिफ्ट कर रायपुर रवाना किया गया।

## नगर पंचायत में हो रहा है शासकीय संपत्तियों का दुरुपयोग : पार्षद नवदीप

पायनियर संवाददाता केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद नवदीप सोनी ने नगर पंचायत सीएमओ नमेश कावड़े पर भाजपा पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। नवदीप सोनी का कहना है कि नगर पंचायत के शासकीय जेसीबी का उपयोग निजी कार्यों में किया जा रहा है, और अधिकारियों को इस बात की जानकारी तक नहीं है। चूंकि उक्त जेसीबी छोटे बकेट की है, इसलिए इसका उपयोग बड़ी नालियों की खुदाई में करने से भी जेसीबी को नुकसान पहुंचने की संभावना है। इससे साफ जाहिर होता है कि अधिकारियों के द्वारा ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए नगर पंचायत की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस सम्बंध में पार्षद नवदीप सोनी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह से शाम तक सुरडोंगर के समीप एक स्थान पर नाली निर्माण हेतु खुदाई का कार्य चल रहा था। उक्त कार्य मे नगर पंचायत की जेसीबी का उपयोग किया जा रहा था। इस सम्बंध में जब मैंने सीएमओ नामेश कावड़े से फोन के माध्यम से जानकारी मांगा तो सीएमओ ने कहा कि मुझे इस सम्बंध में कोई जानकारी नहीं है। नवदीप सोनी ने कहा कि यह बहुत बड़ी विडंबना है कि नगर पंचायत की जेसीबी किसी निजी कार्य में लगी है और सक्षम अधिकारी को इसकी जानकारी ही नहीं है। इस सम्बंध में नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान ने बताया कि उक्त नाली निर्माण कार्य हेतु नगर पंचायत की ओर से टेंडर हो चुका है। सम्बंधित ठेकेदार ने नगर पंचायत से बाकायदा अनुमति ले कर जेसीबी को उपयोग में लिया है, जिसकी रसीद भी काट कर ठेकेदार को दी गयी है। इसमें भाजपा पार्षदों के साथ सौतेला व्यवहार करने जैसी कोई बात नहीं है, हम नगर पंचायत के सभी पार्षदों का बराबर सम्मान करते हैं।

## गायत्री परिवार ने किया 5 दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के द्वारा छ. ग के 17 जिलो में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सुकमा जिले के छिंदगढ में 10 से 14 मई की तारिख में व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर सम्पन्न हो रहा है! शिविर में जिले के 40 गांव से 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया!गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पं. श्री राम शर्मा आचार्य जी ने कहा है कि व्यक्तित्व निर्माण से परिवार, समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है! इसी उद्देश्य को लेकर इस शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के माध्यम से बच्चों को कैरियर गाइडेंस, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, सफल जीवन के सूत्र, कर्म फल का सिद्धांत, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, स्वाध्याय जीवन की अनिवार्य आवश्यकता, ब्रह्मचर्य साधना, तनाव प्रबंधन, गौ संवर्धन जैविक कृषि, संस्कारों का विज्ञान, व्यसन मुक्ति,सप्त आंदोलन जैसे शिक्षा ,स्वावलम्बन, नारी जागरण, कुरिति उन्मूलन, साधना, स्वास्थ्य पर्यावरण आदि विषयों पर प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दिया गया। प्रातः 5.00 बजे योग की कक्षा से रात्रि 9.00 बजे खेल की कक्षा चल रही थी! इस शिविर से हर विद्यार्थी अपने आप को बदला हुआ महसूस कर रहे हैं। समाज और राष्ट्रनिर्माण के क्षेत्र में युवाओं को दिशा देना गायत्री परिवार का यह कार्य बहुत ही उल्लेखनीय है! इस शिविर को सफल बनाने में गायत्री परिवार जिला सुकमा के कार्यकर्ताओं आयता राम पोडियाम, बुधराम बघेल, रामसिंह नाग, उर्मिला नाग घसीराम यादव, रामधर मांझी, सोनाधर मांझी सुकलदाई नाग, सीमा नाग, रमेश नेगी, रामधर बघेल, हड़माराम, भीमाराम पोडियामी, केन्नीराम बघेल, वेणु गोपाल राव, बुधरी नाग, आयता राम बघेल का महत्वपूर्ण योगदान है। शिविर को सम्पन्न करने शांति कुंज प्रतिनिधि चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, डा. गोपाल साहू, वरुन कुमार साहू, सुश्री चन्द्र कला साहू सुश्री अनिता साहू ने पुरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण दिये। कार्यक्रम में सुकमा जिले की अधिवक्ता दीपिका शोरी ने भी पहुंचकर उपस्थित युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया।

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज जिला इकाई कांकेर द्वारा स्थानीय ब्राह्मण समाज भवन में भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव परंपरागत रूप से विधि विधान से पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया समाज के संरक्षक बहादुर लाल तिवारी एवं अध्यक्ष मनहरण कृष्ण शर्मा ने भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला । कार्य म में समाज के पूर्व अध्यक्ष मुख्यमंत्री के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी ने विशेष तौर पर शिरकत की। श्री तिवारी ने कहा ब्राह्मण सदा समाज का मार्गदर्शक रहा है । कांकेर ब्राह्मण समाज ने विभिन्न कुरीतियों को त्यागा है । हमारी भूमिका समाज हित में रही है। उन्होंने समय-समय पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान अन्य सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। ग्यारह मई को आयोजित कार्य म का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना एवं आरती कर की गई । पूजा उपरांत प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष अवधेश मिश्रा कोषाध्यक्ष टिंकेश्वर तिवारी महिला समाज की अध्यक्षा रानी शर्मा सचिव सुनीता राजेश तिवारी निर्मला शर्मा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनूप शर्मा आलोक शर्मा गजेंद्र तिवारी निशांत शर्मा सुशील तिवारी डॉ कमल अवस्थी रविकिरण शर्मा जितेंद्र शर्मा कृष्णमूर्ति शर्मा कृष्णा तिवारी लोकेश तिवारी प्रकाश तिवारी दुर्गेश अवस्थी मनोज दुबे द्रोपति शर्मा प्रियंका शर्मा सुमनशर्मा सुनीता तिवारी माया तिवारी स्वर्णलता तिवारी मंजू शर्मा तृप्ति दुबे रश्मि दुबे राधेश्याम तिवारी हुकुम दुबे शंकर पांडे पंकज तिवारी प्रियंका दीवान लोकअभिराम दुबे आस्था तिवारी अंकिता तिवारी यामिनी समाज के सदस्य विशाल संख्या में शामिल हुए ।

### विधायक, कलेक्टर और एसपी ने तत्काल निराकरण के दिए निर्देश

## नक्सल प्रभावित क्षेत्र ताड़ोकी में लगा जनचौपाल, लोगों ने बताई अपनी समस्या

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com

जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम ताड़ोकी में जिला प्रशासन द्वारा आज जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई और उनके निराकरण के लिए तत्काल कार्यवाही की गई। क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग, जिले के कलेक्टर चन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए उनकी समस्या व शिकायतों की जानकारी ली। ग्राम ताड़ोकी के बाजार स्थल में लगे शेड के नीचे बैठकर ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कलेक्टर चन्दन कुमार ने ग्रामीणों से बिजली, पानी, राशन, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, आंगनबाड़ी व अस्पताल से मिलने वाली सुविधाएं इत्यादि के संबंध में पूछताछ किया। ताड़ोकी के ग्रामीणों को वनाधिकार मान्यता पत्र का वितरण अभी तक नहीं होने की जानकारी मिलने पर इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के लिए एसडीएम अंतागढ़ और आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को निर्देश दिये गये। ग्राम ताड़ोकी में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना के लिए जमीन का चिन्हांकन करने, ताड़ोकी के बस स्टेशन से शीतलापारा तक सीसी सड़क का निर्माण कराने, तुमापाल ताड़ोकी में हैण्डपंप खनन कराने, पदबेड़ा में घोटुल निर्माण कराने, कालेन्द्रनगर से कचुवर मार्ग में पुलिया निर्माण कराने, पदबेड़ा के खासपारा में बोर खनन कराने, कोलर में नल-जल योजनांतर्गत पेयजल की आपूर्ति शीघ्र करने, मंगतासाल्हेभाट मार्ग निर्माण में लगे मजदूरों को मजदूरी भुगतान कराने के निर्देश जनचौपाल में दिये गये, इसके साथ ही अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग में सड़क किनारे मुरूम बिछाने के लिए भी निर्देशित किया गया। ग्राम कोलर के छात्रावास में सोलर पैनल लगाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी को निर्देश दिये गये।





जनचौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिला प्रशासन के अधिकारी भी यहां पहुंचे हैं और ग्रामीणों की समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर चन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में प्रशासन व पुलिस के अधिकारी संवेदनशील व सुदूर गांव तक पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। ईरपानार एवं आमाबेड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भी जिला प्रशासन द्वारा जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए सार्थक पहल की गई है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक अनूप नाग ने ग्राम मंगतासाल्हेभाट में आंगनबाड़ी भवन एवं ग्राम पदबेड़ा में घोटुल निर्माण कराने के साथ ही ग्राम मड़पा के स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराने की घोषणा किया। ग्राम पंचायत ताड़ोकी के सरपंच धन्नू ध्रुव ने ताड़ोकी में जनचौपाल लगाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ताड़ोकी में एमबीबीएस डॉक्टर की पदस्थापना करने के लिए क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जनचौपाल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमीत अग्रवाल, एसडीएम अंतागढ़ के.एस. पैकरा, जनपद सीईओ पी.एस. साहू, ग्राम पंचायत ताड़ोकी के सरपंच धन्नू ध्रुव, कोसरोण्डा के सरपंच कुमारी सुशीला, तालाबेड़ा के सरपंच चन्देल कुमेटी, मंगतासाल्हेभाट के सरपंच मनीषा कुमेटी सहित ग्रामीणजन और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जब फरियादी के पास पहुंचे कलेक्टर

ग्राम ताड़ोकी में आयोजित जनचौपाल के समापन होने पर कलेक्टर चन्दन कुमार अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रहे थे, तब उन्होंने देखा कि एक अधड़ व्यक्ति थैला में कागज लिये बैठा हुआ है, लेकिन अभी तक उन्होंने अपनी फरियाद नहीं सुनाई है, तब वे उनके पास पहुंचे और उनके समक्ष बैठकर उनसे पूछा कि क्या समस्या है? ग्राम कोलर निवासी चंद्रसिंह अपने सामने कलेक्टर को देखकर संकोच के साथ बताते हुए कहा कि जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए आया था। कलेक्टर चन्दन कुमार ने उनके दस्तावेजों का अवलोकन किया तथा अंतागढ़ के तहसीलदार विरेन्द्र यादव को सौंपते हुए कहा कि चंद्रसिंह का जाति प्रमाण-पत्र बनाकर मुझे सूचित करें। कलेक्टर की इस फैसले से हितग्राही चंद्रसिंह सहित ग्रामीणजन बेहद खुश हुए।

# एक और निर्धन कन्या के हाथ किये पीले, सेवा सुगंधम संस्थान ने हिन्दू रीति रिवाज से किया कन्यादान

■ माहरा की बेटी बंधी परिणयसूत्र में

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण सेवा समिति के द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह संपन्न कराने के क्रम में ग्राम कुरा की माहरा कन्या दुर्गा की विवाह पूरे हिन्दू रीति रिवाज के साथ धूमधाम से सम्पन्न कराया। विवाह के साक्षी बने धरसींवा विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, नंदन सिंह, भाटापारा के श्याम पुरोहित और शंकर सोनी, डागेंद्र वर्मा , विद्यापाल आकाछा उपाध्याय। सेवा सुगंधम संस्थान के प्रमुख टिकेंद्र उपाध्याय ने बताया कि कुरा निवासी नरेश माहरा अत्यंत गरीब था जो किसी तरह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा था। जिसने अपनी बेटी और बेटे का विवाह तय का दिया था कि आकस्मिक रूप से नरेश की तबियत बिगड़ी और उसका असामयिक निधन हो गया। बेटे बेटी के हाथ पीले करने का स्वप्न अधूरा रह गया। पूरे घर मे मातम फैल गया। इसी बीच गांव के ही प्रदीप शर्मा और पार्षद अनिल बघेल ने समाज सेवी टिकेंद्र उपाध्याय से संपर्क कर इस गरीब परिवार की मदत करने का आग्रह किया जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए अपने संगठन के सहयोग से दुर्गा का विवाह धूमधाम से सम्पन्न कराया। गांव के सैकड़ों लोगों ने इस विवाह समारोह को देखा और गांव की बिटिया को अश्रुपूरित नयनों से विदा किया। टिकेंद्र उपाध्याय ने गांव की इस बिटिया को गृहस्थ जीवन की सभी आवश्यक व उपयोगी सामग्री एक पिता का फ़र्ज़ निभाते हुए दहेज में दी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने वर वधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि दो परिवारों को जोड़ कर गरीब, अनाथ, असहाय परिवार की बेटियों के विवाह कराने जैसे पुण्य कार्य करने का दायित्व लेकर सेवा सुगंधम के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्याय ने समाज मे अनुकरणीय कार्य किया है। मैं उन्हें तथा उनकी पूरी टीम को इस कार्य के लिए बधाई देती हूं। इस आयोजन में सेवा सुगंधम के सक्रिय और कर्मठ सदस्य आशीष उपाध्याय, राजेन्द्र पाण्डेय, राजेन्द्र, सुधीर दुबे, चेतन देवागन, ईश्वरी देवांगन, मिर्जा मुनीर बेग, प्रकाश, संतोष का अतुलनीय योगदान रहा।

# स्वास्थ्य केंद्र के संदिग्ध मामले में ओटी अटेंडर एवं चपरासी को मिला कारण बताओ नोटिस

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ऑपरेशन थिएटर में दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया था। जिसमें शहर के एक महिला एवं एक पुरुष संदिग्ध अवस्था में मिले थे जिन्हें ओटी तक पहुंचाने व संरक्षण देने वाले अस्पताल के 1 ओटी अटेंडर और एक चपरासी को बीएमओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनसे जवाब आने के पश्चात दोनों पर कार्रवाई करने की बात कही गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ऑपरेशन थिएटर ओटी की चाबी स्वास्थ्य कर्मचारियों के पास ही रहने के बावजूद उनके द्वारा अंदर घुसने व स्टाफ के कर्मचारियों के साथ हंगामा करने से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी को इस मामले में विभाग के कर्मचारियों की संलिप्तता के चलते ही अंदर जाने का अंदेशा हुआ और उनके द्वारा ओटी की चाबी रखने व साफ-सफाई करने वाले दो लोगों को शो कांज नोटिस जारी किया गया है उन




दोनों कर्मचारियों में ओटी अटेंडर गेंदराम धुरव एवं यादव शामिल है घटना के बाद से एक कर्मचारी अब तक भी अस्पताल से नदारद है जबकि दूसरा कर्मचारी अस्पताल पहुंचा था अस्पताल से नदारद होने पर उसी कर्मचारी पर मामले में संलिप्तता का सबसे अधिक संदेह जताया जा रहा है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी उन दो कर्मचारियों के अलावा किसी कर्मचारी का सहयोग होगा तो वह भी सामने आ सकता है बहरहाल एक शासकीय अस्पताल में बाहरी व्यक्तियों का एक बंद कमरे में संदिग्ध हालत में मिलना और हंगामा खड़ा करना पूरे नगर में चर्चा का विषय बना रहा ।

### क्या कहते हैं बीएमओ

डॉ नारायण साहू ने बताया कि संदिग्ध अवस्था में मिले दो लोगों की शिकायत थाना में की गई है साथ ही उन लोगों को ऑपरेशन थिएटर तक पहुंचाने वाले 2 कर्मचारियों को शो कॉज नोटिस जारी कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्यवाही के लिए रिपोर्ट सौंपा गया है उक्त दोनों कर्मचारियों से नोटिस का जवाब आने व मामले की जांच पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मिले निर्देशानुसार आगे की कार्यवाही करने की बातें।

# जनभागीदारी मद के दुरुपयोग के लेकर अभाविप ने किया प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर में शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नाकोत्तर महाविद्यालय मे जनभागीदारी मद के वय्य के दुरुपयोग को संज्ञान में लेते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सूचना का अधिकार लगाया था जिसमें जन भागीदारी मद से हुए व्यय में अनियमितता देखी गई जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भाटापारा नगर ईकाई के के नगर मंत्री अभिषेक मिश्रा विषय कि जानकारी देते हुए बताया की महाविद्यालय में भ्रष्टाचार के गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए महाविद्यालय प्रशासन के विरोध में आंदोलन किया गया है जिसमें नगर अध्यक्ष मेहुल वर्मा, नगर सह मंत्री सुमित ठाकुर, नगर सह मंत्री राकेश यादव, कृष्णकांत मिश्रा, डागेश्वर तिवारी, छोटू साहू, मनीष साहू, नीलेश्वरलेश्वर साहू, मनीष कौशल साहू, जागेंद्र वर्मा, मनीष पात्रे, अमित टंडन, राहुल, किशन साहू, प्यूश, अश्विनी चन्द्राकार, रितेश साहू, राजू साहू, साहिल वर्मा, अनुराग यादव, झमन वर्मा व अन्य सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल थे। जिन्होंने छात्र शक्ति प्रदर्शन करते हुए प्राचार्या के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा व उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

# हाईस्कूल परीक्षा में अंचल के 5 छात्रों ने टॉप टेन में आकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

■ प्रतिभावन विद्यार्थियों को विधायक नंद ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की प्राविण्य सूची में आकर सरायपाली अंचल का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक किस्मत लाल नंद ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।ज्ञात हो कि टॉप टेन में अंचल के पांच विद्यार्थियों ने जगह बनाकर सरायपाली का नाम रोशन किया है 1.मीनाक्षी प्रधान पिता अनिल प्रधान 98प्र,(3 रेंक), केजी कॉन्वेंट स्कूल। 2. नैंसी पटेल पिता खिरसागर पटेल 97.50प्र.(6 रेंक) एकलव्य अरजुंडा 3.भवानी पटेल पिता सुग्रीवर पटेल 97प्र (9 रेंक) शास हाई मोहंदा 4. प्राची भोई पिता ललित भोई 96.83 प्र (10 रेंक)एकलव्य अर्जूंडा 5.महक अग्रवाल पिता नवीन अग्रवाल 96.83प्र(10 रेंक) इवास वुडलेंड सरायपाली अंचल को गौरवान्वित करने के लिए सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों व संबंधित शिक्षकों व पालकों को विधायक ने शुभकामनाएं दी है।

**मोहदा की भवानी पटेल 10 वीं में टॉप 10 में 9 वां रैंक हासिल की :** संस्था प्राचार्य टीकम चंद पटेल ने बताया कि अत्यंत हर्ष एवं उल्लास का विषय है कि हमारे स्कूल से दूसरी बार छ. ग. टॉप 10 में आना वाकई आप सभी गुरुजनों के लगन, मेहनत अध्यापन कार्य में कठिन परिश्रम का फल वर्तमान में फलीभूत हो रहा हैं। मैं आशा करता हूं कि अध्यापन में आगे भी ऐसे हर वर्ष टॉप 10 में परीक्षा फल लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।इसी अपेक्षा के साथ शास उच्च माध्य विद्या,मोहदा संस्था के प्राचार्य ,शाला परिवार एवं शाला विकास की ओर से कु. भवानी पटेल एवं शिक्षक स्टाफ को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाए दी।

### 10 की छात्रा अनीता वर्मा ने रायपुर जिले में किया टॉप

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा में संचालित प्रियदर्शनी कन्या शाला की छात्रा अनीता वर्मा ने पूरे रायपुर जिले में दसवीं कक्षा में 580 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है अनीता के पिता गजेन्द्र वर्मा पलारी ब्लॉक मेंशिक्षक है और माता गृहणी है अनीता टीचर बन्नना चाहती है और पेंटिंग चित्रकला में भी रुचि रखती हैं।

# सुख हो या दुख हर स्थिति में परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए : आचार्य वरूण तिवारी



पायनियर संवाददाता < सिमगा
www.dailypioneer.com

नगर सहित अचंल के बड़े महराज के नाम से प्रख्यात पंडित प्रेमनारायण चतुर्वेदी के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर चतुर्वेदी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस के अवसर पर कथा कहते हुए कहा कि हमारे जीवन में सुख हो दुख हर स्थिति में परमात्मा को नहीं भूलना चाहिए । साथ ही मनुष्य को अपने द्वार पर आये कोई भी साधू संत या याचक को कभी खाली हाथ नहीं लौटाना चाहिए क्योंकि वह अपनी दरिद्रता को घर में छोड़कर चला जाना जाता हैं लोग फल खाकर स्वाद लेते है मगर वृक्ष की तपस्या को कोई नहीं देखता है माता पिता भी वृक्ष के सामान होते है खुद तपस्या करके अपने संतान का लालन पालन करते है । भगवान को निर्मल मन के लोग ही भाते भगवान ने खुद कहा कि मोहे कपट छ्ल छिद्र भावा निर्मल मन सोही मोही पावा । अतः भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए । भाव अगर निर्मल और पावन है तो मरा मरा जपने से भी वह धीरे से राम राम में बदल जाता है । भगवान तो भाव के भूखे होते है । कथा उपारंत सभी ने मिलकर श्रीमद्भागवत महापुराण की मगंलमय आरती किये तत्पपश्चात विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया गौ दान कपिला तर्पण बाद धूमधाम के साथ भव्य शोभायात्रा निकाला गया।

# भाजपा का स्थापना दिवस समारोह जिला दफ्तर में धूमधाम से मनाया गया

■ भाजपा बूथ अध्यक्ष 135 के निवास में नेता द्वय ने झंडा फहराया

पायनियर संवाददाता < भाजपा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार जिला भाजपा दफ्तर बलौदाबाजार में बुधवार को भाजपा का स्थापना दिवस समारोह वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति में पार्टी का ध्वज फहरा कर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता टेसूलाल धुरंधर ने पार्टी के संघर्षों से भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।

तत्पश्चात सुबह 10 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी का संबोधन सुना और पार्टी एवं जनहितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया, साथ ही इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित समस्त भाजपा कार्यालयों में ध्वाजारोहण किया गया, स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह रहा। समारोह आयोजन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित कर विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के योगदान को भी सराहा। पार्टी की ओर से बलौदाबाजार कार्यालय में प्रमुख आयोजन हुआ। इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की पार्टी कार्यालयो में जुटान हुई। इसके अलावा पार्टी के पदाधिकारियों ने बूथ अध्यक्ष के घर में भाजपा के झंडे को फहराया और छत्तीसगढ़ राज्य में भी फिर से कमल खिलाने व भाजपा सरकार बनाने का दृढ़ संकल्प लिया। इस समारोह में प्रमुख रूप सेवरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, सुभाष जालान, नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, अशोक जैन, उमेश बाजपेई, कृष्णा अवस्थी, सुनीता वर्मा, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, रेवाराम साहू, मणिकांत मिश्रा, पुनीत यादव, पुरुषोत्तम साहू, रीटा केशरवानी, परेश वैष्णव, मंजीत कौर सलूजा, शांति पात्रे, शिव नरेश मिश्रा, इंद्रकुमार पंजवानी, अशोक सोनी, रमाकांत सोनी सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कलेक्टर पहुंचे विभिन्न कार्यालय, सफाई अभियान का लिया जायजा

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देश पर आज जिलें के सभी शासकीय कार्यालयों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान आज सुबह कलेक्टर ने सबसे पहले सँयुक्त जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों में चल रहे सफाई अभियान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पेयजल की व्यवस्था,रिकार्ड रूम,वाश रूम,वेटिंग रूम,जनदर्शन कक्ष सहित अन्य कक्षो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीछे के तरफ पार्किंग स्थल का भी जायजा लिया। साथ ही रोड किनारे उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को मिट्टी डालकर पेड़ पौधे लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कैंटीन में पहुँचकर सीधा किचन की साफ सफाई को देखा। सफाई व्यवस्था से संतुष्टि जताते हुए कुछ आवश्यक सुधार करने के निर्देश कैंटीन संचालक को दिए है। इस दौरान कलेक्टर डोमन सिंह सभी जिला अधिकारियों के साथ कैंटीन में ही बैठकर चाय की चुस्की ली। साथ ही जिला मुख्यालय स्थित जनपद पंचायत कार्यालय, जिला हॉस्पिटल में भी आकस्मिक रूप से पहुँचकर सफाई अभियान का जायजा लिया।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

Email ID:- cmonppsaraipali@gmail.com

क्र./158/न.पा.प./लो.नि.वि./2022-23 सरायपाली, दिनांक 15/05/2022

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पालिका परिषद् सरायपाली क्षेत्रांतर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-A अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. CGPWD BUILDING/Road/Electrical SOR w.e.f. on 01.01.2015/01.06.2020 से प्रशित दर पर आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य विवरण | अनु. लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा | सक्षम श्रेणी | आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | जमा निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 99677 | वार्ड क्र. 05 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 20.00 | 16000.00 | 06 माह | ''द'' एवं उच्चतम श्रेणी | 30.05.2022 | 07.06.2022 |
| 2 | 99671 | वार्ड क्र. 09 में कोलता समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 25.00 | 18750.00 | 06 माह | ''द'' एवं उच्चतम श्रेणी | 30.05.2022 | 07.06.2022 |
| 3 | 99672 | वार्ड क्र. 13 में पटेल समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। | 25.00 | 18750.00 | 06 माह | ''द'' एवं उच्चतम श्रेणी | 30.05.2022 | 07.06.2022 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**टीप**-निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड/पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त की जावेगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुंद**


## परीक्षा का मतलब स्वयं को परखना

# परीक्षा से डरे नहीं, उसे आगे बढ़ने का पायदान समझें : ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित प्रेरणा समर कैम्प के दसवें दिन राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने भयमुक्त जीवन विषय पर बोलते हुए बच्चों को परीक्षा के भय से बचने का तरीका समझाया।

राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि विद्यार्थियों को सबसे अधिक भय परीक्षा का होता है। किसी विषय को जब हम पूरी तरह से नहीं जानते हैं तब हमारे अन्दर भय उत्पन्न होता है। परीक्षा का मतलब है स्वयं को परखना। परीक्षा एक ऐसा शब्द है जिससे हर कोई डरता है, किन्तु यह याद रहे कि परीक्षा ही वह पायदान है जिस पर पैर रखकर आगे बढ़ा जाता है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा जीवन का अभिन्न अंग है। परीक्षा के बिना जीवन में आगे नहीं बढ़ सकते। उन्होंने परीक्षा को सकारात्मक ढंग से लेते हुए कहा कि जब किसी का प्रमोशन होता है और उसे आगे बढ़ने का मौका मिलता है तो उसे आन्तरिक खुशी होती है। इसी प्रकार परीक्षा को भी प्रमोशन या आगे बढ़ने का माध्यम समझें। जब भी कोई परीक्षा आए तब उसे खुशी से पार कर आगे बढ़ जाएँ। उन्होंने कहा कि दुनिया में भय नाम की कोई चीज नहीं होती यह सिर्फ हमारे मन की कल्पना है। यह नकारात्मक सोच से उत्पन्न होता है। परीक्षा के पहले अच्छी तरह से तैयारी करने के लिए बच्चों को टिप्स देते हुए उन्होंने बतलाया कि परीक्षा से वही लोग डरते हैं जिनकी तैयारी पूरी नहीं होती है।

### ऐसे करें परीक्षा की तैयारी

सबसे पहले अपनी दिनचर्या सेट कर लें। इसमें पढ़ाई के साथ-साथ थोड़ा समय खेलकूद के लिए भी रखें। पढ़ाई शुरू करने से पहले अपने मन को सकारात्मक विचारों से भर लें-जैसे कि सफलता मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है। मैं जो चाहूँ वह कर सकता हूँ, भगवान मेरा साथी है आदि। पढ़ाई की शुरूआत दो मिनट राजयोगा मेडिटेशन के साथ करें क्योंकि राजयोग मन को एकाग्र करने की सुन्दर विधि है। जो विषय कठिन लगते हैं, उसमें किसी टीचर या अपने से बड़ों की मदद जरूर लें। सन्तुलित और सुपाच्य भोजन करें, पानी अधिक से अधिक पीएं। ब्रह्माकुमारी अदिति दीदी ने कहा कि बीच-बीच में स्वयं ही टीचर बनकर अपनी जाँच करें। पिछली गल्तियों का विश्लेषण कर उन्हें सुधारें। परीक्षा के एक दिन पहले सारी आवश्यक सामग्री एक जगह इकट्ठे कर लें। रात को भरपूर नीद लें और चूँकि आपने तैयारी पूरी की हुई है अतः बिना किसी भय के अगले दिन परीक्षा हॉल में जाएँ। क्योंकि भय होने से याद किया हुआ पाठ भी भूल जाता है।

### रविवार को शाम को 5.30 बजे शान्ति सरोवर में समर कैम्प का समापन समारोह

रविवार, 15 मई को शाम 5.30 बजे विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण एवं अभिभावक मिलन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता और जिला शिक्षा अधिकारी ए.एन. बंजारा, उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी करेंगी।


## कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल जगदलपुर (छ.ग.)

क्रमांक 41/उद्योग/2022/जगदलपुर, दिनांक 06/05/2022

// (निविदा आमंत्रण )//

( नियम 4.4.2 )

वार्षिक निविदा वर्ष 2022-23

केन्द्रीय जेल जगदलपुर में संचालित काष्ठकला व फर्नीचर उद्योग, लौह उद्योग, बुनाई उद्योग, सिलाई उद्योग, केकती हस्तकला, मुद्रण (स्क्रीन/ऑफसेट) उद्योग, मसाला उद्योग के लिए आवश्यक सामग्री क्रय करने हेतु निविदाएं सील बंद लिफाफे में दिनांक 08.06.2022 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जिला कार्यालय के वेबसाईट www.bastar.gov.in से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा (निविदा फीस निविदा प्रस्तुत करते समय आवेदन के साथ आयकर प्रमाण पत्र सहित रू. 10,000.00 (रू. दस हजार मात्र) नगद भुगतान करना होगा) या अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रू. 10,000.00 (रू. दस हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 07.06.2022 को दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

- निविदा फार्म की विक्रय की अंतिम तिथि - 07.06.2022 को दोपहर 01:00 बजे तक।
- निविदा जमा करने की तिथि - 08.06.2022 प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक।
- निविदा खोलने की तिथि - 08.06.2022 सायं-काल 04:00 बजे।
- स्थान - केन्द्रीय जेल जगदलपुर

G- 91112/3

**जेल अधीक्षक**
**केन्द्रीय जेल जगदलपुर (छ.ग.)**

# महापौर निर्मल कोसरे के नेतृत्व में निकली ई रिक्शा रैली मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर ने दिखाई हरी झंडी

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई 3
www.dailypioneer.com



नगरीय निकायों में संचालित छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने भिलाई - चरोदा नगर निगम में ई रिक्शा रैली निकाली गई। महापौर निर्मल कोसरे के नेतृत्व में चरोदा हनुमान मंदिर से निकली इस रैली को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी मनीष बंछोर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में सभापति कृष्णा चंद्राकर व आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर सहित विभिन्न वार्ड के पार्षदों ने सहभागिता प्रदान की।

भिलाई - चरोदा नगर निगम ने आज जनहित में एक नई और अनूठी पहल किया है। स्वच्छ भारत योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए शासन से प्रदत्त 26 ई रिक्शा की रैली निकालकर निगम में संचालित शासन के विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों से लाभ उठाने की अपील की गई।? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी मनीष बंछोर ने हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित संतोष शर्मा के साथ सभी ई रिक्शा का पूजा अर्चना कर रैली को हरी झंडी दिखाया। महापौर निर्मल कोसरे ने स्वयं ई रिक्शा चलाकर रैली की अगुवाई की। मौके पर निगम सभापति कृष्णा चंद्राकर व आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर सहित पार्षद और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रैली में शामिल सभी ई रिक्शा में छत्तीसगढ़ शासन की नगर निगम क्षेत्र में संचालित योजनाओं से संबंधित पोस्टर लगाए गए थे। जन्म, मृत्यु, जाति, निवासी सहित 13 तरह के प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत टोल फ्री नंबर 14545 पर डायल करने की अपील की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधा के लिए मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, सस्ती जेनेरिक दवाईयों के लिए धनवंतरी योजना, युवा, कला, संस्कृति एवं खेल के लिए राजीव युवा मितान क्लब योजना और स्वयं की जमीन पर पक्का आवास बनाने मोर मकान मोर चिन्हारी योजना का लाभ उठाने की अपील आम जनमानस से की गई।

### भिलाई - चरोदा में बेहतर काम : बंछोर

मुख्यमंत्री के ओएसडी मनीष बंछोर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का भिलाई - चरोदा निगम क्षेत्र में बेहतर की यान्वयन हो रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत शासन से निगम को 26 ई रिक्शा मिला है। अभी 70 ई रिक्शा और आना है। इससे निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पहले से बेहतर हो जाएगी। महापौर निर्मल कोसरे ने कहा कि शासन से मिले ई रिक्शा से रैली निकालकर लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आज भिलाई-3 व चरोदा शहरी क्षेत्र में रैली निकाली गई। आने वाले दिनों में इस तरह की रैली ग्रामीण वार्डों में निकालकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। सभापति कृष्णा चंद्राकर ने बताया कि स्वच्छता कार्य के लिए शासन से ई रिक्शा आने के बाद ग्रामीण वार्डों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, जिसका लाभ स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम को मिलेगा।

# बाल अधिकार की पत्रकारों को दी गयी जानकारी कांकेर में आयोजित हुई 2 दिवसीय कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापुर
www.dailypioneer.com



यूनिसेफ व कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के जन संचार विभाग द्वारा मीडिया और बाल अधिकार विषय पर कांकेर के ग्रीन पाम होटल में 12 एवं 13 मई को 2 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी. जिसमें दिल्ली व रायपुर से आये विशेषज्ञों द्वारा कांकेर एवं आस पास के जिलों से आये पत्रकारों को बाल अधिकारों की जानकारी दी गयी, साथ ही इस विषय पर कैसे समाचार बनाये और आंकड़े कैसे तथा कहाँ से जुटाये इसके बारे में विस्तार से बताया गया. इस कार्यक्रम में 2 दर्जन से अधिक पत्रकारों ने शिरकत की, सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. आसीमा सिंह के द्वारा पत्रकारों को समाचार लिखने के उल्टा पिरामिड व 5 डब्लू 1 एच तरिके से अवगत कराया गया. उन्होंने कहा की एक सुचना और समाचार में थोड़ा सा अंतर हैं जिसे समझना अवश्यक हैं. एक सुचना में कई समाचार छिपे होते हैं जिसे ढूढ़ना एक पत्रकार का काम हैं. कई बार जल्दबाज़ी के चलते समाचार में कई मुख्य बातें छूट जाती हैं जिससे समाचार प्रभावी नहीं रह जाता. एक समाचार को प्रभावी होना चाहिए और सरल शब्दों के अनावरण में पेश किया जाना चाहिए. जनसरोकार के मुद्दों को असरदार तरीके से सबके सामने लाने के लिए एक पत्रकार को अपनी लेखनी में निरंतर निखार लाना चाहिए. इसी उद्देश्य से पत्रकारों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।छत्तीसगढ़ में यूनिसेफ के संचार विशेषज्ञ सेम बंदी के द्वारा यूनिसेफ़ का परिचय देते हुए विश्व भर में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो तथा अब तक छत्तीसगढ़ में किये गए प्रयासों के बारे में बताया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में बच्चों व महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला गया व इनकी स्थिति सुधारने में मीडिया की भूमिका किस प्रकार होनी चाहिए यह भी चर्चा की गयी। पत्रकारों को बाल अधिकारों व उनके हनन के संबंध में संवैधानिक जानकारी दी गयी और इस विषय पर अन्य लोगों को जागरुक करने की अपील भी की गई। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्व विद्यालय के जन संचार विभागाध्यक्ष डॉ. शहीद अली ने भी पत्रकारिता के धर्म और उसके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी।

## भिलाई चरोदा के रेलवे कॉलोनी से कचरा उठाने रेलवे से होगा अनुबंध




**भिलाई-3।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में दिनांक निगम आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर एवं निगम महापौर निर्मल कोसरे की उपस्थिति में रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक स्वच्छता विषय पर संपन्न हुई। निगम महापौर कोसरे द्वारा परिषद की बैठक में उठी मांग स्वीकार करते हुए सभी पार्षदों को यह आश्वस्त किया था कि, रेलवे क्षेत्र में भी डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य निगम द्वारा किया जायेगा। जिसके फलस्वरूप पक्ष विपक्ष के पार्षदों को साथ लेकर महापौर ने क्षेत्रीय रेलवे विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से इस विषय पर सहमति बनाने अनेक बार बैठक की है। इस दौरान निगम स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर, डॉ. जमकियार -मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी (रेलवे) डॉ. सरकार-मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दुबे एवं दीपक सोनी (रेलवे) विभाग से उपस्थितरहे। कुछ एक तकनीकी विषयों पर साझा सहमति होना शेष के अलावा रेलवे क्षेत्र में भी डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य प्रारंभ होने की दिशा में है।

# निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का लिया जायजा

- **ड्यूटी से नदारद मेडिकल ऑफिसर को नोटिस देने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं, इसी तारतम्य में आयुक्त ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर का औचक निरीक्षण किया, जब आयुक्त मेडिकल स्टाफ के उपस्थिति की जानकारी ले रहे थे तब उन्हें पता चला कि मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रीटा चाबा ड्यूटी पर नहीं पहुंची है, बिना बताए और बिना कारण के अनुपस्थित है और मरीज स्वास्थ्य सेवा के लिए इंतजार कर रहे हैं, इस पर उन्होंने मेडिकल ऑफिसर को नोटिस जारी करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं, इसी प्रकार से कुसुम अरकरे फार्मासिस्ट भी ड्यूटी पर नहीं मिली। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान टीकाकरण की स्थिति का जायजा लिया, कोविड-19 के रोकथाम के लिए छूटे हुए लोगों को अधिक से अधिक टीकाकरण कराने के निर्देश दिए, वहां पर पहुंचे मरीजों से भी स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा को लेकर आयुक्त ने बात की। स्वास्थ्य केंद्र के आवक-जावक केंद्र के रजिस्टर का निरीक्षण किया, उन्होंने अस्पताल में निरंतर साफ -सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए तथा पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। आयुक्त ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए चिकित्सकों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समीपस्थ मोहल्ले एवं वार्ड क्षेत्रों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्र वरदान है, किसी भी प्रकार की स्वास्थ्यगत समस्या होने पर सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओर लोग आते हैं, छोटे-मोटे चोट और सामान्य बीमारियों के लिए समीपस्थ मोहल्ले वासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचते हैं, गरीब एवं मध्यम वर्गीय तबके के लोग भी ज्यादातर शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का रुख करते हैं। ऐसे में उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलना बेहद आवश्यक है।

## महापौर ने तीन हितग्राहियो को चेक वितरित किया

**दुर्ग।** निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में व्याप्त समस्याओं का निराकरण के लिए जन समस्या समाधान शिविर में वार्ड क्रमांक 9,10 एवं 11 के हितग्राहियो द्वारा श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत मिलने वाले राशि के लिए आवेदन शिविर में किया गया था, शिविर में आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित निराकरण करते हुए आवेदक से संपर्क कर निगम परिसर में बुलाकर महापौर धीरज बाकलीवाल ने पार्षद चंद्रशेखर चंद्राकर एवं लेखाधिकारी राजकमल बोरकर के मौजूदगी में आवेदकों को श्रद्धांजलि योजना की राशि प्रार्थी रितेश सोनी, आरती राजपूत एवं सब्बू निषाद को 2-2 हज़ार रुपये का चेक वितरित किया।



## जेल भरो आंदोलन के लिए चिखलाकसा में भाजपा की हुई बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार द्वारा लगातार दमनकारी नीतियां अपनाने तथा लोकतंत्र की हत्या करने से भारतीय जनता पार्टी द्वारा 16 मई को जेल भरो आंदोलन का ऐलान किया गया है। इसी तारतम्य में डौंडी भाजपा मंडल से अधिक से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए चिखलाकसा में 13 मई को बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी के रूप में होरी लाल रावटे तथा प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री जयेश ठाकुर, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे, मंडल डौंडी मंत्री अजय चौहान, भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष जगतपाल सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर सहित वरिष्ठ भाजपा विजय डडसेना, नीतू कुरेटी, नगर पंचायत चिखलाकसा का अध्यक्ष श्रीमती भीखी मसिया व पार्षद गण ताराचंद पाथोडे, तिहारू राम आर्य, कुंती देवांगन, विमला जैन, संगीता साहू , सुनीता गुप्ता, शांति रावटे, जया कुर्रे, ऋषभ, आशीष गुप्ता, मुन्ना हरपाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टाउनशिप सहित स्वास्थ्य केंद्रों में लगाए जाएंगे कोविड के टीके

**भिलाई नगर।** नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 15 मई को कोविड-19 के वैक्सीन लगाए जाएंगे। कल वार्ड 66 के हनुमान मंदिर के पास सड़क 18 सेक्टर 7, वार्ड 67 रेलवे टिकिट काउंटर स्टेशन सेक्टर 7, वार्ड 68 भिलाई नायर समाज स्कूल सेक्टर 8, वार्ड 69 पीजी नर्सिंग कॉलेज सेक्टर 9 व वार्ड 70 के सियान सदन मिलन चौक हुडको के टीकाकरण केंद्र वैक्सीन लगाए जाएंगे। वहीं पीएचसी जुनवानी खम्हरिया, यूपीएचसी कोसा नगर के पीदे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मंगल बाजार कोहका सामुदायिक भवन, शास्त्री हॉस्पीटल सुपेला, पीएचसी वैशाली नगर, यूपीएचसी बैकुंठधाम, यूपीएचसी छावनी, खुर्सीपार पीएचसी, बापू नगर पीएचसी, सतविजय ऑडिटोरियम सेक्टर 5 में कोरबेवैक्स, कोविशील्ड व कोवैक्सीन के टीके लगाए जाएंगे। महापौर व आयुक्त ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि कोविड टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर वैक्सीनेशन कराएं।

# चित्रकारी के जरिये बच्चों ने बिखेरे जागरुकता के रंग

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत लगातार चलाए जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान को जोन क्रमांक 01 के बच्चों ने चित्रकारी कर सफल बना दिया। शहर विधायक अरुण वोरा तथा महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम द्वारा पूरे शहर के विभिन्न वार्डों, चौक- चौराहों में रैली और घर-घर संपर्क तथा बच्चों में जागरूकता के लिए रंगोली व चित्रकारी के विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

डे- एनयूएलएम टीम द्वारा शहर में जोनवार स्व सहायता समूहों की महिलाओं व उनके बच्चों के माध्यम से स्वच्छता पर प्रतियोगिता कराई जा रही है । स्वच्छता हेतु जागरूकता का प्रचार- प्रसार पूरे शहर में किया जा रहा है । डे- एन यू एल एम टीम ने आज जोन क्रमांक 01 के बुद्धविहार भवन (शंकर नगर ) में रंगोली के साथ चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया। चित्रकारी में 50 से अधिक बच्चों ने शहर को स्वच्छता का संदेश देने प्रतियोगिता में भाग लिया।

# पीएम आवास आवंटन के लिए निगम ने तिथि को 15 मई से 25 मई तक बढ़ाया

- **झुग्गीवासियों ने नहीं लिया मकान तो किरायेदारों को करेंगे आंवटित**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



निगम सीमा क्षेत्र में अलग-अलग क्षेत्रों में बनाए गए पीएम आवासों का आवंटन झुग्गी में रहने वाले हितग्राहियों को किया जाएगा। इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा हितग्राहियों का चिह्नांकन किया गया है। ऐसे हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज डाटा सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा में 25 मई तक कार्यालयीन दिवस में प्रातः 10 से 5:30 बजे तकजमा करने कहा गया है। इन हितग्राहियों द्वारा आवास नहीं लिए जाने की सूरत में किरायेदारों को आवास का आवंटन कर दिया जाएगा। नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि झुग्गी में रहने वाले हितग्राही मात्र 75 हजार रुपये जमा कर पीएम आवास ले सकते हैं। इन हितग्राहियों को आवास लेने के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा झुग्गी बस्तियों का चिह्नांकन किया गया है। जिसमें डोंगिया तालाब पार, गिट्टी खदान रोड वार्ड-दो, सरस्वती नगर वार्ड - 34, मुर्रा भठ्ठा उरला बस्ती, दमाद पारा वार्ड-57 एवं 58, जेल तिराहा, जोगी नगर, संत रविदास नगर, चांदमारी पारा स्वीपर कालोनी, इंदिरा कालोनी निगम क्वार्टर के रहवासी शामिल है।

# निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं बीएसपी के अधिकारियों ने पेयजल को लेकर किया टाउनशिप एरिया में संयुक्त निरीक्षण

- **शुरुआत के 10 से 15 मिनट आ रहा है बीएसपी के कई क्षेत्रों में गंदा पानी**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



सुबह मॉर्निंग विजिट में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे प्रातः 6:00 बजे बीएसपी के कई क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे, इस दौरान बीएसपी के अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान पूरे समय मौजूद रहे। संयुक्त निरीक्षण में कई क्षेत्रों में पानी के प्रेशर और शुद्ध पेयजल को लेकर जायजा लिया गया। प्रारंभिक फीडबैक में घरेलू महिलाओं एवं रहवासियों ने बताया कि शुरुआत के 10 से 15 मिनट गंदा पानी आ रहा है, जब यह पूछा गया कि कब से इस प्रकार की समस्या है तो रहवासियों ने बताया कि विगत एक से डेढ़ महीने हो गए इसी प्रकार से प्रारंभिक दौर में गंदा पानी आता है और कुछ देर बाद शुद्ध पानी मिलता है। निगमायुक्त ने सेक्टर 10 के अलग-अलग स्ट्रीट, सेक्टर 9 के विभिन्न स्ट्रीट, सेक्टर 8 एवं सेक्टर 7 सहित अन्य स्थानों पर पेयजल की शुद्धता देखने के लिए पहुंचे। निरीक्षण में पानी के प्रेशर में कमी नहीं पाई गई वही सेक्टर 6 के कई स्ट्रीट में पानी प्रारंभिक दौर से अंतिम तक शुद्ध मिलना पाया गया। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर आज 30 से 35 अलग-अलग बीएसपी क्षेत्र के घरों से पानी की शुद्धता पर रखने के लिए सैंपल लिया गया। इस दौरान बीएसपी के इंजीनियरिंग विभाग के जीएम संजय कुमार, सीजीएम यू. के. झा, डी.सी. सिंह, चंद्राकर, सुमित झा, बसंत साहू, निगम के जोन आयुक्त एन. आर. रत्नेश, कार्यपालन अभियंता जल कार्य विभाग संजय शर्मा, उप अभियंता अर्पित बंजारे एवं श्वेता महेश्वर आदि निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। पेयजल व्यवस्था में सुधार लाने बीएसपी प्रबंधन को नोटिस देने के निर्देश निगम आयुक्त एवं बीएसपी के अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कई क्षेत्रों में पानी प्रारंभिक दौर पर गंदा आना पाया। इस पर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बीएसपी प्रबंधन को शीघ्र शुद्ध पानी प्रदाय करने के लिए नोटिस देने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि शुद्ध पानी प्रदान करना आवश्यक है अन्यथा बड़ी महामारी को यह जन्म दे सकता है, इसको इसी स्तर पर रोकना जरूरी है, इसको लेकर बीएसपी प्रबंधन को ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि दूषित पानी के कारण बीमारी की चपेट में कोई न आए। बीएसपी के अधिकारियों से यह भी कहा कि दूषित पानी आने के कारण का पता लगाकर इसका जल्द से जल्द समाधान कर शुद्ध पेयजल टाउनशिप वासियों को प्रदान करें। निरीक्षण में कई घरों से पानी के सैंपल लिए गए हैं जिसे भिलाई निगम के जल शोधन संयंत्र के लैब में जांच किया जाएगा।

# सत्तर प्रतिशत विकलांग बच्ची को एम्स जाने में आ रही थी समस्या, अब निगम के संसाधन से जाएगी अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com





निदान 40 मेगा शिविर में ऐसे परिवार के सद्स्यों को उम्मीद की नई किरण मिली जब आयुक्त आशीष देवांगन ने कहा कि बच्ची को फिज्योथैरपी के लिए निगम संसाधन उपलब्ध कराऐगा। दरअसल वार्ड 40 निवासी 16 वर्ष की आरती को लेकर उसके परिजन पुरैना स्थित सांस्कृतिक भवन शिविर स्थल पहुंचे थे। उन्होंने संसाधन के अभाव में हर माह बच्ची को एम्स ईलाज के लिए ले जाने में अस्मर्थता जाहिर की।

शासन की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने और समस्याओं का निराकरण करने लगाए शिविर में पहुंचे कठुवा परिवार के सद्स्यों को आयुक्त ने भरोसा दिलाया कि लक्ष्मी को अस्पताल पहुंचाने की जिम्मेदारी निगम की होगी। दरअसल आरती 8 वी की पढ़ाई पूरी कर ली है। वो बचपन से चल नही सकती। एम्स के डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया है कि वह जल्द अपने पैरो में चलेगी किन्तु माली हालत ठीक नहीं होने से परिवार के सद्स्य अस्पताल ले जाने में असमर्थ है। आयुक्त इस समस्या का निराकरण करते कहा कि एम्स ले जाने के 2 दिन पूर्व उन्हे सूचना दे।

### प्रदेश महामंत्री ने किया शिविर का उदघाटन

क्षेत्रीय विधायक व गृह एवं लोकनिर्माण विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर निगम क्षेत्र के 40 वार्डो में अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाया जा रहा है। शिविर का उदघाटन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने किया।

इस अवसर पर नगर पालिक निगम के सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य विलास राव बोरकर, परमेश्वर, सनीर साहू, अनूप डे, चन्द्रभान ठाकुर, पार्षद रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, चन्द्रप्रकाश निगम, आयुक्त आशीष देवांगन, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर व शिविर के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू आदि उपस्थित थे। पुरैना निवासी राजेश कठुवा को प्रशासन ने 10 हजार की सहायता देते चेक प्रदान किया था।

# वैवाहिक बलात्कार

## मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**हिंदू** विवाह संस्था का विकास शताब्दियों में हुआ है। इसलिए उसके मूल्य व स्वरूप स्थाई नहीं हैं। इसी कारण वे अब समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन दोनों तथ्यों का अर्थ है कि विवाह संस्थान पत्थर पर खिंची लकीर नहीं है और पहले की तरह वह आज भी लगातार बदल रहा है। अपने बीच संबंधों तथा परस्पर सम्मान के मामले में दोनों साझीदारों की स्थिति समान है। संस्थान के विकास का प्रमाण है कि अब लिव-इन संबंधों, अंतर-धार्मिक विवाहों, प्रेम विवाहों, अंतर-जातीय विवाहों तथा समान-लिंग विवाहों की घटनायें सामने आ रही हैं। ये सभी प्रवृत्तियां उन पितृसत्तात्मक मूल्यों के विरोध में हैं जो परंपरागत रूप से हिंदू विवाहों पर हावी रहे हैं। आज इन सारी अवधारणाओं को कानून के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त है। यहां तक कि कानून पंजीकृत विवाह को भी अनुमति देता है। आर्य समाज विवाह की ऐसी व्यवस्था का समर्थन करता है जो परंपराओं, पृथाओं, जाति व पितृसत्ता जैसे कट्टरपंथी मूल्यों को अस्वीकार करती है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा उदारवादी सोच वाली महिलायें व पुरुष स्वयं तय करते हैं कि उनको कब और किससे विवाह करना है। हालांकि, विवाह संस्था तथा उसमें शामिल होने वाले लोगों के बीच हितों का टकराव भी है। अधिकाधिक लोग, खासकर महिलायें संस्थान के कारण अपने अधिकारों में कमी के खिलाफ आवाज उठा रही



हैं। वे विवाह का चरित्र स्वयं परिभाषित किए जा सकने वाले मूल्यों के आधार पर करना चाहते हैं। इसलिए सवाल यह है क्या यौन संबंध के मुद्दे पर वैवाहिक विवाद हो सकता है? क्या कानून को विवाह संस्था में आधे से अधिक युगलों के अधिकारों व पसंद के अधिकार को सुरक्षा देनी चाहिए जिनको संस्थान में व्याप्त तानाशाही के कारण अनदेखा किया जाता है? दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण के मुद्दे पर परस्पर विरोधी फैसला दिया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 375 का अपवाद 2 विवाद का विषय है जिसके अंतर्गत यदि पत्नी नाबालिग न हो तो पति द्वारा पत्नी से बिना उसकी सहमति के जबरन सेक्स बलात्कार नहीं माना जाएगा। यदि पत्नी व पति कानून की नजरों में समान हैं तो यह उल्टा प्राविधान क्यों है जिसके चलते बिना सहमति के भी पति अपनी पत्नी से यौन संबंध स्थापित कर सकता है? तथ्य यह है कि अपवाद एकपक्षीय है और पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह स्पष्ट करता है। इससे यह तर्क भी सामने आता है कि समाज में अपवाद 2 का कोई स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि अन्य सारी चीजों के अलावा यह महिला के अपने शरीर पर अधिकार का उल्लंघन करता है। सामाजिक मानक के रूप में यह अपवाद महिला के सहमति के अधिकार का अपमान करता है। लेकिन इस दृष्टिकोण पर अलग- अलग राय रखने वाले न्यायाधीशों ने याचिकाकर्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति दी है। यह स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में समाज और उसके कानूनों को महिलाओं व पुरुषों की समानता का सम्मान करना और उसे सुरक्षा देनी चाहिए। महिलाओं को दबाने वाले पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के चलते शताब्दियों से उनके अधिकारों व पसंद को कुचला जा रहा है। ऐसे में समाज और कानून पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि उनके अधिकारों को बहाल करें। एक समय महिलायें अपने पति का चयन 'स्वयंवर' के माध्यम से करती थीं, लेकिन बाद में उनकी परंपरागत स्वतंत्रता छीन ली गई और उनको पुरुष संरक्षण के आधीन कर दिया गया। वर्तमान समय में महिलायें अपना खोया हुआ दर्जा वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन उनको बताया जा रहा है कि विवाह का अर्थ उनको अपने पति द्वारा जबरन यौन संबंध को बर्दाश्त करने की जिम्मेदारी भी है।

# पाकिस्तान में चीन की चुनौतियां

**शारी बलूच के आत्मघाती हमले ने चीन की चिन्तायें व्यापक रूप से बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान का पूरा समाज इनसे प्रभावित है।**



**भूपिंदर सिंह**
(सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उप-राज्यपाल)



आतंकवाद की वैश्विक 'नर्सरी' बन चुका पाकिस्तान धार्मिक-कट्टरपंथ का भी गंभीर शिकार है। इसके उसे भारी परिणाम भुगतने पड़े हैं। इससे पूर्व अमेरिकी विदेश सचिव हिलेरी क्लिंटन का वह कथन याद आ जाता है कि 'जो अपने पिछवाड़े सांप पालते हैं, वे केवल उनके पड़ोसियों को ही नहीं काटते हैं।' लगभग दो साल पहले पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान की धरती पर लगभग '30,000 से 40,000' आतंकी व चरमपंथी मौजूद हैं। पाकिस्तान में प्रशिक्षित व उससे हथियार प्राप्त हजारों आतंकी वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलओसी के पार भारत में सक्रिय थे। लगभग इसी प्रकार वर्ष 2000 में आई संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि लगभग 6,000 पाकिस्तानी लड़ाके ड्यूरंड रेखा के पार अफगानिस्तान में भी सक्रिय हैं। इनमें से अधिकांश का संबंध पाकिस्तान पर निशाना लगाने वाले तहरीके तालिबान या पाकिस्तानी तालिबान से था।

लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों की उपस्थिति केवल उसके संघीय शासन वाले कबीलाई क्षेत्रों, खैबर पख्तूनख्वा या पंजाब प्रांत तक सीमित नहीं है, बल्कि ये सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान के कुछ क्षेत्रों में भी मौजूद हैं। 'पाकिस्तानी इंस्टीट्यूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्यूरिटी स्टडीज़' की एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में आश्चर्यजनक रूप से 24 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन यह बात समझ से परे है कि पाकिस्तान आधिकारिक रूप से पाकिस्तान तालिबान व आईएसआईएस-खुरासान गुट के समर्थन के पीछे 'भारतीय हाथ' की बात करता है।

पाकिस्तान अपरिहार्य रूप से एक विफल राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है क्योंकि वह अतिवाद की जड़ों को उखाड़ कर समस्या के संपूर्ण समाधान का अनिच्छुक है। इसी कारण उस पर वैश्विक निगरानी एजेंसी वित्तीय कार्यवाही कार्यबल-एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद का समर्थन करने के कारण लगातार 'काली सूची में डालने' की तलवार लटकी हुई है। पाकिस्तान में आधिकारिक रूप से पहली महिला आत्मघाती आतंकी के कारनामे से वहां आतंकवाद ने एक नाटकीय रूप ले लिया है। यह कारनामा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की शारी बलूच ने दर्ज कराया है। उनके द्वारा निशाने के चयन तथा भविष्य में उसके खतरनाक परिणामों के बारे में भी अनेक पक्षों में भय व्याप्त हो गया है। शारी ने खासकर कराची विश्वविद्यालय के कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट के बाहर तीन चीनी नागरिकों पर निशाना लगा कर उनको मार डाला। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि शारी परंपरागत रूप से निरक्षर नहीं थीं, न ही उनका कभी उत्पीड़न हुआ था और उनकी पृष्ठभूमि भी अन्य आत्मघाती हमलावरों जैसी नहीं थी। शारी एमफिल उपाधि प्राप्त शिक्षक थीं, उनका एक दंत चिकित्सक से विवाह हुआ था और उनके परिवार के सदस्य स्थाई सरकारी नौकरियों में सुस्थापित थे। इसके बावजूद शारी पाकिस्तान में चीनियों की उपस्थिति से गहरे तक आहत थीं और इसी आहत भावना के कारण वे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी-बीएलए की मजीद ब्रिगेड में शामिल हुई थीं तथा स्वयं आत्मघाती हमलावर की भूमिका चुनी थी।

इमरान खान युग में भले ही खतरनाक ढंग से अमेरिका-विरोधी विमर्श को बढ़ावा दिया गया था और शुरुआत में पाकिस्तानियों के बड़े तबके में इस दृष्टिकोण को स्वीकार्यता भी मिली थी। लेकिन इसके एकदम उलट ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी जनता के मन में चीनी तेजी से अमेरिकनों का स्थान लेते जा रहे हैं और उनको पाकिस्तानी धरती पर नए साम्राज्यवादियों व उपनिवेशवादियों की तरह देखा जा रहा है। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद पाकिस्तान के संबंध अपने द्वारा ही तैयार किए गए अफगान तालिबान से लगातार खराब होते जा रहे हैं। पाकिस्तानी धरती पर बढ़ती हिंसा के कारण अनेक पाकिस्तानियों को यह सवाल पूछने पर मजबूर होना पड़ रहा है कि अफगान तालिबान के पक्ष में आ कर संयुक्त राज्य अमेरिका को राक्षस की तरह पेश करने का लाभ आखिरकार किसे मिला। पास्तिानी समाज में विभाजन खतरनाक रूप से तीखे होते जा रहे हैं जो शियाओं, अहमदियों व अन्य अल्पसंख्यकों के बीच पैदा हो रहे हैं।

तथाकथित 'नया पाकिस्तान' में सामाजिक विभाजन बढ़ने के साथ ही हिंसा और हमलों से कोई राहत नहीं मिल रही है। इस सारे रक्तपात और नरसंहार के साथ कमर तोड़ने वाली महंगाई तथा वैश्विक महामारी के कारण पैदा उथलपुथल ने आम आदमी को अत्यधिक संकट का शिकार बना दिया है। अनेक लोगों को लग रहा है कि उनका जीवन गंभीर संकट में है। इसके कारण जनता में पैदा होने वाला विस्फोटक गुस्सा अब केवल निरक्षरों व धार्मिक कट्टरपंथियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शारी जैसे लोगों में भी फैल रहा है। उनको लगता है कि चीन ने सामाजिक-आर्थिक रूप से उनके देश पाकिस्तान को दलदल में फंसा दिया है तथा वह प्रभावी रूप से चीन का मुहरा या आश्रित देश बन गया है। स्वतंत्रता के बाद से ही ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान के विकास में उचित हिस्सेदारी से वंचित बलूच लोग खासकर बढ़ती चीनी उपस्थिति से परेशान हैं। बलूच जनता चीनियों को खूनी सूदखोर तथा अपनी जमीन, संसाधनों व संस्कृति पर कब्जावरों व लुटेरों की तरह देखती है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में निवेशों के वित्तीय व रणनीतिक उद्देश्यों के कारण चीनी आसानी से यहां से पीछे नहीं हटेंगे जिससे तनाव और बढ़ सकता है। चीनी सरकार के अनाधिकारिक मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने चेतावनी देते हुए कहा, 'हम चेतावनी देना चाहते हैं कि चाहे पाकिस्तान के भीतर हो या बाहर, चीनी नागरिकों पर हमला करने वाली शक्तियों पर कठोरतम हमला किया जाएगा।' लेकिन वायस फार बलूच मिसिंग पर्सन्स-वीबीएमपी जैसे संगठनों ने दावा किया है कि 35,000 से अधिक बलूचों का अपहरण किया गया है या वे आश्चर्यजनक रूप से गायब हो गए हैं। इस कारण चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। उनको बलूच नागरिकों की तुलना में मिलने वाले विशेषाधिकारों व विशिष्टता के कारण बलूचों की भावनायें आहत हो रही हैं, वे लगातार एकजुट हो रहे हैं तथा अपने गुस्से का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीपीईसी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विशेष सुरक्षा डिवीजन की 34वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन के 15,000 सैनिक व सैन्य अधिकारी इस प्रकार उभरने वाले विरोध के कारण भारी दबाव में हैं और स्वयं को नाकाफी पा रहे हैं। इसी कारण पाकिस्तान में बलूचिस्तान के ग्वादर में दूसरी प्रतिबद्ध 44वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन तैयार की है। लेकिन पिछले साल सैनिक क्षमता में किए गए इस विस्तार के बावजूद नौ चीनियों पर निशाना लगा कर उनको उस समय मार डाला गया जब वे एक बस से अपर कोहिस्तान में यात्रा कर रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले चीनियों ने स्वयं को हथियारों से लैस करना शुरू किया। पाकिस्तानी जनता के विद्रोही दृष्टिकोण तथा चीनियों व औसत पाकिस्तानियों के बीच सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण दोनों के बीच परस्पर विश्वास पैदा करना बहुत कठिन हो गया है। केवल आने वाला समय ही तय करेगा कि चीन में रहने वाले अपने ही धर्म के उइगुरों पर होने वाले अत्याचार पर सरकारी पाकिस्तानी दृष्टिकोण के विरोध में पाकिस्तानी जनता कब उठ खड़ी होगी। ऐसे में पाकिस्तान से जबरन बाहर भगाए गए पूर्वी तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट-ईटीआईएम की वापसी अपरिहार्य है जो उइगुरों की प्रतिरोधी सेना है। शारी बलूच की अभूतपूर्व आत्मघाती हमलावर बनने की घटना पूरे पाकिस्तानी समाज में चीन के प्रति बढ़ती चिन्ता प्रकट करती है।

यह पूरे समाज को प्रभावित कर रही है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि पुरुष आत्मघातियों की तुलना में महिला आत्मघातियों को आठ गुना अधिक प्रचार मिलता हे। उन पर आमतौर से संदेह नहीं किया जाता है और वे सुरक्षा व्यवस्थाओं को तोड़ कर पुरुष आतंकियों की तुलना में चार गुना अधिक लोगों को मार सकती हैं।

# कोरोना के बाद अब एंटीबायोटिक प्रतिरोध संकट

**सुजाता शर्मा**
(जीवविज्ञानी प्रोफेसर)



मौजूदा कोविड-19 महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 11 मार्च, 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने सार्स-कोव-2 वायरस के कारण होने वाली बीमारी कोविड-19 को एक महामारी घोषित किया। दो साल बाद भी कोविड महामारी का साया हम पर छाया हुआ है। हालांकि दुनिया महामारी के बाद के चरण में जाने के लिए साहसी प्रयास कर रही है, मगर स्थिति ''एक कदम आगे, दो कदम पीछे'' जैसी है, क्योंकि इस वायरस के नए रूप अभी भी उभर रहे हैं।

कोविड-19 ने जीवन के हर पहलू में मुख्य स्थान ले लिया है। नीति निर्माताओं और चिकित्सा कर्मियों को अभी भी आग से लड़ने और कोविड मामलों की संख्या में कमी, मौतों और टीकाकरण के भीषण कार्य में उलझा पाया गया है। इसलिए, यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं है कि एक और भावी वैश्विक संकट की गहराती छाया पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रोगाणुओं के कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध - जो अधिकांश दवाओं के प्रतिरोधी बनकर चुपचाप और गुप्त रूप से शक्ति प्राप्त कर रहे हैं - कोविड महामारी के आने से पहले ही एक वैश्विक चिंता थे। यह इस तथ्य से स्पष्ट था कि डब्ल्यूएचओ ने इसे वर्ष 2020 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वैश्विक प्राथमिकता के रूप में नामित किया था। रोगाणुरोधी प्रतिरोध स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं के अति प्रयोग, एंटीबायोटिक खुराक का पालन न करने, पर्यावरण में कारखानों और अस्पतालों से अनुपचारित रसायनों की अनुचित डंपिंग , पशुधन को एंटीबायोटिक दवाओं की मनमानी खुराक और फसलों पर कीटनाशकों का अत्यधिक छिड़काव के कारण कई गुना तेजी से बढ़ जाता है।

यह अनुमान लगाया गया था कि दुनिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी संक्रमणों के कारण हर साल दस लाख से अधिक मौतें हो रही थीं। उम्मीद थी कि वर्ष 2050 तक यह संख्या दस गुना बढ़ जाएगी। इस बात पर पहले से ही सहमति थी कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का टाइम बम टिक टिक कर रहा है,




और आसन्न कयामत को फैलने से रोकने के लिए तत्काल, वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। इसलिए, तथ्य यह है कि कई बैक्टीरिया पारंपरिक एंटीबायोटिक मोड से बाहर निकल रहे थे, जिसने बुरे दौर वाले सार्स-कोव-2 के प्रकट होने से बहुत पहले खतरे की घंटी बजा दी थी। भविष्य में 'पूर्व-एंटीबायोटिक' युग में आसन्न गोता मारने के डर ने शोधकर्ताओं को निरंतर एवं प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण के लिए तत्काल व वैकल्पिक दवा चिकित्सा की तलाश करने के लिए मजबूर किया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जरूरत और मांग के अनुसार संक्रमणों का इलाज किया जा रहा है, एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के लिए एक वैश्विक प्रयास किया गया था। इस बेचैन करने वाले परिदृश्य के बीच, 2019 में कोविड-19 महामारी आई, जिसने उनके सिर पर सबसे अच्छी तरह से रखी गई योजनाओं को उलट दिया। इसने न केवल जीवन को छीना और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, बल्कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों को भी पटरी से उतार दिया। उग्र महामारी से पैदा हुई दहशत ने कोविड-19 की समय पर और तत्काल प्रतिक्रिया के लिए जनशक्ति और वित्तीय संपत्तियों की योजना और रुख-परिवर्तन को तोड़ फोड़ दिया, जिससे कोविड महामारी से लड़ने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के कारण प्रयोगशालाओं का उत्पादन कम हो गया। नतीजतन, विभिन्न दबावों के बीच एंटीबायोटिक प्रतिरोध का परीक्षण और निगरानी धीमा हो गई। इस महामारी के अप्रत्याशित रूप से उभरने ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को चकित कर दिया था। इससे अस्पताल में भर्ती होने, सुरक्षात्मक उपकरणों की कमी, लंबे समय तक अस्पताल में रहने, मृत्यु दर में वृद्धि और इसके परिणामस्वरूप कोविड रोगियों में सेकेंडरी जीवाणु संक्रमण हुआ। यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 70 प्रतिशत कोविड -19 रोगियों को एंटीबायोटिक चिकित्सा प्राप्त हुई। ज्यादातर मामलों में, कोविड पॉजिटिव रोगियों व अन्य वायरस और बैक्टीरिया के कारण होने वाले निमोनिया के लक्षण एक जैसे पाए गए और जिनमें भेदभाव करना कठिन पाया गया। इसके अलावा, सार्स-कोव-2 से संक्रमित होने से प्रतिरक्षा प्रणाली और कमजोर हो जाती है, जिससे घात लगाए बैक्टीरिया और फंगी या कवक द्वारा संक्रमण का अधिक प्रसार होता है। कई बार, कोविड -19 के परीक्षण में देरी, खासकर जब महामारी आबादी के बीच व्याप्त थी, श्वसन-मार्ग के संक्रमण के लक्षणों की शुरुआत पर एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध डाक्टरी परामर्शों का कारण बनी। पूरी दुनिया में लॉकडाउन से समस्या और बढ़ गई, जिसके कारण बहुत से लोग आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके कारण एंटीबायोटिक दवाओं की अनुचित और अनावश्यक बिक्री हुई। महामारी के कारण कई टीकाकरण कार्यक्रम रुक गए या पटरी से उतर गए, जिससे दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया, जिन्हें अब तक दूर रखा गया था।

## फरमाया



**हमारा** टीकाकरण कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। हमने 90 प्रतिशत जनसंख्या का टीकाकरण कर दिया है।

- **नरेन्द्र मोदी**



**देश** पाकिस्तान की एकता व सुरक्षा के लिए सेना की ओर देखता है। सेना प्रमुख योग्य व बेदाग होना चाहिए ताकि जनता पाकिस्तानी सेना को सलाम करे।

- **मरियम नवाज़**
पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष



**चिंतन** शिविर में आने वाले आधे प्रतिनिधि चालीस से कम आयु वाले हैं। इससे युवा नेतृत्व पर सोनिया की सोच स्पष्ट होती है।

- **सचिन पायलट**
कांग्रेसी नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## आप की बात

### दंगाइयों को कठोर दंड

**भारत** में दंगों का इतिहास बहुत पुराना है। परंतु इतने सालों में बार-बार होते दंगे क्या किसी समस्या को सुलझा पाए हैं। दंगों से हमेशा तबाही ही होती आई है। ऐसा देखने में आता है कि किसी भी दंगे के बाद अराजकता फैलती है और जान-माल का नुकसान होता है। फिर भी ये दंगे बार बार होते है कभी घर्म के नाम पर, कभी जातिवाद के नाम पर या अन्य राजनैतिक कारणों से। परंतु जब सभी वर्ग कभी न कभी दंगो में नुकसान में रहते हैं तो ये दंगे बार-बार क्यों होते हैं? क्या कुछ लोग इनसे लाभ में भी रहते हैं? कुछ लोग इस दौरान अपनी व्यापारिक या व्यक्तिगत रंजिश निकालते हैं, लूटमार करते हैं और जब इन अराजक तत्वों को सजा नहीं मिलती या इतनी कम मिलती है कि लूट फायदे का सौदा लगती है तो ये दंगे बार-बार होते है। अगर इन तत्वों को कड़ी सजा मिले तो चाहे कोई राजनैतिक दल या व्यक्ति कितना भी उकसाए, इस घाटे के सौदे के लिए कोई भी उत्सुक नहीं होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि राज्य सरकारें दंगाइयों की निष्पक्ष पहचान करा कर उनको इतनी कठोर सजा दिलाएंगी कि भविष्य में लोग दंगे करने या उनमें शामिल होने का नाम तक न लें।

- **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### श्रीलंका में संकट

**श्रीलंका** की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। चीन और जापान के भारी-भरकम कर्ज ने उसकी लुटिया डुबो दी है। कर्ज के कारण आवश्यक वस्तुओं का आयात बिल्कुल बंद हो चुका है। खाद्य सामग्री एवं दवाइयों की भारी किल्लत नागरिकों के सब्र का बांध तोड़ चुकी है। दुकानें खाली हो चुकी है एवं नागरिकों के पास भी पैसा नहीं है। आठ-नौ घंटे के पावर कट से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। श्रीलंका में आंतरिक युद्ध की स्थिति निर्मित हो चुकी है। यहां सैनिक शासन की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता है। वंशवाद की राजनीति ने श्रीलंका को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जब जनता राशन एवं ईंधन का खर्च उठाने में अपने आप को असहाय महसूस करती है तो असंतोष की ज्वाला विकराल रूप धारण कर लेती है। भारत ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए चावल आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की है पर श्रीलंका में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए पूरी दुनिया के देशों को मदद के हाथ बढ़ाने होंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को श्रीलंका को त्रासदी से बचाने हेतु सार्थक एवं त्वरित प्रयास करना चाहिए।

- **ललित महालकरी**, इंदौर

### यौन उत्पीड़न की समस्या

**कहा** जाता है कि भारत देश एक परुष प्रधान देश है जहां समाज में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। और कुछ हद तक यह कथन सत्य भी लगता है। लेकिन इस धारणा ने हमें अनौपचारिक रूप से कहीं न कहीं नुकसान भी पहुंचाया है। एक बच्चा जब थोड़ा बड़ा होता है तो पूरा परिवार उसे यह बताने में अभिमान व्यक्त करता है कि तुम तो लड़के हो, तुम्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं, लड़के रोते नहीं वो तो मजबूत होते हैं और जब बच्चा रोता है तो यह कहकर चूप करा देते हैं कि लड़की हो क्या। लड़के को खेलने के लिए बंदूक और गाड़ी दी जाती हैं। एक लड़की को घर से ही यह शिक्षा मिलती है कि कोई कुछ बोले जबान मत खोलना, खाना ही तो बनाना है क्या करोगी ज्यादा पढ़ लिखकर। हालांकि बच्चों व लड़कों के साथ बढ़ते अप्राकृतिक दुष्कर्म को देखते हुए आज जरूरत इस बात की भी है कि बच्चों को भी गुड टच और बैड टच बताया जाये। सभी प्रकार के यौन दुष्कर्म पर पाक्सो व अन्य कानून कठोरता से लागू हों।

- **मंगल सिंह**, लखनऊ

# आत्मानंद स्कूल के बालिका सहित जिले के 5 विद्यार्थी सीजी दसवीं बोर्ड परीक्षा के टापटेन में

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेमेतरा जिले के 5 विद्यार्थियों ने टाप टेन में जगह बनाने में सफलता हासिल की है जिसमें एक बालिका स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बेमेतरा की है वही 2 विद्यार्थी जिला मुख्यालय में स्थित ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हैं जबकि एक विद्यार्थी नवागढ़ नगर पंचायत में स्थित न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्ययनरत है और एक विद्यार्थी ग्राम अजुनी हाई स्कूल के विद्यार्थी है जिले के लिए यह पहला अवसर है जब हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों ने प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त किया हैं जो न केवल स्कूल के लिए गौरव का विषय है अपितु यह बेमेतरा जिला को गौरवान्वित करने वाला परिणाम है इसके लिए कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपान एवं डीईओ कर अरविंद मिश्रा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉपटेन में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दिया है दसवीं बोर्ड में सफ्लता प्राप्त करने वाले से चर्चा किया गया जिसमें सभी ने अपनी पसंद और अपने सफलता का श्रेय के बारे में जानकारी दिया है। ज्ञानोदय







पब्लिक स्कूल की छात्रा भाविका सिन्हा टापटेन में दसवां स्थान प्राप्त किया उनके पिता प्रदीप सिन्हा शक्कर कारखाना में काम करते हैं और माता प्रतिभा सिन्हा शासकीय स्कूल में कार्यरत हैं भाविका ने बताया कि उन्हें टीचर एवं साथियों का पढ़ाई में भरपूर सहयोग मिला उन्होंने 8 से 9 घंटे तक पढ़ाई करती रहे भाविका ने बताया कि इस बार ऑनलाइन पढ़ाई हुई तो शुरुआत में थोड़ी सी परेशानी हुई किंतु टीचरों ने इसमें बहुत मदद किया जिसके लिए उन्होंने टीचरों को धन्यवाद दिया है इसके साथ ही इस सफलता का श्रेय अपने टीचर माता-पिता दोनों दीदी भाई को देते हुए आईएएस बनने की इच्छा जाहिर किया है।

**मुस्कान भी आईएएस बनना चाहती है**

न्यू गुरुकुल पब्लिक स्कूल नवागढ़ की छात्रा कुमारी मुस्कान वर्मा अभी आईएएस बनना चाहती है दसवीं बोर्ड परीक्षा के टॉप टेन में सातवां स्थान पाने वाले मुस्कान के पिता राज लाल वर्मा हरदी शासकीय हाई स्कूल के गणित के टीचर हैं मां किरण वर्मा ग्रहणी है इन्होंने कोई ट्यूशन नहीं किया है पढ़ाई में जब भी परेशानी आए तो उन्होंने यूट्यूब का सहारा लिया और प्रतिदिन 5 से 6 घंटे तक सिलेबस के अनुसार निश्चित रूप से पढ़ाई करती रही इस सफ्लता का श्रेय उन्होंने अपने माता पिता को दिया साथ ही टीचर का हमेशा सपोर्ट रहा उनको भी उन्होंने इस सफलता के लिए श्रेय दिया है।

**रूपेंद्र के पिता नहीं है, मां करती है मजदूरी बनना चाहता है इंजीनियर**

माध्यमिक शिक्षा मंडल के टॉप टेन में अपना दसवां स्थान बनाने वाले बेमेतरा जिले के शासकीय हाई स्कूल अजुनी का छात्र रूपेंद्र निषाद 96.83 अंक के साथ जिले को गौरवान्वित किया! रूपेंद्र ने चर्चा में बताया कि उसके पिता नहीं है और मां रेखा बाई गांव में मजदूरी करती है जो रोज का 130 और 150 के करीब कमा लेती है! उसका सपना है कि वह आगे चलकर देश की सेवा के लिए विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़े या फिर इंजीनियर बन कर देश के नव निर्माण में हाथ बटाएं उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता का आशीर्वाद और टीचर का सहयोग के साथ-साथ भगवान को दिया।

**आलोक डाक्टर बनना चाहता है**

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल के छात्र आलोक साहू टॉप टेन में छठा स्थान प्राप्त किया है उन्होंने बताया कि उनके आलोक साहू पिता अशोक कुमार साहू कृषक है माता रीना साहू गृहणी है, टीचर की मार्गदर्शन स्कूल अनुशासन रोज 9 से 10 घंटे की पढ़ाई करता था, सफलता का श्रेय माता पिता स्कूल प्रबंधन प्रिय टीचर सिस्टम को दिया उन्होंने बताया कि डॉक्टर बनना चाहता हूं, नूरीछा का सपना एम एस डाक्टर बनने का आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रा कुमारी नूरीछा टॉप टेन में दसवां स्थान प्राप्त किया है, माता का नाम रमा साहू महिला राजनीति क्षेत्र में सक्रिय हैं पिता का नाम राजाराम साहू ग्राम करचुवा कोसा में कृषक है। दसवीं में प्रदेश के टॉप टेन में नाम आने के बाद छात्रा नूरीछि से बात की गई तो उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और टीचर को देते हुए अपनी हिंदी की टीचर को स्पेशल रुप से थैंक्स कहां है! इसके साथ ही वह एमएस डॉक्टर बनना चाहती है और मेडिकल के फील्ड में जाकर कुछ नया इवेंट करना चाहती है ताकि देश और उसके माता-पिता का नाम रोशन हो सके, छात्रा ने बताया कि शुरू में पढ़ाई इतनी अच्छी नहीं हो पाई थी क्योंकि स्कूल रेगुलर नहीं लग रहा था कोविड-19 के चलते, नाइंथ क्लास का बेसिक जो टेंथ में काम आता है वह हम पढ़ नहीं पाए थे इसके अलावा हेल्थ भी थोड़ा डाउन रहता था पर पेरेंट्स का बहुत सपोर्ट उसे मिला इसके साथ ही टीचर ने भी उन्हें इस मामले में सपोर्ट करते रहे कोविड-19 में जो सिलेबस कंप्लीट नहीं हुआ था टीचर के द्वारा एक्स्ट्रा क्लास लगाकर पूरी कराएं और मैंने ऑनलाइन तथा यूट्यूब को भी पढ़ाई का एक जरिया बनाया इसके अलावा छात्रा न्यूरिचा का कहना है कि वह सुबह अपना दिनचर्या का कार्य सुबह 10:00 बजे तक कर लेती है, उसके बाद दिन में 9 से 10 घंटे पढ़ाई करती है।

## बेमेतरा जिले के 12वीं में 72 एवं दसवीं बोर्ड का परिणाम परीक्षा परिणाम 66% रहा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के परीक्षा परिणाम जहां 72.89त रहा वहीं दसवीं हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा का प्रतिशत जिले का 66 दशमलव 16 प्रतिशत रहा, शनिवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा बारहवीं तथा हाई स्कूल कक्षा दसवीं के परिणाम परीक्षा परिणाम घोषित किया गया इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा जिला में हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के लिए कुल 10637 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें 10426 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल हो गए इसमें से 16 परीक्षार्थियों का विभिन्न कारणों से परिणाम परीक्षा परिणाम रोक दिया गया इस तरह 10426 परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया इसमें प्रथम श्रेणी के में 2448 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए उसी तरह से द्वितीय श्रेणी में 4626 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तृतीय श्रेणी में 514 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए 1625 विद्यार्थी पूरक परीक्षा के पात्र बने जबकि 1197 विद्यार्थी फेल हो गए इस तरह कुल 7588 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जिसमें बालक 3254 एवं बालिका 4334 है शामिल है।

**10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 66% रहा**

वही 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम 66.16% रहा इसमें कुल 14190 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था जिसमें 13661 विद्यार्थियों ने परीक्षा में शामिल हुए इसमें प्रथम श्रेणी में 3950 विद्यार्थी पास हुए वहीं द्वितीय श्रेणी में 4309 विद्यार्थियों ने सफ्लता हासिल किया है जबकि 776 विद्यार्थियों ने थर्ड डिवीजन में पास हुआ है 3 विद्यार्थी ऐसे थे जो केवल पास हुए हैं 729 विद्यार्थी को सप्लीमेंट्री मिला है इस तरह कुल 9038 विद्यार्थी पास हुए इसमें 3775 बालक है एवं 5263 बालिका है।

## कैबिनेट मंत्री मो. अकबर के समक्ष घनश्याम गुप्ता ने थामा कांग्रेस का हाथ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




कंसौधन वैश्य गुप्ता समाज के नवनिर्मित भवन लोकार्पण कार्यक्रम में गुप्ता समाज के वरिष्ठ समाज सेवी के घनश्याम गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी की रिति-निति से प्रभावित होकर कैबिनेट मंत्री के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। कैबिनेट मंत्री ने घनश्याम गुप्ता को कांग्रेस पार्टी का तिरंगा गमछा व माला पहनाकर स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के कवर्धा प्रवास के दौरान सैगोना रोड स्थित कसौंधन गुप्ता समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कसौधन वैश्व गुप्ता समाज कवर्धा के नवनिर्मित भवन लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री मो. अकबर ने घनश्याम गुप्ता को कांग्रेस का तिरंगा गमछा व फूल माला पहनाकर का कांग्रेस पार्टी में प्रवेश कराया। घनश्याम गुप्ता को कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़ने पर शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के हित में कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहें। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए काम करते रहें। इस अवसर पर क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, कांग्रेस प्रवक्ता राजकुमार तिवारी, मोहित माहेश्वरी, राजेश माखीजानी सहित अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण, कंसौधन गुप्ता समाज के लोग उपस्थित थे।

## मोबाइल चोरी करने वाले चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**कवर्धा।** पुलिस ने अभियान चलाकर मोबाइल चोरों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। थाना पंडरिया पुलिस को थाना क्षेत्राअंतर्गत अपराध पर अंकुश लगाने हेतु। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डा लाल उमेंद सिंह, अति पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे जिला कबीरधाम के दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ है, कि प्रार्थी रामप्रसाद पिता स्व. रामजी जायसवाल उम्र साकिन वार्ड नं0 09 बैरासिन चौक पंडरिया ,बताये कि 16/दिसंबर/21 के करीबन 10/00बजे ग्राम लाडंगपुर हाफ नदी के पुल के उपर से किसी अज्ञत चोर द्वारा मोबाईल फोन रेडमीनोट 84/64 को चोरी कर लिया है, कि रिपोर्ट पर थाना पण्डरिया में 07-जन-22 को अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना के आरोपी देवसिंह धुर्वे पिता राय सिंह उम्र 36 वर्ष साकिन लाडंगपुर थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया गया व आरोपी के कब्जे से एक मोबाईल हेंड सेट कीमती करीबन 13000/-रू को जब्त कर आरोपी को आज दिनांक 11-05-22 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## जिले के सभी बूथों में 5-5 महिला कार्यकर्ता तैयार करें : सावित्री साहू

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश महिला कांग्रेस के अध्यक्ष फूलो देवी नेताम जी के निर्देशानुसार प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के सचिव, बेमेतरा जिला के प्रभारी एवं नगर पंचायत बोड़ला के अध्यक्ष सावित्री साहू जी ने बेमेतरा के जिला महिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली, बैठक जिला महिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष कविता साहू जी के नेतृत्व में और प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि ताम्रकर जी कवर्धा पूर्व शहर अध्यक्ष वर्षारानी ठाकुर जी,पार्षद संतोषी साहू जी,पिंकी बंजारे सम्पन्न हुआ। महिला कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते हुए सावित्री साहू जी ने कहा कि जिले के सभी बूथों में 5 - 5 महिला कार्यकर्ता तैयार करना है जिसके लिए पदेश कांग्रेस कमेटी का सख्त निर्देश है इसलिए बेमेतरा के सभी महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता एक्टिव हो जाये और सभी बूथ में 5- 5 महिला कार्यकता की सूची 15 दिवस के अंदर बना के प्रस्तुत करें जिसको ऊपर भेजना पड़ेगा और जिला महिला कांग्रेस कमेटी की बॉडी गठन की जानकारी ली, शहर/ ब्लाक महिला कांग्रेस की भी बाडी गठन की भी विस्तार से ब्लाक अध्यक्षों से जानकारी ली, फिर आगे महिला कांग्रेस के कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए सावित्री साहू जी ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नरेंद्र मोदी जी के सरकार बैठी है जिन्होंने देश के महिलाओं के ऊपर बहुत ही अत्याचार एवं अन्याय कर रहे अभी वर्तमान में गैस सिलेंडर में 50 रुपये वृद्धि कर महिलाओ की पर्स से पैसा छीनने का काम किया है गैस सिलेंडर में बेतहासा वृद्धि हुई है वर्तमान में गैस सीलेण्डर का डर 1100 रुपये से अधिक हो गया है जबकि मनमोहन सरकार में समय गैस सिलेंडर का दर 350 रुपये था लेकिन केंद्र में बैठी भाजपा के नरेंद्र मोदी जी गैस सिलेंडर में बेतहाशा वृद्धि कर गृहणी को बर्बाद करने का काम किया बेरोजगारी में महिलाओं को धोखा देने का काम नरेंद्र मोदी जी क सरकार ने किया है चुनाव के पहले मोदी जी ने कहा था, वादा किया था हम हर वर्ष 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे लेकिन नौकरी देने तो बहुत दूर बल्कि 80 लाख लोगों की और नौकरी छीन ली गई है इसप्रकार महिलाओ को नौकरी न देकर वादा खिलाफी किया महिलाओं को धोखा दिया है ऐसे धोखेबाज भारतीय जनता पार्टी के केंद्र के नरेंद्र मोदी जी की सरकार को उखाड़ के फेकना है और बैठक में छत्तीसगढ़ के भपेश बघेल जी की सरकार किसानों के हित मे महिलाओ के हित मे गरीबों की हित लगातार काम कर रहे हैं अभी आप समाचार के माध्यम से देख रहे होंगे कि हमारे मुख्यमंत्री माननीय भपेश बघेल इतनी गर्मी में, धूप मे गांव गांव जा रहे आमजनता बातों को समस्या को सुन रहे हैं और तत्काल अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का निराकरण तत्काल कर रहे है इसप्रकार भपेश बघेल जी सरकार आम जनता हित लगातर काम कर रहे है और आगे भी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार दुबारा बनाने के लिए हम सब को लगातार काम करना है मेहनत करना है निर्देशित किया गया।

## श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान आयोजन में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने शुक्रवार कवर्धा प्रवास के दौरान नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभापति व वार्ड क्रं. 18 के पार्षद भीखम कोसले क निवास में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में शामिल हुए। उन्होंने भागवत कथा में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान भीखम कोसले परिवार द्वारा आयोजित है। भागवत कथा में मंत्री अकबर के साथ में क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, कलीम खान, उपाध्यक्ष जमील खान, नरेन्द्र देवांगन, अशोक सिंह, मोहित महेश्वरी, संतोष यादव, सुनील साहू, उत्तम गोप, संजय लांझी, नरेन्द्र धुर्वे, चुनुवा खान, मनहरण कौशिक, सुष्मा सिन्हा, सुशीला धुर्वे, एल्डरमेन कौशल कौशिक, राजकुमार तिवारी, बिरेन्द्र जांगडे सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करें, असफल होने पर निराश नही होना चाहिए : जीवेन्द्र

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा शनिवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम जारी हो रहा है। इसी



को लेकर जीवेन्द्र सिंह ठाकुर ने सोसल मीडिया में एक संदेश प्रेषित कर कहा है कि सभी छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा के इच्छुक अभ्यर्थियों को मेरा संदेश है कि आप स्वयं के प्रति ईमानदार रहें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए कड़ी मेहनत करें। लेकिन अगर परिणाम संतोषजनक नहीं हैं, तो निराश नही होना चाहिए। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि जीवन सुंदर है, अपने माता-पिता और शुभचिंतकों के बारे में सोचें, कभी कोई अतिवादी कदम न उठाएं। आपको खुद को साबित करने के लिए कई और मौके मिलेंगे लेकिन आपको रहने के लिए दूसरी जिंदगी नहीं मिलेगी। जीवेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी प्रतियोगी छात्रों के माता-पिता से भी अनुरोध किया है कि अपने बच्चे को जीने के लिए एक सपना दें, उन्हें प्रेरित करें, उनके साथ समय बिताएं, उन्हें अपने संघर्ष की कहानियां बताएं।

## भूमिहीन परिवारों को मिला उनका अधिकार : मंत्री अकबर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मो. अकबर ने कवर्धा प्रसास के दौरान कलेक्टर कार्यालय परिसर में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत कवर्धा शहर के 282 हितग्राहियों को आवासीय पट्टा, 20 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक एवं 11 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान पूर्ण करने पर पूर्णता प्रमाण पत्र वितरण कर नये मकान के लिए शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत आवासीय पट्टा वितरण करते हुए कहा कि अब पात्र व्यक्तियों को उनके हक की पट्टा मिल जाने उनके चेहरे में खुशी झलक रही है उन्होनें कहा कि आवासीय पट्टा के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी तुरंत प्रदान करते हुए आवास के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया जा रहा है। उन्होनें नये हिताग्राहियों को नये मकान की बधाई देते हुए 11 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर नये घर में प्रवेश करने के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

**आवासीय पट्टा मिलने से हितग्राहियों में खुशी-ऋषि कुमार शर्मा**

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि कवर्धा विधायक व कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के निर्देशन में नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत आवासीय पट्टा देने का कार्य आज से प्रारंभ हो गया। मंत्री मो.अकबर द्वारा आज शहर के 282 हितग्राहियों को पट्टा वितरण कर शुभकामनाएं दी, पट्टा मिल जाने से हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे है। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने बताया कि निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र में निवासरत भूमिहीन परिवारों को जल्द से जल्द पट्टा प्रदान किया जाने हेतु निर्देश दिये गये थे राजस्व नजूल विभाग टीम व नगर पालिका की टीम सर्वे कार्य पूर्ण कर सभी पात्र परिवारों को राशि जमा किये जाने हेतु पत्र तामिली कराया गया, दिनांक 9 मई 2022 तक 282 हितग्राहियों द्वारा राशि जमा उपरांत राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को पट्टा प्रदान किया गया। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृति पत्रक, पूर्णता प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड भी वितरण किया गया।




**आवासीय पट्टा हेतु पात्र परिवार**

नजूल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि पात्र परिवारों को आवासीय पट्टा वितरण किये जाने संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण किया जाकर सभी पात्र परिवारों को शासन द्वारा निश्चित राशि जमा किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है उन्होनें बताया कि नगर पालिका परिषद कवर्धा क्षेत्रांतर्गत 19.11.2018 को निवासरत झुग्गीवासियों को आवासीय योजनांतर्गत "राजीव गांधी आश्रय योजना/मुख्यमंत्री आबादी पट्टा योजना के तहत प्रदत्त पट्टे के भूमि के भूमि का वर्तमान कब्जे के आधार पर राज्य शासन से भूमि स्वामी हक प्राप्त करना चाहता है।

**रितेश लखनऊ में कर रहा एनडीए की तैयारी, बनना चाहता हैं नेवी अफसर**

## बालोद के रितेश ने टॉप टेन में बनाई जगह, 12वीं बोर्ड में 95.60 फीसदी अंक के साथ चौथे स्थान पर, सीएम की घोषणा के बाद रितेश करेगा हैलिकॉप्टर में सैर

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

शनिवार को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारवीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। एक बार फिर परिणामों में बालोद जिले का दबदबा दिखाई दिया। जिला मुख्यालय बालोद से लगे ग्राम झलमला में स्तिथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 12वीं के छात्र रितेश साहू ने टॉप टेन में जगह बनाई हैं। 95.60% अंक लाकर प्रदेशभर में चौथे स्थान पर हैं। रितेश की इस कामयाबी से परिजनों में खुशी का माहौल हैं साथ ही स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक तथा ग्रामवासी भी रितेश की इस उपलब्धि से काफी खुश हैं। सामान्य परिवार का यह छात्र प्रारम्भ से ही मेधावी छात्रो की गिनती में रहा है। इनके पिता प्यारेलाल साहू भी उसी स्कूल में शिक्षक है, जहां पर रितेश अपनी पढ़ाई कर रहा है। अपनी बेटे के इस कामयाबी से माता-पिता खुद को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। परिणाम के बाद से ही रितेश के घर पर बधाई देने वालो का ताँता लगा रहा। हालांकि इस मौके पर रितेश घर से दूर लखनऊ में एनडीए की तैयारी कर रहा हैं। रितेश साहू से पायनियर ने फोन पर बधाई देते हुए चर्चा की तो उन्होंने बताया कि वे देश की सुरक्षा के लिए कुछ करना चाहते है। 12वीं के परीक्षा के बाद से ही बीते एक माह से लखनऊ में एनडीए की कोचिंग कर रहा हैं। उनका सपना नेवी अफसर बनने का है। रितेश अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानते है। रितेश ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय गुरुजनों के अलावा अपने माता-पिता को दिया हैं। क्योकि कोरोना काल के दौरान वे थोड़ा डिमोटिवेट हो गए थे, लेकिन गुरुजनों एवं माता-पिता सबने उन्हें मोटिवेट किया। रितेश बताते है कि वे रोजाना पढ़ाई करते थे। ट्यूशन के बाद उसका रिवीजन घर आकर भी करते थे। वही इस परिणाम में असफल हुए छात्रों को रितेश साहू ने हताश व निराश नही होने की बात कही हैं। इस उपलब्धि पर जिले के कलेक्टर जनमेजय महोबे ने भी रितेश से फोन पर बात कर बधाई दी है साथ ही भविष्य में हर सम्भव मदद करने की बात भी कही है। वही जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने भी जिले के लिए इसे बड़ी उपलब्धि बताया हैं।

**रितेश करेगा हेलिकॉप्टर की सैर**

पिता प्यारेलाल साहू ने बताया कि रितेश के इस परिणाम के पीछे उसकी मेहनत है। रात ढाई बजे तक पढ़ाई करता था। एक शिक्षक होने के नाते वे भी उसे गाइड करते थे। रितेश के पिता आगे बताते है कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है जिस स्कूल में वे पदस्थ है, उसी स्कूल से पढ़कर रितेश ने ये कामयाबी हासिल की है। जिससे स्कूल और उन तमाम शिक्षकों का मान बढ़ा है, जो रितेश के इस सफ्लता में हिस्सेदार हैं। वही सीएम भूपेश बघेल की घोषणा टॉपरों को हेलीकॉप्टर की सैर कराई जाएगी पर पिता प्यारेलाल ने कहा की वे बहुत खुश है। इससे बच्चे और प्रोत्साहित होंगे।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Office Phone :- 07727-296695 Email ID:- ee-res.abhanpur@gmail.com

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-04 //**
**(प्रथम बार)**

क्रमांक/1105/निविदा/ग्रा.यां.से./2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 11/05/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक **25.05.2022** तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 98197 | Construction of Samarsata Bhavan (Karuna Shulka ki Smriti mein) at Balodabazar, Block- Balodabazar (C.G.) | 25.99 | 25.05.2022 |

2. निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 11.05.2022 से देखी जा सकती है।

(ए.के.देवांगन)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां.सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

G- 91140/3

## 12वीं एवं दसवीं बोर्ड की स्टेट मेरिट सूची में शक्ति जिले के 3 बच्चों ने बनाया स्थान



**सक्ति।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 14 मई को मंडल के सभागार में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल



शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में 12 वीं एवं 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें शैक्षणिक जिले शक्ति के 3 बच्चों ने स्टेट टॉपर सूची में अपना स्थान बनाया है, जिसमें 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शैक्षणिक जिले शक्ति के जैजैपुर विकासखंड के संस्कार उच्चतर माध्यमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा कुमारी रेणुका चंद्रा पिता-खेमचरण चंद्रा माता गीता चंद्रा ने 95.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्थान बनाया है,तो वही शैक्षणिक जिले शक्ति के अंतर्गत डभरा विकासखंड के नेशनल कन्वेंट स्कूल की छात्रा कुमारी रितु चंद्रा पिता मुरलीधर चंद्रा ने तीसरे स्थान पर 98 प्रतिशत अंक अर्जित किए जिसमें 600 में 588 अंक प्राप्त किए, वहीं दसवीं की मेरिट सूची में ही शक्ति जिले के डभरा विकासखंड के नेशनल कन्वेंट स्कूल के ही छात्र हर्ष तिवारी पिता तुलेश्वर प्रसाद तिवारी माता श्रीमती मालती तिवारी ने नौवां स्थान बनाया है,जिसमें उन्हें 600 में 582 कुल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, साथ ही जांजगीर-चांपा जिले के सरस्वती शिशु मंदिर नैला की छात्रा दीपाली सूर्यवंशी पिता लखनलाल एवं माता श्रीमती शकुंतला ने आठवां स्थान प्राप्त किया है, जिसमें 97.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए 600 में 583 अंक प्राप्त किए हैं

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन 22 से 29 मई तक

**सक्ति।** शक्ति शहर के महामाया मंदिर रोड की प्रतिष्ठित फर्म देवांगन इलेक्ट्रिकल के संचालक सेतराम देवांगन एवं महिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा जिले की अध्यक्ष गीता देवांगन द्वारा आगामी 22 से 29 मई तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन अपने सुपुत्र स्व. सुरेश देवांगन की पुण्य स्मृति में वार्षिक श्राद्ध के निमित्त करवाया जा रहा है, तथा इस कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक महामाया मंदिर रोड शक्ति में यह कथा होंगी, तथा प्रथम दिवस 22 मई को सुबह 9:00 बजे श्री राम मंदिर शक्ति से सुसज्जित कलश, साउंड के साथ भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जो कि शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचेगी,एवं 22 मई को प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कलश यात्रा एवं भागवत महात्म्य, 23 मई को सुखदेव जन्म कथा, परीक्षित जन्म कथा, 24 मई को विदुर प्रसंग ध्रुव कथा, 25 मई को समुद्र मंथन कथा, वामन प्रसंग, श्री राम जन्मोत्सव, श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 26 मई को कृष्ण बाल लीला, माखन चोरी, अवध चोरी,वृंदावन गमन, गोवर्धन पूजा, 27 मई को महारास लीला, चीर हरण प्रसंग, काली नाग प्रसंग, कृष्ण रुक्मणी विवाह, 28 मई को 108 विवाह प्रसंग, सुदामा चरित्र, परीक्षित व्यास पूजन, कथा विश्राम एवं अंतिम दिन 29 मई को हवन पूर्णाहुति, गुरु दक्षिणा कथा एवं भंडारे के साथ समापन होगा।

## निधन

### कमला बाई अग्रवाल

**सक्ति।** शक्ति शहर के वार्ड क्रमांक- 06 बुधवारी बाजार की प्रतिष्ठित फर्म- मनीराम दीपक कुमार अग्रवाल के



संचालक दीपक कुमार अग्रवाल की पूज्य माताजी श्रीमती कमला देवी अग्रवाल उम्र 73 वर्ष पति स्व.श्री मनीराम अग्रवाल का दिनांक- 13 मई 2022 दिन-शुक्रवार की रात्रि आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार दिनांक-14 मई 2022 दिन- शनिवार को सुबह 8:00 बजे स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में हुआ, अंतिम संस्कार यात्रा निवास वार्ड क्रमांक- 06 बालाजी गारमेंट्स के सामने सक्ति से निकली, जिसमें काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे, एवं कमला बाई अग्रवाल को मुखाग्नि उनके सुपुत्र दीपक अग्रवाल ने दी तथा उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# चांपा तहसीलदार ने 11 लोगों को भेजा नोटिस, तालाब व अतिक्रमण कर मकान निर्माण कराने का मामला

■ **हाईकोर्ट के आदेश के बाद तहसीलदार पूरे मामले में कर रही जांच**

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



लच्छीबंद तालाब के सामने स्थित भूमि पर बगैर डायवर्सन कराए निर्माण कराने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। हाईकोर्ट ने पहले ही राजस्व अधिकारी को मामले में जांच कर कार्रवाई करने का फरमान जारी किया था। लेकिन फिर भी राजस्व अधिकारी की गहरी नींद नहीं टू रही थी। आखिरकार शिकायतकर्ता के सक्रिय होने के बाद तहसीलदार ने निर्माण के खिलाफस्थगन जारी किया था, लेकिन फिर भी निर्माण जारी था। आखिरकार तहसीलदार के निर्देश पर काम बंद करा दिया गया था। तहसीलदार ने अब इस मामले से जुड़े 11 लोगों को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई के लिए 18 मई को तलब किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने भले ही जलस्रोतों को संरक्षित करने का फरमान जारी किया है तो वहीं छत्तीसगढ़ सरकार की भी ड्रीम प्रोजेक्ट नरवा, गरवा, घुरवा व बारी है, फिर भी यहां खासकर तालाब, नरवा आदि जलस्रोतों को संरक्षित करने की दिशा में किसी का ध्यान नहीं है। यहां तक भू-माफियाओं की कुदृष्टि से तालाब सहित जलस्रोत नहीं बच पा रहा है। मसलन, खुद की जेब भरने तालाब, नरवा आदि को बेचकर उसमें प्लाटिंग कर दिया जा रहा है। कुछ इसी तरह का मामला अभी चांपा में भी प्रकाश में आया है। चांपा पटवारी हल्का नंबर 4 के खसरा नंबर 299, 1820, 1877, 979 में पैठू व अन्य दो तालाब था, जिसका निस्तार लोग सालों से कर रहे थे। लेकिन प्रशासन की दरियादिली के चलते लोग इस पर बेजाकब्जा कर मकान बनाने लगे। शिकायत के मुताबिक, इसी से लगी हुई भूमि पर बिल्डर्स द्वारा बिना डायवर्सन कराएं प्लाटिंग की जा रही है। इस पूरे मामले में चांपा शहर के अजय सोनी ने अपने एडवोकेट अमित चाकी के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की, तब हाईकोर्ट ने एक फरमान जारी करते हुए कहा कि इस पूरे मामले की जांच राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी करें और जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आए, उसके आधार पर कार्रवाई की जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने यह आदेश बीते 3 फरवरी को जारी किया था, लेकिन उसके बाद भी राजस्व विभाग के जिम्मेदार अफसरों ने इस मामले में कोई खास रूचि नहीं ली। इसके चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि वह हाईकोर्ट और प्रशासन की परवाह किए बगैर निर्माण जारी रखा। इस बीच शिकायतकर्ता ने पुनः तहसीलदार को हाईकोर्ट के आदेश से अवगत कराया। इसके बाद तहसीलदार ने इस मामले में संज्ञान लेते हुए निर्माण बंद कराने स्टे जारी कर दिया, लेकिन फिर भी तेज गति से निर्माण कर सभी आदेशों की धज्जियां उड़ाई गई। ऐसे में तहसीलदार ने काम बंद कराने के लिए हल्का पटवारी को निर्देशित किया। हल्का पटवारी ने मौके पर आकर काम बंद कराते हुए तहसीलदार के आदेश का पालन किया। इसके बाद तहसीलदार ने इस मामले में 11 लोगों को नोटिस जारी करते हुए आगामी 18 मई को तलब होने का फरमान जारी किया है।

### इन लोगों को जारी हुआ नोटिस

चांपा तहसीलदार ने जिन 11 लोगों को नोटिस जारी किया है, उनमें बंशीलाल पिता कौशल प्रसाद चांपा, सौरभ पिता केशव सराफ चांपा, गौरव पिता भैरोमल सिंघानिया चांपा, सुनील पिता लखनलाल सराफ चांपा, छेदीलाल पिता मनोहरलाल चांपा, लक्ष्मीचंद पिता मोहनलाल देवांगन चांपा, बनवारी पिता दाउराम देवांगन चांपा, शांतिलाल पिता कृष्णा प्रसाद चांपा, प्रेमचंद पिता श्रीराम चांपा,धीरेंद्र पिता मोहनलाल वाजपेयी, शांतिलाल चांपा नाम शामिल है। इस पूरे मामले में आगामी 18 मई को सुनवाई की जाएगी।

### इस तरह की गई शिकायत

लायंस चौक चांपा निवासी अजय कुमार सोनी ने कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार से की शिकायत में बताया है कि चांपा पटवारी हल्का नंबर 04 की खसरा नंबर 299, 1820, 1877, 979 रकबा 0.95 एकड़ है, जो लच्छीबंद तालाब के सामने स्थित है। इसमें दो तालाब और पैठू था, जिसे कुछ लोग पाटकर इसका स्वरूप बदल रहे हैं। इसमें मकान निर्माण और बिक्री का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत पर मांग की थी तालाब और पैठू को पाटकर किए जा रहे निर्माण पर तत्काल रोक लगाते हुए पुरानी स्थित में लाई जाए, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। इसके चलते अजय सोनी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

> 11 लोगो को नोटिस जारी किया गया है इन सभी लोगों को न्यायालय मे उपस्थित होने को कहा गया है
> -चंद्रशीला जायसवाल
> तहसीलदार चाम्पा

## घायल अवस्था में दर्द से कराहते रहा युवक, आधे घंटे बाद मिली सहायता

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



सड़क दुर्घटनाओं के लिए अभिशप्त मार्ग कहे जाने वाले रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग में केलो डेम मोड के पास सड़क दुर्घटना में फिर एक युवक गंभीर से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले में सड़क दुर्घटनाओं का क्रम लगातार जारी है। आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में मौत एवं घायलों हो जाने की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनते रही है। इसी क्रम में कल दोपहर 12 बजे लाखा मोड़ के पास अज्ञात कार चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार दो युवकों को जोरदार ठोकर मार दी।

इस दुर्घटना में एक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका हाथ और पैर टूटने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना के बाद राहगिरों के द्वारा घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने 108 को कई बार कॉल किया गया परंतु फोन नही लग सका था। इस बीच घायल युवक दर्द से कराहते रहा, इसके बाद आधे घंटे बाद संजीवनी 108 मौके पर पहुंच सकी और घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया। बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक जशपुर के बेलडेगी गांव का निवासी है जो कि रायगढ़ स्थित किसी कंपनी में काम करता है। छुट्टी लेकर अपने घर जा रहे थे इसी दौरान केलो डेम मोड के पास यह दुर्घटना घटित हो गई। बहरहाल इस मामले में संजीवनी 108 की तत्परता को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

## कार्य में लापरवाही, दो पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने ग्राम पंचायत सचिव बंशीधर भोय, एवं परखित भोय को अपने पदीय कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों के आदेशध्निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। दोनों पंचायत सचिव को निलंबन अवधि में कार्यालय जनपद पंचायत लैलूंगा में अटैच किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत लैलूंगा ग्राम पंचायत तारागढ़ के पंचायत सचिव बंशीधर भोय के द्वारा ग्राम पंचायत खम्हार प्रभार सौंपने के बावजूद ग्राम पंचायत तारागढ़ का प्रभार नहीं लेना एवं उच्चाधिकारियों के आदेशध्निर्देशों की अवहेलना करने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतना पाया गया।

## बाल अधिकार आयोग ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखा पत्र

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग रायपुर की पत्रिका हेतु ÷बच्चों की पाती स्तम्भ आमंत्रित




की गई है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल अधिकारों से संबंधित विविध विषयों पर एक नियमित पत्रिका का प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें बच्चों की पाती या अन्य नाम से एक ऐसा स्तम्भ प्रकाशित किया जायेगा, जिसमें बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में बच्चों द्वारा ही रचित कहानियाँ, आलेख, पेन्टिंग, कविताएँ आदि को शामिल किया जायेगा,ये रचनाएँ जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्राप्त कर अवलोकन करते हुए अपने स्तर समुचित रचनाओं को आयोग को अग्रेषित करेंगे,चूँकि वर्तमान में शालाएं बंद है। अतः व्हाट्सएप्प/ई-मल/ टेलीग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यमों का उपयोग करते हुए दिनांक 26.05.2022 तक प्रतिभाशाली बच्चों की रचनाएँ आयोग को विशेष वाहक / स्पीड पोस्ट/ई-मेल cgseper@gmail.com पर प्रेषित किया जा सकता है, इसके उपरांत प्रतिमाह भी नियमित रूप से बच्चों की रचनाओं को आयोग द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिससे उनकी रचनाओं को आयोग की पत्रिका में प्रकाशित किया जा सके,एवम आयोग ने सुलभ संदर्भ हेतु बाल अधिकारों से संबंधित पुस्तिका की प्रति भी जिले के समस्त शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित की है,बच्चे अपने अधिकारों के संबंध में जो कुछ भी सोचते हैं, उससे संबंधित रचनाएँ शिक्षा अधिकारी प्राप्त करके अग्रेषित करेंगे,आयोग ने कहा है कि आप बच्चों की रचनात्मकता बढ़ाने वाले इस महती कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य प्रदान करेंगे, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदित कर सचिव प्रतीक खरे ने 12 मई 2022 को उपरोक्त पत्र जारी किया है।

# जेएसडब्ल्यू में हादसा, डीआरई सेक्शन में भाप से झुलसे तीन मजदूर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ शहर से तकरीबन 20 किलोमीटर दूर नहरपाली में स्थिति जेएसडब्ल्यू में शुक्रवार को उस अफरा तफरी मच गई जब वहां हुए हादसे में 2 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। इस दुर्घटना के बाद कंपनी प्रबंधक के द्वारा तत्काल घायल मजदूरों को उपचार हेतु निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है, जहां उनका उपचार शुरू हो चुका है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह तकरीबन 10 बजे जेएसडब्ल्यू कंपनी में सभी मजदूर अपने अपने कार्य मे व्यस्त थे , ठीक इसी दौरान डीआरआई में काम कर रहे तीन मजदूर लक्ष्मी यादव एवं लोकेश्वर पटेल व एक अन्य के ऊपर खौलता हुआ भाप गिर गया, जिससे इनमें से दो मजदूर 50 प्रतिशत गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गए हैं। इनमें से दो घायल मजदूरों को गंभीर हालात में एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। जहां से उन्हें एयर एंबुलेंस से मुंबई भेजे जाने की जानकारी प्रबंधन की ओर से दी गई है।

## तेज रफ्तार ट्रेलर पूल से नीचे गिरी फिर लग गई आग, चालक ने वाहन से कूदकर बचाई जान

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले में लगातार बढ़ते औद्योगिकीकरण के चलते यहां की सड़कों में 24 घंटे भारी वाहनों का रेलमपेल लगा रहता है। इन्हीं भारी वाहनों की वजह से जिले की सड़क बद से बदतर हालत में पहुंच चुकी है। नतीजन आए दिन सड़क दुर्घटनाओं की खबरें अखबारों की सुर्खियां बनती है। इसी तरह की एक घटना में शुक्रवार के मध्यान्ह घरघोड़ा रोड पर भारी वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे पलट गई और देखते ही देखते उसमें आग लग गई जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। वहीं वाहन के लहराने पर चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर तकरीबन 12 बजे केलो डेम के पास रायगढ़ से घरघोड़ा की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन का चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई और देखते ही देखते वाहन में जोरदार आग लग गई, और धूं-धूं कर वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस बड़ी घटना में वाहन चालक के द्वारा वाहन से कूद कर अपनी जान बचाने की जानकारी मिल रही है। अन्यथा आज यहां जनहानि भी हो सकती थी।

## शहर को स्वच्छ तथा जलभराव व डेंगू मुक्त बनाने निगम के स्वास्थ्य प्रभारी ने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



नगर निगम के एमआईसी सदस्य और स्वास्थ्य प्रभारी संजय देवांगन ने शहर को स्वच्छ,डेंगू एवं जलभराव से मुक्त बनाने शहर वासियों से विशेष अपील की और कहा 'दुकान हो या घर- नाली सफाई के लिये हो चेम्बर' आगामी दिनों में बरसात होने वाली है और यह सभी जानते है कि शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित होती है और डेंगू मलेरिया जैसे घातक बीमारियो का सामना करना पड़ता है, वास्तव में शहरवासियों को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। वैसे नगर निगम द्वारा बरसात से पहले बड़े छोटे नालों की सफाई जारी है किंतु शहर के नागरिक यदि स्वयं से सतर्क नही होंगे तो आने वाला समय भयावह होगा। नगर निगम के सतर्क और सक्रिय स्वास्थ्य प्रभारी संजय देवांगन ने इन्ही समस्याओं को मनन करते हुए शहरवासियों से अपील किया है कि समय से पहले यदि हम जागरूक नहीं होंगे तो आने वाले समय में विगत वर्षो की तरह शहर के नाले सड़क में जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाएगी इसके निराकरण के लिए सर्वप्रथम हमें अपने घर के दुकान के सामने बने नालियों में चेंबर बनाने की आवश्यकता है।

## दिनदहाड़े किराना कारोबारी हुआ उठाईगिरी का शिकार बाइक सवार दो युवकों ने डिक्की से उडाए 10 हजार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मुर्रा फैक्ट्री के सामने बाईक खड़ीकर खरीदी करने गए किराना कारोबारी की डिक्की तोड़कर अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े 10 हजार रुपए उड़ा दिया। उठाईगिरी की यह वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस अब संदिग्धों की धरपकड़ कर रही है। यह मामला लैलूंगा का है।

इस संबंध में धर्मजयगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) दीपक मिश्रा ने बताया कि मूलतः मोहनपुर के साहू पारा में रहने वाला रोहित साहू आत्मज स्व. बृजलाल (45 वर्ष) किराना दुकानदार है। गुरुवार पूर्वान्ह लगभग साढ़े 10 बजे वह मोटर सायकल लेकर भारतीय स्टेट बैंक की लैलूंगा शाखा गया और अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाला।

आहरित रकम में 40 हजार को अपनी पैंट की जेब तथा 10 हजार को बाईक की डिक्की में डालते हुए बैंक से रवाना हुआ। तकरीबन 11 बजे सरस्वती शिशु मंदिर रोड पर स्थित मुर्रा फैक्ट्री के सामने मोटर सायकल को खड़ी कर रोहित मुर्रा लेने भीतर गया।

# अब भाजपा की फेक आईडी से मचा बवाल, जिला संयोजक ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक द्वारा रायगढ़ कोतवाली जाकर नगर कोतवाल को एक ज्ञापन सौंपा गया और ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा रायगढ़ के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी प्रोफाइल बनाकर कई लोग उसका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और उसमें गलत जानकारियां भी डाल रहे हैं जिससे पार्टी की छवि धूमिल हो रही है अतः ज्ञापन के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने फर्जी आईडी चलाने वाले पर कार्रवाई करने की मांग की है।

ज्ञापन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है पर रायगढ़ में किसी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया के फेसबुक प्लेटफार्म में भाजपा रायगढ़ के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई गई है और पार्टी के कार्यकर्ता एवं अन्य नागरिकों को इस में जोड़ने के लिए रिक्वेस्ट भी लगातार भेजी जा रही है इस आईडी से समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी के विषयों पर अफवाह बड़े संदेश पोस्ट किए जा रहे हैं जिससे कि पार्टी की छवि लगातार धूमिल हो रही है अतः भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस फेसबुक आईडी का पूर्णता खंडन किया है और साथ ही साथ कड़ी से कड़ी आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग भी की है।

नगर कोतवाल ने जिला संयोजक शक्ति अग्रवाल का ज्ञापन लेकर आश्वासन दिया है कि इसमें साइबर सेल से जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय रहे कि पावर और औद्योगिक हब बन चुके रायगढ़ जिले में इस तरह के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं। जिनमें कलेक्टर, एसपी सहित कुछ नेताओं व पत्रकारों के नाम पर फेक आईडी बनाकर अपने स्वार्थ सिद्धी का प्रयास किया जा रहा है। रायगढ़ पुलिस को इस मामले में पूरी संजीदगी से छानबीन करके कडी कार्रवाई की पहल करने की जरूरत है।

## जमीन विवाद में बड़े बाप की कुल्हाड़ी से हत्या

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में भतीजे ने कुल्हाडी मारकर अपने ही बड़े पिता की जघन्य हत्या कर दी है। घटना की सूचना के बाद तमनार पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दोपहर तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कसडोल में आज उस वक्त हृदयविदारक घटना घटित हो गई जब संपत्ति विवाद के चलते एक भतीजे ने अपने ही बड़े पिता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या दी। इस घटना के बाद से पूरे गांव में सनसनी फैल गई और मामले की जानकारी पुलिस को लगते ही तमनार पुलिस घटना स्थल पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया है।

# नवीन शक्ति जिले के लिए कृषि विभाग के नोडल अधिकारी बनाए गए आर एन गंगे

■ **शक्ति जिले में कृषि विभाग के जिला कार्यालय की स्थापना संबंधित समस्त कार्य देखेंगे गंगे**

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शक्ति को नवीन जिले का दर्जा देने के बाद जहां राजस्व की दृष्टि से ओएसडी के रूप में नूपुर राशि पन्ना को नियुक्त किया गया है, तो वहीं पुलिस ओएसडी के रूप में एम आर अहीरे की नियुक्ति की गई है, तथा अब कृषि विभाग के भी नए नोडल अधिकारी के रूप में आर एन गंगे को दायित्व दिया गया है,तथा आर एन गंगे नवीन शक्ति जिले में कृषि विभाग के जिला कार्यालय की स्थापना से संबंधित समस्त कार्य देखेंगे एवं उनके द्वारा कृषि विभाग के बेहतर संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्था एवं संसाधनों की व्यवस्था की पहल की जाएगी तथा नवीन कृषि जिला कार्यालय के लिए अस्थाई रूप से भवन के चयन हेतु भी पहल प्रारंभ कर दी गई है, साथ ही नवनियुक्त नोडल अधिकारी आर एन गंगे एवं कृषि विभाग शक्ति के वरिष्ठ कृषि अधिकारी आर एल पटेल ने शक्ति जिले के विशेष कर्तव्य स्थल अधिकारी ओएसडी नूपुर राशि पन्ना से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शक्ति में मुलाकात कर उन्हें कृषि विभाग के नवीन जिला कार्यालय संबंधित समस्त जानकारी दी।

# जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन विधायक ने दिया समस्या दूर करने का भरोसा

## विधायक नाग एवं अपर कलेक्टर वैद्य ने नगर पंचायत के लोगों की सुनी शिकायते





पायनियर संवाददाता ◀ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com

विधायक अनूप नाग के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा अंतागढ़ विधानसभा के विभिन्न पंचायतों एवं नगरीय निकाय में जनता की मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर एवं जन चौपाल आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में नगर पंचायत अंतागढ़ के वार्ड क्रमांक 2 में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में वार्ड क्रमांक 2,3,4,5,6 से अपनी शिकायत एवं समस्या लेकर आए लोगो से विधायक अनूप नाग और अपर कलेक्टर वैद्य ने सबकी समस्या और शिकायतें सुनी ।

विधायक नाग ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आम जनता को कांग्रेस शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाये। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों एवं योजनाओं की जानकारी संबंधित विभाग आम लोगों को दे। विधायक नाग एवं अपर कलेक्टर वैद्य ने शिविर में आये लोगों से उनकी समस्याओं, मांगों आदि के बारे में भी पूछा और उनसे बातचीत की। विधायक ने ग्रामीणों की मांगों एवं समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक नाग ने नगर पंचायत के द्वारा विभिन्न विभागों के लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया और अब तक आये सभी प्रकरणों की जानकारी भी ली। विधायक नाग ने शिविर में आए लोगों से उनके राशन कार्ड की समस्या, पानी की समस्या, राजस्व मामलों की शिकायतों, पेंशन की समस्याओं का समय सीमा पर निराकरण करने का भरोसा दिया ।

इस दौरान अंतागढ़ एसडीएम, अंतागढ़ तहसीलदार, नगर पंचायत सीएमओ समेत नगर पंचायत अंतागढ़ के समस्त विभाग के कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे ।

### महकूल समाज ने कहा पत्थलगांव जिला बने तभी होगा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव जिला बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहे लगातार छठवें दिन धरना प्रदर्शन स्थल पर महकूल समाज के हुरदा नन्द बारीक पत्थलगांव ब्लॉक अध्यक्ष, सचिव गणेश चन्द्र बेहरा,प्रदेश सचिव पवित्रमोहन बेहरा, भवानी शंकर खूंटियां, चूणामणि यादव,ऋषि बेहरा, सन्तोष यादव,प्रभा यादव,मोहन यादव समेत समाज के दर्जनों पदाधिकारियों ने प्रदर्शन में बैठकर पत्थलगांव जिला की मांग के समर्थन में यथा सम्भव हर मदद देने का आश्वासन दिया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने पत्थलगांव जिला बनाए जाने की मांग को लेकर अपना समर्थन देते हुए अपने अपने विचार भी व्यक्त कर पत्थलगांव को जिला बनाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को लेकर विस्तृत चर्चा की सभी लोगो ने एक स्वर में कहा कि पत्थलगांव जनसंख्या और भौगोलिक दृष्टिकोण से भी जिला बनाए जाने के प्रत्येक मापदंड को पूरा करता है। ऐसे में यदि पत्थलगांव को जिला बनाया जाता है तो पूरे जिले का सर्वांगीण विकास होगा और व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ साथ किसानों, ग्रामीण भाईयो, विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों को निश्चित लाभ मिलेगा।

# एसपी बेमेतरा ने ली जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा मीटिंग

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना/चौकी प्रभारियो की अपराध समीक्ष बैठक लिया गया। जिसमें थाना/चौकी में लंबित अपराध/मर्ग/शिकायत/गुम इंसान/ लंबित वारंट/ 173(8) जाफौ/लंबित माल की थानावार जानकारी ली जाकर समीक्षा किया गया। लंबित मामलो का राजपत्रित अधिकारियो के सुपरविजन में शीघ्र निराकरण करने निर्देशित किया गया। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध को एक अभियान चलाकर यथाशीघ्र निराकरण करने, स्थाई और गिरफ्तारी वारंटी की पतासाजी कर यथाशीघ्र तामील करने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा पर लगाम लगाने हेतु लघु अधिनियम के तहत अधिकाधि कार्यवाही करने, धारा 107, 116 (3), 109, 110 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने, थानो में पंजीबद्ध चिटफंड कंपनी के विरूद्ध अपराध का जल्द से जल्द निकाल करने, बाहरी लोगों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने, जमीन संबंधी विवाद/शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को पत्राचार कर वैधानिक कार्यवाही कर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को सोशल मीडिया पर सतत् निगाह रखने, सोशल मीडिया पर यदि कोई झूठी अफवाह फैलाने वाली पोस्ट/ऑडियों/विडियो प्रसारित होने पर उसका खण्डन कर झूठी अफ्वाह फैलाने वालों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर ाईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने, ऑनलाईन फ्यनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, चिटफ्ण्ड कंपनियों द्वारा आम जनता ठगी का शिकार न हों, इसके लिए हर स्तर के अधिकारी को पूरी सतर्कता बरतने, राजपत्रित अधिकारियो एवं थाना/चौकी प्रभारियो को अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस जनदर्शन का आयोजन कर आमजनो की समस्याओं/ शिकायतो को ध्यान से सुनकर उचित कार्यवाही करने, थाना में रिपोर्ट करने आये महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा थाना/चौकी क्षेत्रों में अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा ऐप का प्रचार ङ्ग प्रसार कर ऐप डाउनलोड कराने एवं नागरिकों में ट्रैफिक्र सेंस विकसित करने जागरूकता अभियान चलाने निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, प्रशिक्षु आईपीएस पूजा कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा एवं समस्त थाना/चौकी प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, अंबर सिंह भारद्धाज, अजय कुमार सिन्हा, अंजोर दास चतुवेदी, पुष्पेन्द्र भट्ट, उप निरीक्षक नासिर खान, रंजित प्रताप सिंह, बी. आर. ठाकुर, ढाल सिंह साहू, सुरेश कश्यप, अंजोर साहू, राकेश साहू, टी.आर. कोसिमा, महिला उप निरीक्षक नीता राजपूत, सउनि संतोष ध्रुर्वे, शंकर लाल सोनवानी, रेशम लाल भास्कर, मोहन साहू, जहिर खान, एसपी स्टेनो अजय कुमार देवांगन, प्रभारी मुख्य लिपिक प्रदीप देशमुख, शिकायत शाखा लुमेश देवांगन, एसपी रीडर विनोद शर्मा, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, पवन सिंह, घनश्याम साहू, आरक्षक अखिलेश क्षत्री सहित पुलिस के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कस्तूरबा गांधी आश्रम की बालिकाओं को मिल रहा है जूडो कराटे का प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल नगर में संचालित कस्तूरबा गांधी शासकीय बालिका आश्रम में समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें बालिकाओं को विभिन्न विधाओं के साथ साथ जूडो कराटे का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आश्रम की अधीक्षका किरण नेताम के निर्देशानुसार कोंडागांव कराटे संघ के जिला प्रशिक्षक राकेश कुमार और कु. नीता बघेल द्वारा दिया जा रहा है। बता दें कि समर कैंप में बच्चियों को आत्मरक्षा करने एवं आत्मनिर्भर रखने के लिए इस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया हैं, आश्रम की 150 बालिकाएं भाग ले रही हैं । इस सम्बंध में आश्रम की अधीक्षिका किरण नेताम ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे सिखाने का उद्देश्य उन्हें विषम परिस्थितियों का सामना करना सीखना है, ताकि वो निडर होकर अपनी आत्मरक्षा कर सके। प्रशिक्षण उपरांत बालिकायें कराते की स्कूली खेलकूद तथा ओपन प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगी। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर यहां कराटे शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# बालोद जिले में बारहवीं का 73.96 और दसवीं का 67.75 फीसदी रहा परिणाम, बारहवीं में 1 हजार 113 विद्यार्थी हुए फेल तो वही 1 हजार 600 से अधिक पूरक

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी किए हैं। 12वीं में जहां झलमला के रितेश साहू ने टॉप टेन में जगह बनाई है, तो वही जिले के परिणाम काफी चौकाने वाला है। बारहवीं में इस बार 1 हजार 113 विद्यार्थी फेल हुए है तो वही 1 हजार 626 विद्यार्थी पूरक आए हैं। वही दसवीं में 756 विद्यार्थी पूरक आये हैं। जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी अनुसार बारहवीं में 4 हजार 592 बालक एवं 5 हजार 932 बालिका कुल 10 हजार 524 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 2 हजार 392 विद्यार्थी प्रथम, 4 हजार 826 विद्यार्थी द्वितीय एवं 564 विद्यार्थी तृतीय स्थान पर हैं। 7 हजार 782 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वही 1 हजार 626 विद्यार्थी पूरक तो 1 हजार 113 विद्यार्थी फेल हुए हैं। जिससे बारहवीं का 73.96 प्रतिशत परिणाम रहा। उसी प्रकार दसवीं की परीक्षा में 5 हजार 842 बालक एवं 6 हजार 305 बालिका यानी कि कुल 12 हजार 147 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें 3 हजार 775 प्रथम, 3 हजार 736 द्वितीय एवं 716 विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। जिसमें 2 उत्तीर्ण श्रेणी में रहे। 756 विद्यार्थी पूरक आये हैं। जिले में दसवीं का 67.75 प्रतिशत परिणाम रहा।

> कोरोना के चलते बच्चो के पढ़ने लिखने की प्रवृत्ति पर रोक आया है, और ऐसा परिणाम बालोद जिले का ही नहीं अन्य जिलों का भी है, इसे आने वाले शिक्षा सत्र में सुधारने का प्रयास किया जायेगा।
>
> **प्रवास बघेल,** डीईओ

# केशकाल की हर्षिका और साक्षी ने राज्य टॉप 10 में बनाई जगह, क्षेत्र को किया गौरावान्वित

पायनियर संवाददाता ◀ केशकाल
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें कोंडागांव जिले के केशकाल से दो बालिकाओं ने टॉप 10 में स्थान बनाया है। जिसमें कु. हर्षिका चौरड़िया ने 98त्न अंक प्राप्त कर प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा कु. साक्षी चौरड़िया ने 96.83 अंक प्राप्त कर कर प्रदेश में दसवां स्थान हासिल किया है। दोनों ही बालिकाएं गिरीदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्राएं हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने से दोनों बालिकाओं के घर आसपास के लोग शुभकामनाएं देने पहुंच रहे हैं, वहीं समूचे नगर में हर्ष का माहौल बना हुआ है।

**मैंने जीवन मे कभी नकल करके पढाई नहीं की- हर्षिका**

इस सम्बंध में पायनियर प्रतिनिधि ने बातचीत करते हुए 98% अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली हर्षिका चौरड़िया ने बताया कि शुरुआत से ही मेरे माता-पिता और पूरा परिवार मुझे पढाई को लेकर प्रोत्साहित करते रहे हैं। कोरोनाकाल के दौरान स्कूल बंद थे ऐसे मे हमने ऑनलाइन पढाई के माध्यम से अपना कोर्स पूरा किया। इस दौरान बहुत से लोग परीक्षा के समय नकल करते थे लेकिन मेरे मन मे कभी नकल करने का ख्याल नहीं आया। साथ ही स्कूल बंद होने के बाद भी हमारे सभी टीचर्स हमेशा पढाई में हमारी मदद करते थे। इसी का परिणाम है कि आज मुझे प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है, मैं काफी खुश हूँ।

**स्कूल बंद होने के कारण सेल्फ स्टडी पर दिया अधिक ध्यान- साक्षी**

वहीं 96.83% अंको के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली कु. साक्षी चौरड़िया ने पायनियर प्रतिनिधि से बताया कि कोरोना काल स्कूल बंद होने के कारण हमारी पढाई काफी प्रभावित हुई थी, लेकिन मैंने सेल्फ स्टडी कर अपना सिलेबस कवर कर लिया था। मैं अपने पूरे परिवार खास तौर पर अपने माता पिता को इसका श्रेय देते हुए धन्यवाद देना चाहती हूं जिनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन की बदौलत मुझे आज टॉप 10 में आने का सौभाग्य मिला है।

# 16 को प्रदेश सरकार के खिलाफ भाजपा का जेल भरो आंदोलन



**कोण्डागांव।** प्रदेश में आंदोलन, प्रदर्शन, धरना पर रोक लगाने वाले सर्कुलर को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए कोंडागांव भाजपा द्वारा 16मई को हजारों की संख्या में कलेक्ट्रेट का घेराव करते हुए जिले भर के कार्यकर्ताओं के माध्यम से जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम एनसीसी ग्राउंड कोंडागांव से प्रारंभ होकर गिरफ्तारी स्थल तक आयोजित होगा। इस संबंध में एक महत्त्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय अटल सदन में आहूत की गई जहा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य लता उसेंडी ने कहा कि भूपेश सरकार ने इमरजेंसी जैसे हालात दुबारा पैदा कर दिए है। यह लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है। राजनैतिक व गैर राजनैतिक संगठनों के पास अपनी बात रखने का एक माध्यम आंदोलन भी होता है। बैठक के दौरान कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तारक योजना पर भी चर्चा हुई । इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज जैन, जितेंद्र सुराना, जसकेतु उसेंडी, दयाराम पटेल, ललित देवांगन, कुलवंत सिंह चहल, नागेश देवांगन, सनिल भंसाली, गामा जायसवाल, प्रतोष त्रिपाठी, विक्की रवानी, देवेंद्र मौर्य, पोल्टु चौधरी सहित पार्षदगणों के साथ अन्य मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## धुर नक्सलगढ़ गोण्डाहुर की छात्रा सोनाली बाला ने 592 अंकों के साथ टॉप किया

**पखांजुर।** दसवीं बोर्ड के नतीजे आज आ गए हैं। कांकेर के धुर नक्सलगढ़ गोण्डाहुर की छात्रा सोनाली बाला ने 592 अंकों के साथ संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। सोनाली गोण्डाहुर के शासकीय स्कूल की छात्रा है। सोनाली ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अंदरूनी इलाका होने के कारण पढ़ाई में कई तरह की दिक्कतें आती थीं, ये ऐसा इलाका है जहां बिजली कभी भी गुल हो जाती है, ऐसे में पढ़ाई में भी खासी दिक्कतें आती थीं, सोनाली ने बताया कि उसके माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, तब जाकर उन्हें यह मुकाम मिला है। सोनाली 11वीं में बायोलॉजी लेकर पढ़ाई करना चाहती है। साथ ही डॉक्टर बनकर अपने पिछड़े हुए क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहती हैं।

## सुरही पाठ ग्राम उत्थान समिति जेपरा के अध्यक्ष, कार्यवाहक अध्यक्ष और मार्गदर्शक ने ग्राम जेपरा और आसपास क्षेत्र के 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत रहे छत्तीसगढ़ मा. शि. मं.द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** सुरही पाठ ग्राम उत्थान समिति जेपरा के अध्यक्ष नारद राम कांगे ,कार्यवाहक अध्यश दीपक राय और मार्गदर्शक हरवंश मिरी ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के नतीजों में ग्राम जेपरा सहित आसपास के ग्रामों के विद्यार्थियों जिन्होंने सफलता हासिल किया है उन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अध्यक्ष ने कहा है कि विद्यार्थियों ने आज 10वीं और 12 वीं उत्तीर्ण कर शिक्षा के। पड़ाव को पार किया है, जो उनकी और उनके परिवार और शिक्षकों के।मेहनत और लगन का परिणाम है। कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक राय ने कहा कि जेपरा शिक्षा हब के नाम से सन 1958 से जाना जाता है जहाँ नदी उस पार क्षेत्र में एक मात्र हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित थी और आज भी है जहाँ के छात्र-छात्राओं ने और आसपास के स्कूल के विद्यार्थियों ने सफ्लता अर्जित कर मान बढ़ाये हैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि वे भविष्य में इसी तरह निरन्तर आगे बढ़ते रहें और अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन करें। मार्गदर्शक हरवंश मिरी ने कहा है कि विद्यार्थियों की सफ्लता के पीछे उनके गुरूजनों और माता-पिता अर्थात परिजनों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, साल भर बच्चे और परिजन के साथ शिक्षक आज के दिन के लिए तैयारी करते हैं और जब उनके तैयारी के अनुकूल परिणाम आता है तोउनके खुशी का ठिकाना नही रहता और आने वाले साल और कड़ी मेहनत करते है।

# नेशनल लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति व सुलह समझौता से प्रकरण हुए निराकृत

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयो में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमे राजीनामा योग्य प्रकरणो में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमन सिंह ने बताया कि प्रकरणो के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमो से उनकी उपस्थिति में निराकृत किए जाने के अतिरिक्त स्पेशल सीटिंग के माध्यम से भी पेटी अफेन्स के प्रकरणो को निराकृत किया गया। इस सिलसिले में न्यायामूर्ति गौतम भादुड़ी कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस सम्पूर्ण लोक अदालत को सफ्ल बनये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलो को निराकृत किए जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इसी तारतम्य में जिला एवं सत्र न्यायलय बालोद एवं व्यवहार न्यायलय स्तर पर डौडीलोहारा, गुंडरदेही में और राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद माननीय डॉ. प्रज्ञा पचौरी के निदेर्शानुसार इस लोक अदालत के लिए कुल 7 खंडपीठ का गठन किया गया। इसमें प्री लिटिगेशन के बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल व राजस्व न्यायालयों में कुल 12 खंडपीठ का गठन किया गया। जिसमे कुल 10 हजार 91 प्रकरण रखे गए। जिसमे 10 हजार 71 प्रकरणो का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। प्री लिटिगेशन के कुल 469 प्रकरणो का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। जिसमे लगभग 29 लाख 9 हजार 375 रूपए राशि का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार न्यायालय में 829 मामलो का निराकरण करते हुए कुल 10 करोड़ 13 लाख 4 हजार 850 रूपये की राशि का अवार्ड पारित किया गया। सुलह एवं समझौते से तलाक छोड़ साथ रहने पर राजी-कुटुंब न्यायालय बालोद में ग्राम नाहंदा निवासी ईश्वर पटेल वि. ईशा पटेल का धारा-09 हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत तलाक का प्रकरण वर्ष 2020 से चल रहा है।

# सुरेशपुर में जंगल से भटककर कुंए में गिरा हिरण, वन विभाग ने सफल रेस्क्यू कर निकाला

पायनियर संवाददाता ◀ पत्थलगांव
www.dailypioneer.com



पत्थलगांव थाना क्षेत्र के सुरेशपुर में जंगल से भटककर एक हिरण गांव पहुंच गया। भागते-भागते हिरण एक एक 25 फिट गहरे कुआं में गिर गया। शनिवार की सुबह जब स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी हुई तो मामले की सूचना वन विभाग की टीम को दी। मिली जानकारी के अनुसार सुरेशपुर गांव निवासी मनोज कुमार पिता भरत प्रसाद के कुँए में हिरन गिर गया था। सुबह जब किसी ने कुँए में गिरे हिरन को देखा तो निकालने की कोशिश की । लेकिन वें असफ्ल रहे। जिसके बाद वन अमला को सूचना दी गई जहां मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहायता से कमिज़्यों ने हिरन को कुआं से सफ्ल रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया । हिरण को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट गई। वन विभाग के अनुसार हिरन को मुंह एवं गले मे हल्के चोटें आई है । जहां वन विभाग की टीम ने हिरन को पत्थलगांव लाया है। जहां उसे पशु चिकित्सालय पत्थलगांव में मेडिकल उपचार के बाद वापस नंदनझरिया जंगल में ले जाकर छोड़ दिया। बताया जाता है कि हिरण ने जगंली क्षेत्र से भागने के क्रम में सुरेशपुर पहुंच गया था । जहाँ एक घर के निकट स्थित कुएं में हिरण भागने के क्रम में गिर गया। उसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंच गए थे। जहां स्थानीय लोगों की सहायता से हिरण को सुरक्षित कुआं से निकालकर वन विभाग की टीम अपने साथ ले गई। इसके बाद मेडिकल टीम द्वारा हिरण के स्वास्थ्य की जांच कराई गई।जिसके बाद उसे नंदनझरिया के जंगल मे छोड़ दिया । वन विभाग कहना है कि कई बार गमीज़ बढ़ने के साथ ही पेयजल संकट और झुंड से भटकने से हिरण व अन्य जंगली जानवर इधर-उधर भटक जाते हैं। हिरण को सुरक्षित बरामद कर जंगल में छोड़ दिया जायेगा। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग सराहनीय है।

# एसपी बेमेतरा ने ली रक्षित केन्द्र में पुलिस जवानों का जनरल परेड

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड़ ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधि./कर्म. के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। एसपी महोदय द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। परेड़ में अच्छी गणवेश धारण करने वाले अधि./कर्म. को पुरस्कृत भी किया गया। एसपी ने परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। साथ ही प्रति-दिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य एक्टिविटी करने को कहा। जनरल परेड़ के दौरान पुलिस अधीक्षक के साथ ही साथ अति. पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, रक्षित निरीक्षक सोनू वर्मा एवं निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, अंबर सिंह भारद्धाज, पुष्पेन्द्र भट्ट, उप निरीक्षक नासिर खान, बीनू ठाकुर, ढाल सिंह साहू, तुलसी राम कोसिमा, राकेश साहू, सउनि विनोद शर्मा, राजेश ठाकुर, शंकर लाल सोनवानी, मातवर सिंह, अम्रेन्द्र सिंह एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में सरिक हुये।

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **चिल्फी** के समस्त आश्रिम ग्राम **चिल्फी** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम**-चिल्फी, **आवेदक का नाम**- 1.कोमल दास, 2. कोमल दास, **हितग्राही का नाम**- 1. शिवानी, 2. काजल, **आनलाईन आवेदन क्रमांक**-0705012214002823, 0705012214002824, **जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है**-1.पनिका, 2.पनिका।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 30/05/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 14/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 14/05/2022
पेशी दिनांक - 30/05/2022

मुहर

**नायब/तहसीलदार**
**बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग-भानुप्रतापुर**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

निविदा विज्ञप्ति क्र./3/व.ले.लि./2022-23/व.ले.लि. दिनांक 11/05/2022

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग भानुप्रतापुर के कार्यालय में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग के द्वारा भवन कार्य हेतु नीचे दर्शाये गए दर अनुसूची के अनुसार प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत के आधार पर पंजीकृत पावती युक्त या स्पीड से आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23.05.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 30.05.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 31.05.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| T0011 | अंतागढ़ के यात्री प्रतिक्षालय निर्माण एवं राजीव गांधी चौक सौन्यींकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 4.00 |
| T0012 | पखांजूर अनुविभाग के रेस्ट हाउस नं.-02 में वार्षिक मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 6.91 |
| T0013 | भानुप्रतापपुर अनुविभाग के रेस्ट हाउस का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण | 10.00 |
| T0014 | अंतागढ़ अनुविभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री सप्लाई का कार्य। द्वितीय आमंत्रण | 3.00 |

**नोट :-** निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender अंतर्गत उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

G- 91158/3

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग भानुप्रतापपुर**

# तालाब में दुर्लभ सांप की मौजूदगी से हड़कंप, वायरल हो रही तस्वीर

## कुछ दिनों पहले एक युवक की मौत की वजह भी यही मानी जा रही

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के लखोली इलाके में मौजूद निजी तालाब में हरे रंग का दुर्लभ सांप देखे जाने के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। इस सांप की तस्वीरें सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही है। तस्वीर में हरे पत्तों के बीच इस सांप की मौजूदगी भांप पाना बेहद मुश्किल है। गौरतलब है कि क्षेत्र के बड़ी आबादी निस्तारी के लिए इस तालाब का इस्तेमाल करती है। हरे रंग के दुर्लभ सांप की तालाब में मौजूदगी की खबर मिलते ही निगम अमला भी सक्रिय हो गया। वार्ड 35 के पार्षद भागचंद साहू ने बताया कि शीतला तालाब में यह सांप देखा गया है। एक युवक ने उन्हें तस्वीरें भेजी और इसकी जानकारी दी। यह तालाब लगभग पांच एकड़ में फैला हुआ है। तालाब के दोनों ओर महिला पुरुष घाट बने हुए हैं। इसमें एक बड़े हिस्से में कमल फूल फैला हुआ है जिससे ढेस (कमलककड़ी) का उत्पादन होता है। यह कई परिवारों के आजीविका का सहारा भी है।



### सांप के काटने से मौत का दावा

पार्षद साहू ने कहा कि, यह दुर्लभ सांप क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ा खतरा है। यहां अक्सर छोटे बच्चे तालाब में सुबह उतर कर ढेस निकाल कर बाजार में बेचते हैं और त्यौहार का मौसम आने पर यहीं से कमल फूल निकालकर बाचार में बेचते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले कुछ युवक तालाब में उतरे तो उन्हे कोई चीज़ चुभी। युवक ने और उसके परिवार ने भी इसे नज़र अंदाज किया और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। मौत के बाद उसका शव हरा पड़ गया था। उन्होंने कहा कि, आशंका है कि यह दुर्घटना सांप के काटने से ही हुई थी।

### निजी है तालाब, अब सफाई की कवायद

लखोली स्थित यह तालाब निजी है। जिनका ये तालाब है वे तालाब की सफाई और इससे जुड़े खतरे को नज़रअंदाज कर रहे हैं। पार्षद व एमआईसी सदस्य भागचंद साहू के साथ वार्ड के सतीश उईके, मीरा साहू, दुलार साहू, धर्मेंद्र यादव, राजू साहू ने तालाब के मालिक से बात की जो बेनतीजा रही। इधर, महापौर ने यहां का निरीक्षण करने के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## वृहद स्तर पर 16 मई को भाजपा का जेल भरो आंदोलन होगा

**राजनांदगांव।** भूपेश सरकार द्वारा आंदोलन की अनुमति पर बनाए गए 19 अलोकतांत्रिक नियमों के खिलाफ भाजपा ने युद्ध स्तर पर मोर्चा खोलते हुए 16 मई को प्रदेश स्तर पर जेल भरो आंदोलन का शंखनाद किया है। जिला स्तर पर होने वाले इस प्रदर्शन में भाजपा ने मंडल स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को बैठकों के माध्यम से सजग करने के बाद अब जेल भरो आंदोलन के लिए वृहद स्तर पर विरोध प्रदर्शन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। उक्त आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, लीलाराम भोजवानी, अशोक शर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के अलावा भाजपा के सभी पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, वर्तमान एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वर्तमान एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य सहित सभी मंडल स्तर के कार्यकर्ता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण, मोर्चा एवम प्रकोष्ठो के कार्यकर्ता तथा बूथ स्तर के सक्रिय कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने बताया कि 16 मई सोमवार को महावीर चौक के पास स्थित और ओवर ब्रिज के नीचे दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यकर्ता एकत्र होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंकेंगे और शाम 4 बजे अपनी गिरफ्तारियां देंगे।

# एसपी, ओएसडी ने की नशे की खिलाफत कहा - लोगों में जागरूकता लाना जरूरी

## गंडई में हुआ निज़ात कार्यक्रम का आयोजन




पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

बीते दिनों नगर के विश्राम गृह में निजात कार्यक्रम का आयोजन गंडई पुलिस द्वारा किया गया। गंडई पुलिस और व्यापारी संघ ने सभी अथितियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अथिति एसपी संतोष सिंह, खैरागढ़ जिला के दोनों ओएसडी जगदीश सोनकर व अंकिता शर्मा, नारी शक्ति की मसीहा फुलबासन बाई यादव, खैरागढ़ विधानसभा के नव निर्वाचित विधायक यशोदा वर्मा, नीलाम्बर वर्मा, सीएससी गंडई से प्रशान्त सोनी, निकाय के सीएमओ प्रमोद शुक्ला, नगर अध्यक्ष चेतन देवांगन, नगर के पूर्व ज़मीदार लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, और ब्रह्म कुमारीज संस्थान से दामिनी दीदी रहे। अतिथितों ने नशा से होने वाली नुकसान और बचाव की जानकारी बारी- बारी से दी। साथ ही ब्रम्हा कुमारीज संस्थान की ओर से नशा से सम्बंधित नाटिका का मंचन किया गया। एसपी सिंह ने बताया कि उनके राजनांदगांव में पदस्थापना होने से अब तक मे लगभग एक हज़ार लोगों पर कार्यवाही की गई है। सिंह का यह भी कहना है कि सिर्फ जेल भेज देने मात्र से समाज को सही दिशा नही मिल सकती। लोगों में जागरूकता लाना जरूरी है। इसी सोंच को लेकर निज़ात का आयोजन जिले के सभी थानों के गांवों में किया जा रहा है।

खैरागढ़ की विधायक यशोदा वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज गांवो में सिर्फ पुरुष ही नहीं औरते और बच्चे भी नशा में चूर हो रहे हैं। इस तरह की कार्यक्रम जहां भी होगी उसमे सहभागिता देने की बात की। खैरागढ़ जिले की ओएसडी अंकिता शर्मा का कहना है की दृढ़ इच्छाशक्ति से ही नशे से निज़ात मिल सकती है। ऐसा कोई संकल्प नही है जिसे हम पूरा नहीं कर सकते।

कार्यक्रम के दौरान गंडई एसडीओपी प्रशांत खांडे, थाना प्रभारी सनत सोनवानी, एसआई दिनेश पुरैना, मानिक सिन्हा, रामनरेश यादव, प्रधान आरक्षण रधुनाथ सिंह, उमेश बंजारे व स्टॉफ, सुरेंद्र जायसवाल, दिलीप ओगरे, हबीब खान, सूरज नामदेव, अनिल अग्रवाल, ज्ञान चंद जैन, भिगेश यादव, लियाकत अली, किशुन मिर्चे, उषा रात्रे, गौतम चंद जैन, डॉ. पीसी लाल यादव, द्वारिका यादव, विक्की टण्डन, राकेश जायसवाल, कन्हैया कुर्रे, अमित टंडन, महिला समूह की नारी शक्ति सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# 16 को जेल भरो आंदोलन की तैयारी, बैठक में गरजे भाजपा नेता

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com




मंडल भाजपा छुरिया में कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक बुलाकर महामंत्री सचिन बघेल ने नेताओं-कार्यकर्ताओं से जेल भरो आंदोलन में पूरी ताकत लगाने की बात कही। उन्होंने यहां अपने संबोधन में कहा कि 16 मई को प्रदेश भाजपा के आव्हान पर सभी जिलों में राज्य सरकार के दामन कारी नीति को लेकर जिला भाजपा के नेतृत्व में एक दिवसीय जेल भरो आन्दोलन में आप सभी को पूरी ताकत लगा देनी है। हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुटना है और कांग्रेस सरकार को असलियत दिखानी है। उन्होंने कहा कि किसानों की प्रधानमंत्री फसल बीमा के विषय को लेकर सफल प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हमे प्रदेश में बैठी कांग्रेस सरकार के विरोध में आवाज बुलंद करने की आवश्कता है। बैठक को चंद्रिका डडसेना ने भी संबोधित किया। इस दौरान एमडी ठाकुर, रविन्द्र वैष्णव, आत्मा राम चंद्रवंशी, किरण वैष्णव, ललिता कंवर, घासी साहू, रोमी भाटिया, भुनेश्वर साहू भी मौजूद रहे और अपनी बात रखी। बैठक में मनीष जैन, माया राम साहू, सलमान खान ,हिरेंद्र साहू, मनभावन ऊइके, अमीर खान, चुरामन साहू, मद्मभूषण साहू ,धन्ना यादव, किरण साहू, मुन्नी मांडवी, उत्तरा निषाद, भारती रजक पार्षद लक्ष्मी यादव, कुंदन बडोले, हेतराम साहू ,अश्वन बोदेलकर ,परमानंद कुंजाम ,राजा राम साहू, अशोक मालेकर ,सोनू कसेर, कामता साहू, राजेश्वर धुर्वे, ईश्वर साहू ,यादव दास वैष्णव, मनोज साहू, प्रेम मांडवी सोहन साहू, माणिक चंद्रवंशी, सुकृत साहू , टीकम साहू ,फागू साहू योगेश्वर पटेल, अशोक सेन, दुर्योधन साहू ,नितीश सिन्हा, भगत चंद्रवंशी साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डोंगरगढ़ इलाके के 64 गांव फसल बीमा से वंचित

- पात्र किसानों को भी अब तक नहीं मिला लाभ : हेमलाल वर्मा

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हेमलाल वर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते 2022 मार्च तक पात्र किसानों को मिलने वाली खरीफ फसल बीमा राशि से आज तक किसान वंचित हैं। वर्मा ने बताया कि डोंगरगढ़ ब्लाक में लगभग 64 गांव के किसानों को धान का बीमा राशि मिलना है।

उन्होंने कहा कि कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा फसल कटाई प्रयोग किया जाता है। जिसमें सिंचित असिंचित का दो-दो क्राप कटिंग विभाग द्वारा किया जाता है। फसल के वजन के हिसाब से औसत गणना निकाली जाती है। इसमें किस गांव को कितनी राशि मिलना है और किस गांव नहीं मिलना है, तय होता है। जिस गांव को फसल बीमा का राशि मिलना है उसे वित्तिय वर्ष मतलब अंतिम मार्च तक मिल जाना चाहिए था। परन्तु शासन प्रशासन के सुस्त रवैया के चलते अभी तक किसान अपने फसल बीमा राशि के लिए भटक रहे हैं।

बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ ब्लाक के अंतर्गत भानपुरी, बिजनापुर,बोरतलाव, छिंदिजोब, केसली,चारभांठा, छीपा, डोढ़की, चिद्दो, खरखाटोला, आलिवारा, बागनदी, बोदालदंड, बागरेकसा, पनियाजोब, आलेदंड, बजरंगीडीह, भगवानटोला, बोरतलाव, भैंसरा, कटली, भंडारपुर, कुसमी, माड़ीतरई, बरमपुर, मेंढ़ा, मोहनपुर मोतीपुर, मुढ़िया, तेंदुभांठा, मुसराकला, मुसराखुर्द, छिरपानी, डोंगरगढ़, कसारी, ठेकवा, कातलवाही, कोठीटोला, मकरनपुर, खुड़मुड़ी, मेरेगांव, खुबाटोला, गाड़ाभांवर, नवागांव, छोटेकुसमी, धनडोंगरी, डुंडेरा, गोविंदपुर, जामरी, कलकसा, लतमरा, लोहझरी, रूवातला, जारवाही, सलटिकरी, बाकलेड़ी, सितागोटा, दिवानटोला, खैरबना, टाटेकसा, ठाकुरटोला को., माटेकटा, पिपरखार कला, उरईडबरी इन सभी 64 गांव के किसानों को सिंचित एवं असिंचित के हिसाब से खरीफ फसल बीमा राशि मिलना है।

# विवाद पर प्रशासन का दावा, प्रवेश प्रक्रिया नियमानुसार

**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया में धांधली और गड़बड़ियों के मामले पर जिला प्रशासन की ओर से सफाई आई है। इसमें दावा किया गया है कि स्कूल में प्रवेश नियमानुसार ही हो रहे हैं। कहा गया कि शासन के निर्देशानुसार प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय राजनांदगांव में कक्षा पहली के प्रवेश की कार्रवाई की गई। प्रवेश प्रक्रिया में 1 हजार 83 आवेदन प्राप्त होने की बात कही गई है। बताया गया कि 567 आवेदन निरस्त हुए तथा स्कुटनी के पश्चात 516 बच्चों को लाटरी के माध्यम से कुल 50 का चयन किया गया, जिन्हें निःशुल्क शिक्षा का लाभ दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से जारी जानकारी में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार राज्य स्तर से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय हेतु निर्धारित कुल 50 सीटों पर कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बालक-बालिका की आयु सीमा साढ़े 5 वर्ष से साढ़े 6 वर्ष निर्धारित है। प्रदेश में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षा के अधिकार के 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिए गए नियम लागू नहीं होते। बल्कि प्रदेश में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक शत-प्रतिशत बच्चों को निःशुल्क शिक्षण का लाभ दिए जाने के लिए शत प्रतिशत सीटों पर नियमानुसार प्रवेश दिया जा रहा है।

# टीम चयन के लिए डोंगरगढ़ में खेला गया 2 दिवसीय मैच



पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित होने वाले अंडर 23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के लिए डीसीए राजनादगांव टीम के लिए चयन मैच डोंगरगढ़ में खेला गया। 2 दिवासीय मैच में टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 221 रन बनाए जिसमे देवराज साहू ने 61 रन बनाए और गेंदबाजी में हर्ष लहरवानी ने 4, नीरज यादव और अरिन द्विवेदी ने 2-2 विकेट लिए। इसके जवाब में टीम बी ने 5 विकेट खोकर 244 रन बनाये, जिसमे अरिन द्विवेदी ने शानदार 91 रन, यशवंत साहू 45 और सुजल मुंडेल ने 74 रन बना कर नाबाद रहे। अर्शवीर सिंह ने 2 विकेट, देवराज साहू, नमन अग्रवाल और वैभव अग्रवाल को 1-1 विकेट। इस योजना में जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष योगेश बागड़ी व अन्य ने सहयोग और मार्गदर्शन किया। राजनांदगांव के खिलाड़ी एवं कोच विवेक तिवारी ने डोंगरगढ़ के मैदान और टर्फ पिच की तारिफ की।

# साल्हे अग्निकांड पीड़ितों से मिलने पहुंचीं खुज्जी विधायक , कहा पूरा क्षेत्र मेरा परिवार

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधानसभा के छुरिया ब्लॉक के आश्रित ग्राम साल्हे में बीते दिनों हुए अग्निकांड के पीड़ितों से मिलने गुरूवार को क्षेत्र की विधायक छन्नी चंदू साहू पहुंचीं । चूँकि घटना के दिन विधायक छन्नी साहू निजी कार्य से कहीं बाहर थीं इसलिए उन्होंने खबर मिलते ही अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से सभी पीड़ित परिवारों के लिए कपडे व् रसोई के सामान की व्यवस्था तत्काल क्र दी थी और वापस आने के बाद वो पीड़ितों से मिलने पहुंचीं । ग्राम साल्हे में लगी आग से कुल सोलह परिवार प्रभावित हुए थे जिसमे से आठ पूरी तरह जल गए थे व् आठ परिवारों को आंशिक नुकसान हुआ था । पीड़ितों से मिलने पहुंची खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि क्षेत्र का हर व्यक्ति उनके परिवार का सदस्य है और वो हर सुख दुःख में उनके साथ खड़ी हैं। पीड़ित परिवारों ने विधायक से शीघ्र ही मकान निर्माण की बात कही जिस पर छन्नी साहू ने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही इस विषय पर मुख्यमंत्री जी से बात करेंगी और मकान बनवाने के लिए राशि स्वीकृत कराने का प्रयास करेंगी । इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि मिथलेश ठाकुर, महिला ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अंजली घावड़े,सरपंच प्रताप धावड़े, सरपंच सूरजु पटेल, नरेंद्र निर्मलकर, अंगद साहू, ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मेश्राम एवं पीड़ित परिवार के सदस्यगण के साथ साथ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भूमिपूजन प्रभा साहू और नरेन्द्र वर्मा ने किया

# अंडी तालाब में स्नान के लिए निर्मला घाट बनाने राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता < डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत अंडी में शिकारी तालाब और गधा तालाब में ग्रामीणों की मांग पर पचरी निर्माण हेतु राशि स्वीकृत की गई है। इस निर्माण के लिए शनिवार को भूमि पूजन जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू एवं डोंगरगढ़ जनपद के उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा के द्वारा किया गया। साथ में ग्राम पंचायत अंडी के सरपंच जसबीर सिंह चौहान और पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ गांव के विकास के बारे में चर्चा किया गया।

गांव में पेयजल की उपलब्धता, गांव में स्वच्छता के तहत साफ सफाई पर ध्यान देने और सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण जैसे गांव की अन्य समस्याओं से जिला पंचायत सदस्य अवगत हुई और धीरे-धीरे गांव के विकास में अपनी सहभागिता निभाने हेतु कहा। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, सरपंच जसवीर सिंह चौहान, पंच कमलेश्वरी तिवारी, कैलाश बाई, खगेश तिवारी, विजय वर्मा, शिव धुर्वे, संभु निषाद, जयलु ठाकुर, प्रहलाद वर्मा, गुलाब निषाद, नीलकंठ, रामबेलास, मंटोरा बाई, दुर्गा चंद्रवंशी, फूलमा बाई, खेमिन बाई, कुंती बाई, बैसाखीन, पंचबती, यसोदा, शांति बाई, अंजलि एवम बड़ी संख्या में गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# 12वीं में जिले से सिर्फ एक टॉपर, 10वीं में 6




पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं-12वीं बोर्ड के नतीजों में देहात क्षेत्र की छात्राओं ने टॉप-10 में जगह बनाई है। 10वीं बोर्ड में खैरझिटी के सरकारी स्कूल की छात्रा दामिनी वर्मा ने 98.17 फीसदी अंक लेकर प्रदेश में दूसरा स्थान बनाया है। वहीं 12वीं कक्षा में साल्हेकला की सरकारी स्कूल की छात्रा अंजू ने 92.80 फीसदी अंक लेकर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। 12वीं बोर्ड में साल्हेकला गांव की सरकारी स्कूल की अंजू ने 464 अंक के साथ 92.80 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह 10वीं बोर्ड में खैरझिटी सरकारी स्कूल दामिनी वर्मा ने 589 अंक के साथ 98.17 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में दूसरा स्थान बनाया है। वहीं झिथराटोला के कृष यादव ने 588 अंक के साथ 98 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में तीसरा व चिखली सरकारी स्कूल की शीतल ने 584 अंक के साथ 97 प्रतिशत लेकर प्रदेश में सातवां स्थान पाया है। डोगेश्वर साहू ने 582 अंक के साथ 97 प्रतिशत, अर्जुनी स्कूल की वैशाली साहू 582 अंक के साथ 97 प्रतिशत और वेसलियन हिन्दी मीडियम स्कूल राजनांदगांव की मुस्कान गजभिये ने भी 582 अंक लेकर 97 प्रतिशत के साथ प्रदेश में नौंवा स्थान प्राप्त किया है।----

# 10वीं,12 वीं बोर्ड परीक्षा में बिलासपुर के जय प्रकाश और खुशबू ने मेरिट में स्थान बनाया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com





माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा शनिवार को घोषित किए गए बोर्ड परिणाम के जारी होने के बाद बिलासपुर के 2 विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में मेरिट लिस्ट स्थान बनाया है ।इन उपलब्धि के बाद दोनों ही विद्यार्थियों के लिए यह पल खुशियों से परिपूर्ण था लिहाजा इस पल को उन्होंने अपने परिवार के साथ खुशियों के बीच मनाया। हायर सेकंडरी की परीक्षा में शहर से मेरिट लिस्ट पर स्थान बनाने वाली छात्रा खुशबू वाधवानी को लगभग 96प्रतिशत अंक मिले हैं सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल तार बहार की छात्रा खुशबू वाधवानी शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं तो वहीं बोर्ड परीक्षा के दौरान उन्होंने कड़ी मेहनत के माध्यम से इस सफलता को हासिल किया है इसके लिए उन्होंने स्कूल की शिक्षा के साथ-साथ कोचिंग भी ली जिससे में परीक्षा में बेहतर स्थान हासिल कर सकें ।12वीं में अकाउंट संकाय से शिक्षा ग्रहण कर रही खुशबू वाधवानी अब आ गए यह में अपना करियर तलाश रही है। लिहाजा में बीकॉम के साथ सब सीए की तैयारी जारी रखेंगे जिससे मैं आगे चलकर बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सके। खुशबू की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता भी बेहद खुश हैं और वह खुशबू को शुभकामनाएं देते हुए उसे आगे भी इसी तरह प्रोत्साहित करने की बात कह रहे हैं। निश्चित तौर पर शिक्षा के मेहनत का प्रतिफल इस रूप में सामने आता है तो विद्यार्थी के साथ-साथ परिवार की भी खुशियां इसे जुड़ जाती है और वह क्षण गौरव प्रतीत होता है खुशबू की इस कामयाबी पर परिवार के साथ-साथ उनके रिश्तेदार और भाई बहन भी बेहद उत्साहित है। शनिवार को घोषित हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के हाई स्कूल के परीक्षा परिणामों में शहर के जयप्रकाश कश्यप ने मेरिट स्थान बनाया है जयप्रकाश को लगभग 98त्न अंक हासिल हुए हैं उसलापुर निवासी जयप्रकाश कश्यप बोर्ड परीक्षा के दौरान कड़ी मेहनत और दिनभर पिक्चर में चूहे रहते थे परीक्षा के अंतिम डेढ़ से 2 महीने से जयप्रकाश ने केवल शिक्षा को महत्व दिया जिसका परिणाम उन्हें स्थान के रूप में मिला है यह प्रकाश की कामयाबी पर उनके परिवार भी बेहद उत्साहित हैं हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अब जयप्रकाश आईएएस में अपना भविष्य तलाश रहे हैं लिहाजा 12वीं में विज्ञान संकाय में प्रवेश लेने के साथ-साथ में आईएएस की तैयारी भी करेंगे इस उपलब्धि को जयप्रकाश ने अपने परिवार के द्वारा मिले प्रोत्साहन का प्रतिफल बताया तो वही शिक्ष,कों को भी दे दिया जयप्रकाश कश्यप के पिता पंडरिया के शासकीय कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है।

### मेरिट लिस्ट में बिलासपुर के 8 बच्चे शामिल



नगर विधायक शैलेष पांडेय ने फोन कर दी बधाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया। नगर विधायक शैलेष पांडेय ने मेरिट लिस्ट में बिलासपुर जिले के शामिल 8 बच्चों से फोन में बात कर बधाई दी। कक्षा 10वीं में होली क्रॉस हायर सेकेंडरी स्कूल मंगला के छात्र जयप्रकाश कश्यप ने 98.17प्र के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है।भारत माता हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा हेमांगी हलदर ने 97.67प्र के साथ पांचवा, गुरुकुल विद्या मंदिर के छात्रा समीक्षा देवांगन ने 97.33प्र के साथ सातवां, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र चंद्रकांत श्रीवास ने 97.00प्र के साथ नवां, एमजीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा भूमिका पटेल ने 96.83प्र के साथ दसवां, स्थान प्राप्त किया है। सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा खुशबू वाधवानी ने कक्षा 12वीं की मेरिट लिस्ट में 96.40प्र के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है वही बिलासपुर पब्लिक स्कूल सरकंडा की छात्रा निशा दुबे ने 94.40प्र लाकर 9वां स्थान प्राप्त किया है। गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल तखतपुर की छात्रा मानसी साहू ने 94.20प्र के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया। विधायक शैलेष पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल बोर्ड की कक्षा 10 वीं, 12 वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों और को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। ऐसे विद्यार्थी जो अपनी अपेक्षा अनुरूप परिणाम न ला पाए हो, वे निराश न हो, सकारात्मक ऊर्जा के साथ आप पुनः प्रयास करें।

## कलेक्टर और एसपी ने ग्राम बोड़तरा पहुंचे, गौठान का किया निरीक्षण

### समूह की महिलाओं से चर्चा कर आजीविकामूलक गतिविधियों के लिए किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह विगत दिनों लोरमी विकासखण्ड के ग्राम बोड़तरा पहुंचे और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण व विक्रय, बाड़ी विकास आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने गौठान में कार्यरत मां शीतला स्व सहायता समूह तथा ग्राम की मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह, मां भगवती स्व सहायता समूह, चंचल स्व सहायता समूह और प्राची स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके द्वारा की जा रही आजीविकामूलक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने समूह की महिलाओं को विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाते हुए बेहतर कार्य कर स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने गौठान में उपस्थित ग्रामीणों से भी चर्चा की। चर्चा के दौरान गौठान में विद्युत व्यवस्था नहीं होने पर असंतोष व्यक्त किया और गौठान में अधिक से अधिक गतिविधि के संचालन करने के लिए शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने राशन, पेंशन, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, पेयजल, बिजली, शौचालय, नाली आदि के संबध में जानकारी प्राप्त की और संबंधित समस्याएं को नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक सिंह ने ग्रामीणों से आर्थिक उत्थान के लिए शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की समझाईश दी और अवैध रूप से संचालित गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने की भी बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेनका प्रधान, प्रतिष्ठित नागरिक मायारानी सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कलेक्टर और एसपी ने किया ग्राम लंघवाटोला में स्थित प्राथमिक शाला भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह विगत दिनों लोरमी विकासखण्ड के ग्राम लंघवाटोला पहुंचकर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से निर्मित शासकीय प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां इन केन्द्रों में व्यवस्था देखी और संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने बच्चों की संख्या, शिक्षकों की उपस्थिति, आंगनबाड़ी केन्द्र में हितग्राहियों को नियमित पोषण आहार का वितरण आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पूर्व में निर्मित प्राथमिक शाला भवन के कुछ जीर्ण शीर्ण भाग को डिस्मेंटल कर आंगनबाड़ी केन्द्र को शिफ्ट और शौचालय निर्माण करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने ग्रामीणों से राशन, पेंशन, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक सिंह ने ग्रामीणों से आर्थिक उत्थान के लिए शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की समझाईश दी और अवैध रूप से संचालित गतिविधियों में संलग्न पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने की भी बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेनका प्रधान, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जेबी डीएव्ही स्कूल के बोर्ड परीक्षा के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**सक्ति।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं और 10वीं बोर्ड परीक्षाओं के 14 मई को हुए परिणामों की घोषणा में शक्ति शहर के प्रतिष्ठित जेबी डीएव्ही स्कूल के बच्चों का भी बेहतर प्रदर्शन रहा है, स्थानीय स्कूल जे बीडीएव्ही हायर से स्कूल के 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, 10वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 41 छात्र थे, सब छात्र उतीर्ण हो गए, इस तरह परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, स्वाति अग्रवाल ने सर्वाधिक 92.1प्र. अंक अर्जित किये, निशा गोस्वामी ने 91त्न, 12वी का भी परीक्षा परिमाण 100 प्रतिशत रहा, सभी 19 के 19 छात्र उर्तीण हो गए, सर्वाधिक अंक साक्षी धीवर 87प्र. ने अर्जित किये,परीक्षा परिणाम पर संचालक अनिल दरयानी और प्राचार्या के नागमणि राव ने सब बच्चों और टीचिंग स्टाफ को बधाई दी।

## आंधी, तूफान से 90 फीट ऊंचा विद्युत टावर गिरा 70 गांव अधेरे में सुधार कार्य शुरू हुआ

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



शुक्रवार शाम को आंधी तूफान से कानन पेंडारी में बिजली का 90 फीट ऊंचा ईएचटी (अतिउच्चदाब) टावर गिर गया था इससे रतनपुर,कोटा क्षेत्र समेत लगभग 70 गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली विभाग का अमला तुरंत मौके पर पहुंचकर विद्युत सुधार में जुट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था करके कुछ क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। बिलासपुर के चकरभाठा से कोटा तक 132 किलोवोल्ट की हाईटेंशन लाइन जाती है।कल शाम करीब 6 बजे आए चक्रवात के कारण इसका एक टावर गिर गया, जिसकी ऊंचाई लगभग 90 फीट और 4 टन वजनी था। इसके गिरने से 33 केवी के दर्जनभर विद्युत उपकेंद्रों में सप्लाई बाधित हो गई। जानकारी मिलने पर तुरंत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। मुख्यालय से उच्च अधिकारियों ने तत्काल विद्युत अमले को रात में ही काम शुरू करने के निर्देश दिये। बिलासपुर रीजन के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने बताया कि इससे लगभग 70 गांवो में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो गई है। ट्रांसमिशन कंपनी के अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। भिलाई स्थित कर्मशाला से शनिवार को नया टावर लगाने के लिये सामग्री रवाना की जाएगी। इसके बाद नया टावर खड़ा किया जाएगा। 90 फीट ऊंचा टावर खड़ा करने के पश्चात ईएचटी लाइन जोड़ा जाएगा। स्थल पर अधीक्षण अभियंता एस.के.दुबे, वाय. के.मनहर, आर.के.अग्रवाल कार्यपालन अभियंता अमर चौधरी एवं मिथलेश दुबे भी उपस्थित हैं।

## मदार शाह बाबा के उर्स में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल पहुंचे, चादर चढ़ा प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी



**बिलासपुर।** मदार शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैह पुलि स लाइन के सालाना उर्स पाक के अवसर पर जियारत करने पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल पहुंचे ।इस मौके पर अग्रवाल ने बाबाजी के मजार पर चादर पेश करते हुए प्रदेशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ मांगी अमर अग्रवाल पिछले 25 वर्षों से मदार साह बाबा रहमतुल्लाह अलैह को चादर पेश करते आ रहे है। इस मौके पर अग्रवाल के साथ भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सैयद मकबूल अली प्रवीण दुबे मनीष अग्रवाल सानूल खान अनवरुल क़ादरी साहब, बाबा भाई, नरेश साह, शेख़ निज़ामुद्दीन भुट्टो राज सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज ले लोग शामिल हुए।

## कलेक्टर और एसपी ने ग्राम डिंडौरी में किया विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह विगत दिनों लोरमी विकासखण्ड के ग्राम डिंडौरी पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। और उन्होंने कार्यालयों को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम डिंडौरी में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला भवन, पूर्व माध्यमिक शाला भवन, संकुल श्रोत केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, पशु चिकित्सालय और आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। उन्होंने स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्र में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की उपलब्धता हेतु निर्मित टेपनल की पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और पानी निकासी हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने स्कूलों में बच्चों की संख्या, संधारित पंजी, शौचालय की व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्सालय और आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सकों की उपस्थिति, उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति, कार्यालय खुलने का समय आदि के संबंध में जानकारी ली।

## कलेक्टर और एसपी ने किया हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर साल्हेघोरी व राम्हेपुर एन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह विगत दिनों लोरमी विकासखण्ड के ग्राम साल्हेघोरी व राम्हेपुर एन पहुंचकर वहां संचालित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जाएजा लिया। उन्होंने वहां ओपीडी कक्ष, प्रसव कक्ष, आईपीडी कक्ष आदि का निरीक्षण किया तथा दवाई की उपलब्धता, आवश्यक मेडिकल उपकरण, पेयजल, बिजली, शौचालय आदि की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम साल्हेघोरी में उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु नवीन भवन निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर साल्हेघोरी में ग्राम मनकी के ग्रामीण दिनेश कुमार को पुत्र रत्न एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर राम्हेपुर एन में ग्राम खैराखुर्द के ग्रामीण संजीत टोण्डे को पुत्री रत्न प्राप्त होने पर जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने नवजात बच्चों के पिता से मुलाकात की और उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निरीक्षण के दौरान नवजात बच्चों को बेबी किट उपलब्ध नहीं होने पर अपनी नाराजगी जताई और ब्लाक मेडिकल ऑफिसर से फोन पर बात कर तत्काल बेबी किट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेनका प्रधान उपस्थित थी।

## कलेक्टर ने किया ग्राम हथनीकला का भ्रमण जनचौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा लगातार जिले का भ्रमण कर निर्माण और विकास कार्यो के साथ-साथ नागरिक केन्द्रित सेवाओं का जाएजा लिया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने पथरिया विकासखण्ड के ग्राम हथनीकला में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से राशन, पात्र व्यक्तियो को पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, बिजली, नाली, बी1 का पाठन, राजस्व प्रकरण का निराकरण, फौती, सीमांकन, नामांतरण, स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता, ग्राम के स्व सहायता समूह के महिलाओं द्वारा किए जा रहे आजीविकामूलक गतिविधियों, पटवारी और पंचायत सचिव की मुख्यालय में उपस्थिति आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही राशन, पेंशन से वंचित नहीं होना चाहिए। उन्होंने पेयजल की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्य प्रगति पर है। शीघ्र ही प्रत्येक घरों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने ग्राम में मरम्मत योग्य हैंडपंप को शीघ्र ठीक कराने, मुक्तिधाम में तार फेंसिंग और वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ग्रामसभा की बैठक में शामिल होकर ग्राम की समस्या के संबंध में चर्चा करें और निर्णय लेकर छोटी छोटी समस्याओं का ग्राम स्तर पर निराकरण करें। उन्होंने ग्रामीणों को जल संरक्षण और संवर्धन के लिए भी प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ सिंह ने ग्राम हथनीकला में ही शासकीय उचित मूल्य की दुकान, आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला, सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गौठान में मशरूम उत्पादन और टसर धागाकरण सह प्रशिक्षण इकाई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय उचित मूल्य की दुकान में संधारित पंजी और खाद्यान्न भंडारण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से राशन सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने उचित मूल्य दुकान में राशन सामग्रियों को सुरक्षित रखने नियमित साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के खुलने का समय और हितग्राहियों को पोषण आहार का वितरण की जानकारी ली।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने मारी ट्रेक्टर को पीछे से टक्कर

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद लोगों ने किया सड़क पर चक्का जाम

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चाम्पा
www.dailypioneer.com



स्वयं चलाते चारपारा खेत से धान लेने गया था जिसमे शिवकुमार पटेल एवं गांव के परदेशी केंवट, विनोद केंवट घनश्याम केंवट ,मोटू कुम्हार ,भीतरीगढीया भी धान लोड करने गये थे एवं चारपारा से बम्हनीडीह ट्रेक्टर में धान लोड करके शाम लगभग 07.00 बजे वापस बम्हनीडीह आते समय ट्रेक्टर का डीजल खत्म हो गया गाड़ी एयर ले लिया तो चारपारा मेन रोड में ट्रेक्टर को रोड किनारे खड़ी करके डीजल लेने खपरीडीह पेट्रोल टंकी से आया था डीजल लेकर वापस चारपारा में अपने ट्रेक्टर के पास लगभग 07.20 बजे पहुंचा तो देखा कि हल्का पानी गिर रहा था जिससे बचने के लिए शिवकुमार पटेल एवं काम करने वालो पांचो लेबर ट्रेक्टर के ट्राली के नीचे बैठे थे क्योकि आसपास कोई मकान नही था उसी समय बिर्रा की और से ट्रेलर का चालक काफी तेज गती से चाम्पा की ओर ट्रेलर चलाते आया एवं अपने ट्रेलर को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ट्रैक्टर जो रोड किनारे खड़ी थी को पीछे से ठोकर मारकर दी जिससे ट्राली के निचे बैठे शिवकुमार पटेल एवं उपरोक्त पांचो लेबर को एक्सीडेन्ट से चोंट लगी जिसमे शिव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हे राहगीरों के सहयोग से उपचार हेतु बम्हनीडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया डक्टर द्वारा शिव कुमार पटेल को जांच कर मृत होना बताये एवं उपरोक्त पांचो लेबर को भी चोंट लगी है । ट्रेलर चालक को आने जाने वाले लोगो के सहयोग से पकड़कर पूछताछ करने पर इमरान खान पिता समशेर खान निवासी डाबा थाना घुमका जिला राजनांदगांव बताया। यदि ट्रेलर चालक इमराम खान के खिलाफ बम्हनीडीह पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शव को बीच सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन



शिव कुमार पटेल को जब डाक्टर ने मृत घोषित किया तो परिजन व समाजिक लोगो ने शव को अस्पताल से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने चांपा बिर्रा मुख्य मार्ग पर स्ट्रैचर पर रख कर सड़क पर चक्का जाम कर दिया परिजनो का मुख्य मांग थी की उनको मुआवजा दिया जाये पर पुलिस के समझाने से परीजन मान गये और करीब देढ घंटे तक हुई चक्का जाम को हटाया गया परीजनो को शासन द्वारा 25 हजार रूपए की सहायता राशि देने की बात सामने आई है।

## कलेक्टर और एसपी ने ग्राम डिंडौरी एवं लगरा में बरगद पेड़ के नीचे लगाई चौपाल

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने विगत दिनों लोरमी विकासखण्ड के ग्राम डिंडौरी एवं लगरा पहुंचकर बरगद पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और जमीन पर ग्रामीणों के साथ बैठकर उनसे रूबरू होकर उनकी प्रत्येक समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी। उन्होंने ग्रामीणों से बिजली, पानी, सड़क, नाली, राशन, पेंशन, राजस्व संबंधित प्रकरणों के निराकरण सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की और ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगों पर नियमानुसार त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर डिंडौरी से नवागांव दयाली के बीच रहन नाला में पुल का निर्माण करने के निर्देश दिए। इससे ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी और विद्यार्थी सुगमतापूर्वक स्कूल आ जा सकेंगे। कलेक्टर ने ग्राम डिंडौरी के अटल व्यावसायिक परिसर को व्यवस्थित तथा विद्युत ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने ग्राम लगरा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन प्रतिदिन करने, आवासपारा में निर्मित नाली और सड़क के व्यवस्थित करने, सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित एनीकट में हो रहे लिकेज को दूर करने, आंगनबाड़ी केन्द्र को सामुदायिक भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से नागरिक केन्द्रित सेवाओं की उपलब्धता और पंचायत सचिव और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक सिंह ने ग्रामीणों से आर्थिक उत्थान के लिए शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की समझाईश दी।


# न्याय का नया अध्याय



# तेन्दूपत्ता से बढ़ी आय

- मजदूरी 2500 से बढ़ाकर 4000 रू. प्रति मानक बोरा
- शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना

samvad-32092/2



"आदिवासी अंचल में वनोपज के रूप में तेंदूपत्ता संग्रहण वहां के रहवासियों की आय का एक बहुत बड़ा स्रोत है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा जहां तेंदूपत्ता संग्रहण दर महज 2500 रुपए प्रति मानक बोरा तय की गई थी, उसे हमने बढ़ाकर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है। उससे वनाश्रित भाई-बहनों की आर्थिक स्थिति में आशातीत सुधार आया है। इससे तेंदूपत्ता संग्राहकों को 750 करोड़ रुपए का अतिरिक्त पारिश्रमिक भुगतान किया गया है। "शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना" लागू कर उन्हें योजना की शुरुआत 5 अगस्त 2020 से लेकर अब तक 4 हजार 555 प्रकरणों में 68 करोड़ 43 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।"

**भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403